डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार | 18 अक्टूबर 2025 | वर्ष-32, अंक-05, पृष्ठ-12 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 12, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

धनतेरस की शुभकामनाएं

ॐ नमो भगवते महासुदर्शनाय वासुदेवाय धन्वंतराये:।
अमृतकलश हस्ताय सर्व भयविनाशाय सर्व रोगनिवारणाय।।

## एक नजर

### बॉक्साइट लदे ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत

**लोहरदगा।** लोहरदगा के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के न्यू रोड स्थित वी मार्ट मॉल के समीप बॉक्साइट लदे ट्रक की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। घटना में ट्रक ने युवक को कई फीट तक घसीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हरमू निवासी प्रकाश उरांव के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, स्कूटी सवार युवक अपनी स्कूटी (जेएच 08 जे 1786) से शहर की ओर जा रहा था, तभी तेज रफ्तार बॉक्साइट लदे ट्रक (जेएच 08 ए 3464) ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहरी क्षेत्र में तेज गति से बॉक्साइट लदे ट्रकों का आवागमन होता है, जिसके कारण लगातार सड़क दुर्घटना की घटना देखी जा रही है। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी और ट्रक को जब्त कर सदर थाना ले गई है।

# टीएसपीसी के दो एरिया कमांडर हथियार के साथ किया आत्मसमर्पण

- पुलिस के बढ़ते अभियान से नक्सलियों में मची हलचल, आईजी बोले-मुख्यधारा में लौटें या कार्रवाई के लिए तैयार रहें

**नवीन मेल संवाददाता**




**चतरा।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) को एक और बड़ा झटका लगा है। संगठन के दो एरिया कमांडर कुणाल उर्फ कुलदीप और रोहिणी गंझू ने शुक्रवार को चतरा जिले में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में दोनों नक्सलियों ने बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुनील भास्कर के समक्ष सरेंडर किया। सरेंडर के दौरान उन्होंने एक एसएलआर राइफल, एक सेमी ऑटोमैटिक राइफल और लगभग 200 राउंड जिंदा कारतूस पुलिस को सौंपे। इस मौके पर सीमा सुरक्षा बल के निरीक्षक मानवेंद्र कुमार सिंह, उपायुक्त कृतिश्री जी, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, एसएसबी कमांडेंट संजीव कुमार, एसडीपीओ सिमरिया शुभम खंडेलवाल, डीएसपी मुख्यालय अमिता लकड़ा और एसडीपीओ चतरा संदीप सुमन मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि लंबी बातचीत और प्रेरणा के बाद दोनों नक्सल कमांडरों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार किया गया। कुणाल के विरुद्ध चतरा और पलामू जिलों में 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि रोहिणी गंझू के खिलाफ 10 से अधिक गंभीर अपराधों के मामले हैं।

शेष पेज 11 पर...

# लातेहार को 'टॉप परफॉर्मिंग डिस्ट्रिक्ट' का मिला पुरस्कार

- उपायुक्त ने इसे जिले के प्रत्येक पदाधिकारी, कर्मी और आमजन की मेहनत का परिणाम बताया

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन नेशनल कॉन्क्लेव 2025 में शुक्रवार को लातेहार जिले को 'टॉप परफॉर्मिंग डिस्ट्रिक्ट' के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान 'आदि कर्मयोगी' अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य एवं जनजातीय सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए नवाचारपूर्ण प्रयासों के लिए दिया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किया। इस अवसर पर देशभर के राज्यों और जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। यह पुरस्कार लातेहार जिले द्वारा 'आदि कर्मयोगी' अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में प्राप्त उत्कृष्ट उपलब्धियों की मान्यता के रूप में दिया गया है। लातेहार के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने इस सम्मान को लातेहार जिले के प्रत्येक पदाधिकारी, कर्मी और आमजन की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि लातेहार के जनजातीय समाज की सक्रिय भागीदारी और टीमवर्क की मिसाल है। हमारा लक्ष्य यही रहेगा कि हर जनजातीय ग्राम 'विकसित भारत' की परिकल्पना का सशक्त केंद्र बने।

**20वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के समापन समारोह में शामिल हुए हेमंत सोरेन**

# चुनौती के इस दौर में पुलिस को दक्ष होना जरूरी : सीएम

**बोले मुख्यमंत्री**

- किसी भी राज्य की रीढ़ है पुलिस विभाग
- विकास के साथ चुनौतियां भी बढ़ती हैं
- प्रतियोगिता के प्रतिभागियों व टीमों को बधाई

**नवीन मेल डेस्क**



**प्रतियोगिता में प्राप्त ज्ञानार्जन का प्रयोग अपने कार्यक्षेत्र में करें**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आशा व्यक्त करते हुए कहा, 20वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के प्रतिभागियों से अपेक्षा है कि प्रतियोगिता में भाग लेकर आपने जो भी ज्ञानार्जन किया है, उसका प्रयोग अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जाकर करेंगे। साथ ही, मुझे उन चयनित प्रतिभागियों से पूर्ण आशा है कि वे अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर झारखंड प्रदेश को गौरवान्वित करेंगे।

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को रांची के डोरंडा स्थित जैप-1 ग्राउंड में आयोजित 20वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस विभाग किसी भी राज्य की रीढ़ होती है। पुलिस विभाग की जिम्मेदारी वर्तमान समय में चुनौतियों से भरा है। राज्य में जैसे-जैसे विकास के आयाम आगे बढ़ते हैं, पुलिस की चुनौतियां भी बढ़ती चली जाती हैं। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि इस तकनीकी युग में हमारे पुलिस के जवान किस प्रकार अधिक से अधिक दक्षता हासिल करें, यह अत्यंत जरूरी है। आज हमारी सरकार राज्य के पुलिस महकमे को ज्यादा से ज्यादा दक्ष बनाने की जिम्मेदारी को पूरा करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, मैं उन सभी प्रतिभागियों एवं टीमों को बधाई देता हूं, जिन्होंने इस प्रतियोगिता में अपने-अपने क्षेत्र में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। साथ ही, उन्हें भी मेरी हार्दिक बधाई, जिन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेकर ईमानदारी पूर्वक प्रयास करना सबसे बड़ी बात है। इसके अतिरिक्त तीन उत्कृष्ट अनुसंधानकर्ताओं को भी पुरस्कृत किया गया है, उन्हें भी मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर डीजीपी अनुराग गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक एसीबी प्रिया दूबे, पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान मनोज कौशिक, पुलिस विभाग के वरीय एवं कनीय पदाधिकारी एवं अन्य गण्यमान्य उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद पुलिस ने छह करोड़ के बैंक घोटाले का खुलासा किया, पूर्व शाखा प्रबंधक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में छह करोड़ रुपये से अधिक के बैंक घोटाले का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक दंगवार शाखा के पूर्व शाखा प्रबंधक मनोज कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शाखा प्रबंधक पद पर रहते हुए 11 महिला समूह खातों से फर्जी तरीके से ऋण स्वीकृत कर निकासी की। इसके अलावा, उसने विशेष सावधि जमा खातों से ग्राहकों की जानकारी व सहमति के बिना भी बड़ी रकम निकाल ली थी। आरोपी ने ग्राहकों की केवाईसी का दुरुपयोग करते हुए उनके नाम से फर्जी बचत खातें भी खोले और विशेष सावधि जमा की रकम उन खातों में ट्रांसफर कर अपने परिचितों के खातों से नकद निकासी की। लगभग 6 करोड़ 3 लाख 34 हजार 245 रुपये का गबन हुआ था। बाद में आरोपी ने बैंक में 4 करोड़ 66 लाख 89 हजार 942 रुपये वापस जमा किए, पर बकाया रकम अभी भी है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस. मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में विशेष जांच दल गठित किया गया। टीम ने सभी दस्तावेजों, तकनीकी साक्ष्यों की गहन जांच के बाद आरोपी को सासाराम से गिरफ्तार किया। एसडीपीओ ने बताया कि यह एक सुनियोजित बैंक धोखाधड़ी का मामला है और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुसंधानकर्ता, थाना प्रभारी और महिला थाना की सहायक उपनिरीक्षक सहित सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे। जांच के दौरान आरोपी के कृत्य के ठोस साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं, जिससे बैंक धोखाधड़ी की परतें खुलीं। पुलिस ने वित्तीय अपराध करने वालों को किसी भी हालत में बख्शने की बात नहीं कही है। इस मामले ने स्थानीय बैंकिंग संस्थाओं की विश्वसनीयता

शेष पेज 11 पर...

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**

**धनतेरस आज**




# रामगढ़ में गार्ड ने अपने ही साथी गार्ड की हत्या की

- फिर थाने में जाकर किया सरेंडर, एक दिन पहले दोनों के बीच हुई थी मारपीट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज के निकट निर्माणाधीन मार्केट कांप्लेक्स के प्लॉट पर तैनात सुरक्षा कर्मी शंकर महतो ने अपने ही साथी सुनील सिंह की टांगी से मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी शंकर महतो ने स्वयं रामगढ़ थाने में जाकर सरेंडर भी कर दिया। सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घटनास्थल पर पहुंची मृत सुनील सिंह की पत्नी और परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल था। उन लोगों ने शंकर महतो को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। इधर, घटना के संबंध में बताया बताया जा रहा है सुनील सिंह और शंकर महतो के बीच विगत

शेष पेज 11 पर...

**घाटशिला उपचुनाव : नामांकन के दौरान दोनों ओर से कई दिग्गज रहे मौजूद**

# झामुमो के सोमेश व भाजपा के बाबूलाल ने भरा नामांकन

- मतदान 11 को, मतगणना 14 नवंबर को

**नवीन मेल डेस्क**





**रांची/जमशेदपुर।** घाटशिला विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सोमेश सोरेन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बाबूलाल सोरेन ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। दोनों प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान राज्य के एनडीए और आईएनडीआईए के कई बड़े चेहरे उपस्थित रहे। प्रत्याशियों के नामांकन के बाद घाटशिला में दोनों सियासी धड़ों की ओर से अलग-अलग स्थानों पर जनसभाओं का आयोजन भी किया गया। यह सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित है। ज्ञात हो कि घाटशिला विधानसभा सीट पर वर्ष 2024 के चुनाव में झामुमो के रामदास सोरेन ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद उन्हें हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रिमंडल में शिक्षा मंत्री के तौर पर जगह दी थी।

शेष पेज 11 पर...

**इंडिया**

# चर्चित ग्रीन पटाखे कितने ग्रीन कितने सुरक्षित ?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

पटाखों के बारे में कहा जता है कि आज की तरह जब संचार के तेज साधन नहीं थे और यहां तक कि लाऊडस्पीकर भी नहीं थे तब शादी विवाह से लेकर युद्ध तक के समय शोर शराबे के लिए पटाखे छोड़े जाते थे जिसका सन्देश था कि डंके की चोट पर यह कार्य किया जा रहा है सभी के सूचनार्थ। पर बाद में पूजा पाठ यहां तक कि प्रकृति को समर्पित छठ पर्व में भी पटाखे छोड़कर उसके उद्देश्य को गौण कर वर्चस्व के लिए सबसे बड़े,लंबे या शक्तिशाली पटाखे न सिर्फ हानिकारक प्रदूषण फैला रहे हैं बल्कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं । देश की राजधानी की हर बात राष्ट्रीय हो जाती है जैसे दिवाली का प्रदूषण का विवाद पर कड़वा सच है कि दिल्ली और उसके आसपास वायु प्रदूषण तो सालों भर रहता है। आम और खास आदमी के साथ सरकारें अपनी आदतें बदलने के बजाय आतिशबाजी, तो कभी पराली पर दोष मढ़ते हैं और सोशल मीडिया पर बहस चलती रहती है। सात साल बाद उच्चतम न्यायालय ने ग्रीन पटाखों की अनुमति दे दी है। सवाल यह है कि ये पटाखे कितने ग्रीन हैं जितने नाम से लगते हैं?सामान्य पटाखों में बैरियम नाइट्रेट, सल्फर, एल्युमीनियम और पोटैशियम नाइट्रेट जैसे रसायन होते हैं, जो जहरीली गैसों में बदलकर दम घोंटते हैं। ग्रीन पटाखों में इन्हीं रसायनों की मात्रा कम रखी जाती है। इन्हें भारत सरकार के वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान सीएसआईआर व नीरी (वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान) ने विकसित किया था, ताकि पटाखों से 30 प्रतिशत तक कम प्रदूषण हो। ग्रीन पटाखे तीन किस्म के विकसित किए गए थे। पहली श्रेणी है 'स्वास' या 'सेफ वाटर रिलीजर'। ये जलने पर जल वाष्प छोड़ते हैं, जो धूल के कणों को दबाने में मदद करते हैं। इनमें सल्फर और पोटेशियम नाइट्रेट का उपयोग नहीं होता। 'स्टार' को 'सेफ थरमाइट क्रेकर' कहा जाता है। इनमें पोटेशियम नाइट्रेट और सल्फर नहीं होता। ये कम शोर के साथ



पीएम कणों को कम उत्सर्जित करते हैं। तीसरे 'सफल' पटाखे, इनमें पारंपरिक पटाखों में इस्तेमाल एल्युमीनियम की मात्रा को काफी कम रखा जाता है, या मैग्नीशियम जैसे विकल्प का उपयोग होता है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने पारंपरिक पटाखों पर रोक लगाकर केवल 'ग्रीन पटाखों' को अनुमति दी थी। सीएसआईआर और नीरी की रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में बिके करीब 70 प्रतिशत ग्रीन पटाखे असली नहीं थे। एक किलो ग्रीन पटाखे के जलने से कोई डेढ़ किलो कार्बन डाइऑक्साइड, 200 ग्राम नाइट्रस ऑक्साइड और अमोनिया व क्लोराइड गैसें निकलती हैं, जो हवा में जाकर अम्ल वर्षा की संभावना बढ़ा देती हैं, यानी 'ग्रीन' होने के बावजूद ये गैसें जलवायु परिवर्तन में भूमिका निभाती हैं। दरअसल, ग्रीन पटाखे बनाना महंगा होता है। बाजार में ज्यादातर सिर्फ 'ग्रीन' का लेबल लगाकर पारंपरिक पटाखे बेचे जाते हैं, तो कुछ लोग अधिक हानिकारक और तेज आवाज वाले पटाखे भी फोड़ते हैं। ऐसे में सरकार और समाज, दोनों को इस दिशा में जागरूक होना होगा कि त्योहार की उजास भी बनी रहे और सांसों पर संकट भी न आए। बीते साल दीपावली के दिन और उसके बाद एक्यूआई पांच सौ के पार पहुंच गया था। सच यह है कि पटाखे ग्रीन हों या रेड धुवां जहरीली ही छोड़ेंगे। झारखंड भी अब पटाखों के वर्चस्व की दौड़ में शामिल है और पटाखों कि दौड़ में जाति,धर्म सभी की सीमाएं ध्वस्त हो गईं हैं साथ ही उच्च न्यायालय के आदेश का भी उल्लंघन किया जाता है जिसमें पटाखे छोड़ने की समयावधि तय रहती है उसे नकारा जाता है ।

# 208 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को 208 नक्सलियों ने हथियार डाले। आत्मसमर्पण करने वालों में 110 महिलाएं और 98 पुरुष शामिल हैं। इनमें कई उच्च पदों पर रहे नक्सली कैडर भी हैं। इसके साथ ही, राज्य में पिछले तीन दिनों में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की संख्या 405 पहुंच गई। गुरुवार को छत्तीसगढ़ में 170 और बुधवार को 27 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को माओवादी गढ़ माने जाने वाले माड़ क्षेत्र के 208 नक्सलियों ने जगदलपुर, बस्तर जिले के रिजर्व पुलिस लाइंस में आयोजित एक कार्यक्रम में आत्मसमर्पण किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा वर्चुअली शामिल हुए। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में कई ऐसे हैं, जो सालों से घने जंगलों में सक्रिय थे। सभी नक्सली भारतीय संविधान की प्रति हाथ में लिए हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

# हाईकोर्ट ने अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज किया आपराधिक अवमानना का केस

- मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को होगी

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** न्यायपालिका पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने अधिवक्ता महेश तिवारी के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए आपराधिक अवमानना का मामला दर्ज किया है। मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर 2025 को होगी। वहीं, अधिवक्ता महेश तिवारी को नोटिस जारी किया गया है और तीन हफ्ते में जवाब मांगा गया है। घरेलू बिजली कनेक्शन और बिल से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान गुरुवार को जस्टिस राजेश कुमार की बेंच में महेश तिवारी और जस्टिस के बीच तीखी बहस हुई। यह सुनवाई यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम की जा रही थी, और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में महेश तिवारी कहते दिखे, मैं अपने तरीके से बहस करूंगा, न कि आपके तरीके से। कृपया ध्यान दें। किसी वकील को अपमानित करने की कोशिश मत कीजिए। देश न्यायपालिका को लेकर जल रहा है। मैं पिछले 40 साल से कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहा हूं। यह बहस उस समय हुई जब याचिकाकर्ता पुष्पा कुमारी की ओर से दलीलें पेश करते हुए अधिवक्ता महेश तिवारी ने अदालत को बताया कि उनसे बिल और जुर्माने के तौर पर 1.30 लाख रुपए से अधिक राशि मांगी जा रही है। उन्होंने अनुरोध किया कि दीपावली के मद्देनजर केवल 10-15 हजार रुपए जमा करवाकर कनेक्शन बहाल किया जाए। जस्टिस कुमार ने कहा, हम यहां दया के आधार पर न्याय करने नहीं बैठे हैं। यह कोर्ट ऑफ लॉ है। कोर्ट ऑफ जस्टिस नहीं।

शेष पेज 11 पर...

## पांडू मुख्यालय में दो दिवसीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का सफल समापन



नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड।** पांडू प्रखंड मुख्यालय में जिला आयुष समिति के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। इस शिविर में होमियोपैथी, आयुर्वेद, यूनानी तथा योगा के माध्यम से निःशुल्क जांच और उपचार सुविधा दी गई। जोड़ों के दर्द, घुटनों की तकलीफ, मांसपेशियों के दर्द, आर्थराइटिस, पैरों की सूजन और अन्य शारीरिक समस्याओं से पीड़ित मरीजों ने लाभ लिया। योग शिक्षक धर्मेंद्र कुमार शाह ने योगाभ्यास और प्राकृतिक स्वास्थ्य लाभ के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और सेवा का लाभ उठाया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व आयुष विभाग की इस पहल की प्रशंसा की और ऐसे शिविरों के नियमित आयोजन की मांग की।

# मारपीट की घटना ने छीना तीन बच्चों का सहारा, इलाज के दौरान पिता की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के अखौरी पतरा (राजोगाड़ी) गांव में मामूली विवाद को लेकर टुनटुन मिश्रा और उसके बहनोई नरेश तिवारी ने अनिल कुमार मिश्रा पर बेरहमी से हमला किया। आनन-फानन में घायल अनिल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेस्लीगंज पहुंचाया गया, जहां से मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। अनिल ने अपने पीछे तीन नाबालिग बच्चों को छोड़ दिया है जिनकी उम्र 12 वर्ष से कम है। घटना से परिवार में कोहराम छा गया है। मृतक के परिजनों ने लेस्लीगंज थाना में हिंसा के आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई और उनकी शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। गांव के लोग इस अत्यंत निर्मम हत्या की कड़ी निंदा कर रहे हैं और आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। इस घटना ने ग्रामीणों में सुरक्षा और न्याय की मांग कोबलंद किया है। स्थानीय मुखिया मनदीप मेहता ने परिजनों को सरकारी सहायता और न्याय दिलाने का भरोसा दिया है।




## मंईया सम्मान योजना से महिलाओं को लाभ, रम्भा देवी ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया

**पंडवा।** क्षेत्र की महिलाओं को मैया सम्मान योजना से आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। योजना से लाभान्वित रम्भा देवी ने माननीय मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे उनका जीवन सुधर रहा है। ग्रामीण स्तर पर अन्य महिलाओं ने भी योजना की सराहना की और बताया कि इससे उन्हें परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में मदद मिली है। यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित कर रही है।

## चार वर्षों में पूरा नहीं हो सका देवी धाम परिसर में सामुदायिक शौचालय का निर्माण

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर स्थित देवी धाम परिसर में चार वर्षों से सामुदायिक शौचालय का निर्माण अधूरा पड़ा है, जिससे श्रद्धालुओं को बड़ी असुविधा हो रही है। मंदिर परिसर में शारदीय और चैती नवरात्र के अवसर पर लाखों अंतरराज्यीय श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं, लेकिन शौचालयों की कमी के कारण खुले में शौच की समस्या विकट हो गई है। पुराना थाना से लेकर रेलवे स्टेशन मार्ग तक श्रद्धालु खुले में शौच करने को मजबूर हैं, जिससे दुर्गंध फैलती है और लोग परेशान हैं। खासतौर पर नवरात्रि के दौरान धान की फसल के कारण खेतों में खुले में शौच करना और भी बड़ी समस्या बन जाती है। गत शरदीय नवरात्रि में मेला में मौजूद बैलून विक्रेता की ट्रेन दुर्घटना में मौत हो चुकी है, जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाता है। मंदिर प्रबंध समिति के सचिव रामाश्रय सिंह और कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि चार वर्ष पूर्व तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इस योजना का कार्य प्रारंभ कराया था और लगभग 75 प्रतिशत राशि संवेदक को रिलीज कर दी गई है, लेकिन निर्माण अधूरा रह गया। समिति ने उपायुक्त व स्थानीय प्रशासन से कई बार शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। समिति ने जिला प्रशासन की लापरवाही को दोषी ठहराया है। मंदिर प्रबंधन समिति ने तोरण द्वार और सजावट पर लाखों रुपये खर्च किए, लेकिन शौचालय व्यवस्था और सफाई की बुनियादी सुविधा पर ध्यान नहीं दिया गया। इसके अलावा, 14वें वित्त आयोग की राशि से शुरू किया गया सामुदायिक सुलभ शौचालय भी कई वर्षों से अधूरा पड़ा है। मंदिर प्रबंधन समिति ने जिले के उपायुक्त को इस अधूरे शौचालय का कार्य पूरा कराने के लिए कई पत्राचार किए, लेकिन प्रशासन उदासीन बना हुआ है। सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के जोर-शोर से प्रचार के बावजूद जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल पर खुले में शौच का अभिशाप जारी है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल अधूरे शौचालय का निर्माण पूरा करने की मांग की ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न झेलनी पड़े।

## नई खतियान लागू न होने से रैयत परेशान

- त्रुटियों को सुधार कर अविलम्ब लागू करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** पलामू जिले में भूमि सुधार कार्यालय का छतरपुर प्रखंड नया खतियान लागू करने में लापरवाही कर रहा है, जिससे वहां के रैयतों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नए खतियान के बिना फोर लेन निर्माण के अधिग्रहित जमीन का मुआवजा नहीं मिल पा रहा है, जबकि पलामू जिले के अन्य प्रखंडों में नया खतियान लागू हो चुका है। सामाजिक कार्यकर्ता और नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने इस मामले को उठाते हुए मंत्री दीपक बिरुआ और जिले के डीसी से तत्काल खतियान लागू करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि खतियान में कई त्रुटियां भी हैं, जिन्हें सुधारने की आवश्यकता है। इससे प्रभावित लोग न केवल मुआवजा पाने से वंचित हैं, बल्कि आवश्यक भूमि संबंधी कार्य भी नहीं कर पा रहे। रैयत आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं यदि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया। छतरपुर के कई रैयत मुआवजा ना मिलने से दर बदर की ठोकरें खा रहे हैं और प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं।



## स्कूली बस की चपेट में आने से 4 वर्षीय मासूम की मौत, गांव में मातम छाया

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के दुल्हर गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 4 वर्षीय मासूम मयानंद राम की मृत्यु हो गई। वह सुबह आंगनवाड़ी केंद्र में पढ़ने जा रहा था कि इसी दौरान एक स्कूली बस की चपेट में आ गया। घायल अवस्था में उसे आनन-फानन में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर से गांव में मातम छा गया है। परिजन और ग्रामीण दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है, शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतक छोटे बच्चे के परिवार में कोहराम मचा है, जो परिजनों के अनुसार अब तीन नाबालिग बच्चों के आश्रय भी थे। गांव में यह हादसा संवेदनशीलता और सड़क सुरक्षा की गंभीरता को उजागर करता है। प्रशासन से उम्मीद है कि इस मामले में शीघ्र उचित कार्यवाही की जाएगी, ताकि न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

## देसी-विदेशी शराब की कालाबाजारी से मोटीया मजदूर भी परेशान

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर तथा मोहम्मदगंज में देशी और विदेशी शराब की दुकानों पर निर्धारित मूल्य का कोई पालन नहीं हो पा रहा है। विशेषकर मेहनतकश मोटीया मजदूर समेत आम ग्राहक प्रिंट रेट से काफी अधिक मूल्य चुकाने को बाध्य हैं। अंग्रेजी शराब के क्वार्टर साइज के पैक पर 10 से 20, हाफ पैक पर 30 से 40 और फुल साइज के पैक पर 50 से 70 रुपये तक अधिक मूल्य वसूली जा रही है, जबकि केन बियर की कीमत भी अंकित मूल्य से लगभग 50 रुपये उच्च है। भाजपा नेता व प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी नियमित शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग व प्रशासन ने इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। दुकानदार ग्राहकों को ही बताते हैं कि जहां सस्ती मिले, वहीं से लो, यहां यही दाम होंगे। उत्पाद विभाग द्वारा किए जाने वाले औचक निरीक्षण भी निष्क्रिय साबित हो रहे हैं। इस कारण दुकानदार मनमानी भाव से कारोबार कर रहे हैं। बिमलेश सिंह ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई करने, दोषियों पर जुर्माना लगाने और लाइसेंस रद्द करने की भी मांग की ताकि भविष्य में आम ग्राहक ठगी का शिकार न हो। यह समस्या खासतौर पर मोटीया मजदूरों के लिए गंभीर है, जो दिनभर भारी सामान उठाते हुए भी महँगी शराब की कालाबाजारी का शिकार बन रहे हैं।

## नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाने की मांग

**पंडवा।** प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता सतेंद्र ठाकुर ने क्षेत्र में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को देखते हुए प्रशासन से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है और इससे समाज में अपराध तथा पारिवारिक विघटन जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। सतेंद्र ठाकुर ने प्रशासन से अपील की कि प्रखंड के सभी पंचायतों में जनजागरूकता रैली, गोष्ठी और विद्यालय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं ताकि लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया जा सके। उन्होंने युवाओं को सही दिशा देने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आने की ज़रूरत बताई। प्रशासन और सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयास से ही नशा समस्या पर काबू पाया जा सकता है।

## जूरी ने की जनसुनवाई, आवास लाभार्थी को उज्जवला योजना से वंचित करने का मुद्दा उठाया



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत खरगाड़ा पंचायत सचिवालय में जूरी की टीम ने जनसुनवाई की। इस दौरान आवास योजना के लाभार्थी को उज्ज्वला योजना से वंचित करने का मुद्दा लोगों ने जोरदार तरीके से उठाया। जूरी टीम ने मापी पुस्तिकाओं की जांच करते हुए अपूर्ण 24 मापियों के मामले में प्रति मापी 250 रुपये अर्थदंड लगाया। कुछ मामलों में आंशिक अर्थदंड भी लगाया गया। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रखंड के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि, पंचायत समिति सदस्य मनीष कुमार, मुखिया कुसुम देवी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक समेत अन्य अधिकारी और ग्रामीण मौजूद थे। जनसुनवाई में आवास योजना के तहत राशि भुगतान में देरी, समय पर आवास न पूर्ण होना, पंचायत में पुराना रिकॉर्ड उपलब्ध न होना, मापी पुस्तिकाओं का अभाव जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए। आवास योजना के सुचारू क्रियान्वयन और संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए यह जनसुनवाई महत्वपूर्ण साबित हुई। जिला प्रशासन और संबंधित विभाग को इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान करना आवश्यक है।

## सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छता, ईमानदारी व सत्यनिष्ठा पर जोर

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** सिद्धनाथ बीएड. कॉलेज, जपला में 'सतर्कता जागरूकता अभियान 2025' के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में स्वच्छता, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में एन.एस.एस. पदाधिकारी उदयभान सिंह ने प्रशिक्षुओं को साइबर स्वच्छता की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी और उन्हें साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से सामूहिक रूप से सत्यनिष्ठा और ईमानदारी की शपथ दिलाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश शर्मा ने ऐसे अभियान विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों को मजबूत करने और समाज में पारदर्शिता की भावना को प्रोत्साहित करने का महत्व बताया। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अपने आचरण में सरलता और निष्ठा अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय, अशोक यादव, अमित पटेल समेत प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के सभी प्रशिक्षु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया गया।

## खेल मैदान योजना में गड़बड़ी उजागर बीडीओ ने घटिया निर्माण स्वीकार किया

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के लोटनिया पंचायत के यू.एम.एस. झरिखुर्द में मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत पोटो हो खेल मैदान निर्माण में अनियमितता सामने आई है। शिकायत मिलने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने स्थल पर जाकर जांच की और काम की गुणवत्ता की आलोचना की। उन्होंने कहा कि जो निर्माण कार्य हुआ है वह घटिया स्तर का है और दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकारी अभिलेखों के अनुसार करीब दो वर्ष पूर्व 1.80 लाख रुपये स्वीकृत राशि में खेल मैदान परिसर में ड्रेस चेंजिंग रूम और शौचालय बनवाए जाने थे, लेकिन अब तक निर्माण अधूरा रह गया है या वह भी मानक के अनुरूप नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण की गुणवत्ता इतनी खराब है कि कुछ हिस्से टूट चुके हैं, और शौचालय भी उपयोग के लायक नहीं है। उन्होंने परियोजना में धन गड़बड़ी की आशंका जताई और पंचायत तथा संबंधित एजेंसी को आड़े हाथों लिया। स्थानीय निवासियों ने कहा कि अधूरे काम के कारण खेल मैदान का उपयोग करने वाले बच्चों और युवाओं को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। बीडीओ ने बताया कि उन्होंने स्थल से फोटो और रिपोर्ट संकलित कर ली है तथा कार्य कोड, मस्टर रोल और भुगतान अभिलेखों की जांच की जाएगी। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई तय है।

## परहिया आदिम बहुल जनजातीय गांव में विकास केंद्र की स्थापना सहित कई योजनाओं की रूपरेखा तैयार

नवीन मेल संवाददाता




**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के कादल कुर्मी पंचायत के परहिया आदिम जनजातीय बहुल गांव में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ग्राम सभा में विलेज डेवलपमेंट की रूपरेखा सर्वसम्मति से पारित की गई। ग्राम सभा में मान्य महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए स्थलों की पहचान की गई। शामिल योजनाओं में जनजातीय विकास केंद्र की स्थापना, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, पीसीसी पथ निर्माण, स्ट्रीट लाइट्स लगाना और कोरामी टोला को सड़क मार्ग से जोड़ने की योजना प्रस्तावित है। साथ ही राजकीयकृत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के जीर्णोद्धार का प्रावधान भी है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर रौशनी, शुद्ध जल, स्वास्थ्य सुविधा और शिक्षा के साथ आजीविका के साधन उपलब्ध कराना है। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्थानीय नोडल व कल्याण अधिकारी, एनजीओ प्रतिनिधि, पंचायत सचिव और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस आयोजन ने गांव के विकास के लिए एक ठोस योजना प्रस्तुत की, जो ग्रामीण समाज के समग्र विकास में सहायक होगी। विभागीय अधिकारियों को योजना कार्यान्वयन के लिए आवश्यक सहयोग देना होगा।

**जागरूकता** | विद्यालय में मनाया गया 'डिस्लेक्सिया जागरूकता' दिवस, समझ और सहयोग पर जोर

## डिस्लेक्सिया कोई कमजोरी नहीं, बल्कि सोचने का एक दूसरा तरीका है

नवीन मेल संवाददाता



**ऊंटारी रोड।** पलामू जिले के पांडू प्रखंड मुख्यालय के नजदीक राजकीय कृत+2 कल्याण उच्च विद्यालय में "डिस्लेक्सिया जागरूकता दिवस" मनाया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में डिस्लेक्सिया के प्रति समझ, सहानुभूति और सहयोग की भावना विकसित करने के लिए आयोजित किया गया था। विशेषज्ञों ने बताया कि डिस्लेक्सिया एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है जिसमें बच्चों की पढ़ने, लिखने और शब्द पहचानने की क्षमता प्रभावित होती है, पर यह उनकी बुद्धिमत्ता की कमी नहीं है। इसमें बच्चे सामान्य से अधिक कल्पनाशील और रचनात्मक हो सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेश कुमार पाल ने कहा कि शिक्षक वर्ग को ऐसे बच्चों की पहचान कर उनके शिक्षण में वैकल्पिक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में अनेक शिक्षक, प्रशिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे। अंतिम संदेश में कहा गया कि डिस्लेक्सिया कोई कमजोरी नहीं, बल्कि सोचने का एक दूसरा तरीका है, जिसके लिए उचित समझ और सहयोग जरूरी है।

## राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को सम्मानित किया गया

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेदौलिया में सितंबर माह में 16 कार्यदिनी उपस्थिति दर्ज करने वाले बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षा विभाग के प्रयास के तहत प्रत्येक माह पूरे कार्य दिवस उपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाता है। इसबार ऐसे सभी बच्चों को प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा ने सम्मानित करते हुए कलम और पेंसिल भेंट की। इस मौके पर सहायक अध्यापक रामनाथ राम और मोहम्मद सरवर आलम भी उपस्थित थे। सम्मानित बच्चों में आठवीं कक्षा से ओमप्रकाश गुप्ता, ज्ञान कुमार गुप्ता, पीयूष कुमार गुप्ता, पांचवीं कक्षा से प्रियांशु कुमारी, नीतू कुमारी, अनमोल कुमार, निशु कुमारी, आयुष कुमार, राधिका कुमारी समेत दर्जनों बच्चे शामिल हुए। इस कार्यक्रम से बच्चों को नियमित उपस्थिति और पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिली।

मनरेगा के विभिन्न पदों के लिए लिखित परीक्षा शुरू

# गिरिवर +2 हाई स्कूल में दो पालियों में शांतिपूर्ण परीक्षा, कड़ी सुरक्षा रही व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मनरेगा के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए शुक्रवार को लिखित परीक्षा की शुरुआत हो गई। गिरिवर +2 हाई स्कूल परीक्षा केंद्र में 17 अक्टूबर को दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) पदों के लिए अभ्यर्थियों ने भाग लिया। प्रथम पाली में सुबह 10:30 बजे से सात क्लासरूम में परीक्षा संचालित हुई, जबकि द्वितीय पाली 12:30 बजे से चार क्लासरूम में संपन्न की गई। प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी पद के लिए 264 एडमिट कार्ड जारी किए गए थे, वहीं तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता) के लिए 140 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिला।परीक्षा की निष्पक्षता और शांतिपूर्ण संचालन के लिए केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारी की तैनाती की गई थी। सदर व छतरपुर एसडीओ, सहायक समाहर्ता और डीआरडीए निदेशक परीक्षा प्रक्रिया पर लगातार नजर रखे रहे।परीक्षा का आयोजन झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग एवं संकल्प/नियुक्ति सेवा शर्त नियमों के अनुरूप किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने बताया कि इसी प्रकार 18 अक्टूबर को भी कनीय अभियंता, लेखा सहायक तथा कंप्यूटर सहायक पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।प्रशासन की ओर से परीक्षा केंद्रों पर पारदर्शिता और निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, जिससे योग्य अभ्यर्थियों का चयन बिना किसी व्यवधान के हो सके।

दीपावली-छठ पर खाद्य प्रतिष्ठानों में सघन निरीक्षण

# सफाई में लापरवाही पर जुर्माना 20 किलो खराब मिठाई किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** दीपावली और छठ महापर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता द्वारा शुक्रवार को छत्तरपुर क्षेत्र के जपला मोड़ के आसपास स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में नेपाली स्वीट्स, बनारसी कोल्ड ड्रिंक एण्ड केक शॉप, गोलू स्वीट्स, स्टॉप होटल, महेश मिष्ठान भंडार, लालू होटल, अवध होटल और छबि श्री कोल्ड ड्रिंक की साफ-सफाई, भंडारण, रख-रखाव तथा फूड लाइसेंस चेक किया गया।साफ-सफाई व लाइसेंस में कमी पाए जाने पर नेपाली स्वीट्स, बनारसी कोल्ड ड्रिंक एण्ड केक शॉप और लालू होटल को आर्थिक जुर्माना लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया। बनारसी कोल्ड ड्रिंक एण्ड केक शॉप में 5 किलो खराब रसगुल्ला जब्त कर नष्ट किया गया। गोलू स्वीट्स में भी 5 किलो खराब रसगुल्ला और स्टॉप होटल में 10 किलो गजा तथा प्याऊ मिठाई नष्ट कर दी गई।निरीक्षण के दौरान नेपाली स्वीट्स से रसगुल्ला और महेश मिष्ठान भंडार से पेड़े के सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है।खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दिनों में स्वास्थ्य और गुणवत्ता से समझौता करने वाले प्रतिष्ठानों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि त्योहार के दौरान ताजा और स्वच्छ खाद्य सामग्री खरीदें और स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें।

# लिलिपुट प्ले स्कूल में दिवाली पर मंचित नाटक ने दी सामाजिक सीख

- बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ साझा की खुशियां, दिया जरूरतमंदों से खरीदारी का संदेश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में शुक्रवार को दीपावली पर्व उल्लास और उत्साह से मनाया गया। पूरे स्कूल को दिवाली थीम के अनुसार आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे बच्चों का उत्साह देखते ही बना।कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण एक भावुक कर देने वाला सामाजिक संदेशयुक्त नाटक रहा। इसमें यह संदेश दिया गया कि दीपावली की ख़रीदारी केवल बड़ी दुकानों से नहीं, बल्कि जरूरतमंद दुकानदारों से भी सामान लेकर की जानी चाहिए। इस संदेश से मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। नाटक में अन्वी गुप्ता, चिराग पांडेय, मन्नत सिंह बग्गा, निधि गुप्ता, नमिता भद्रा और लक्ष्मी अग्रवाल ने शानदार अभिनय किया। कार्यक्रम के बाद बच्चों ने उत्सव के रंग में रंगते हुए जमकर मस्ती की।स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने बच्चों के साथ मिलकर पटाखे जलाए और उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। स्कूल के डायरेक्टर राजीव गोयल ने बच्चों को बताया कि दीपावली भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में मनाई जाती है। उन्होंने दीपावली की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला।इस शुभ अवसर पर पूरे स्कूल परिवार की ओर से सभी अभिभावकों को दीपावली की हार्दिक बधाई दी गई। बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिलकर खूबसूरत तस्वीरें खिंचवाईं और स्कूल की ओर से सभी बच्चों को उपहार भेंट किए गए।कार्यक्रम में अनुज सिंह, फलक, अश्विनी कुमार, गणेश, मुस्कान, करनाली, नगमा, तृप्ति, नन्दिनी, ईशा, अरीबा, आयुषी, तनु, वंशिका, सपना, आँचल, पलक, नैंसी, अश्विनी, दीक्षा, मेघा, गुनगुन, शिखा, जानवी सहित सभी बच्चों और शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही।

दीपावली-छठ पर्व को लेकर शहर थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने पर जोर पुलिस ने सुरक्षा के लिए बनाई विशेष रणनीति

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दीपावली और छठ पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को शहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणिभूषण प्रसाद ने की, जबकि संचालन ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने किया।

बैठक में नगर निगम पदाधिकारी, वार्ड पार्षद, जनप्रतिनिधि, व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग और मोहल्ला प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रतिनिधियों ने शहर में सफाई व्यवस्था, नालों की सफाई, छठ घाटों की तैयारी, बिजली-पानी आपूर्ति व यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। व्यापारियों ने पर्व के दौरान बाजारों में भीड़ को देखते हुए पार्किंग और यातायात नियंत्रण की मांग रखी।

एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने कहा कि दीपावली और छठ हमारी संस्कृति व परंपरा के प्रतीक हैं। इन्हें शांति और भाईचारे के साथ मनाना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने अपील की कि पटाखों का प्रयोग सुरक्षित स्थल पर करें और अफवाहों से बचें। उन्होंने सचेत किया कि पर्व में कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सदर सीओ अमरजीत बालोतरा ने आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी तरह तैयार है। इस बार छठ घाटों की सुरक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी और महिला पुलिस बल तैनात रहेगी। शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल राजभर ने कहा कि पुलिस भीड़ के अनुसार विभिन्न स्थानों पर तैनात रहेगी।

बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने और नागरिकों से शांतिपूर्ण व अनुशासित पर्व मनाने की अपील की।

इस अवसर पर शहर थाना के एसआई दीपक सिंह, तंजुल अंसारी, प्रदीप महतो, एएसआई अजय गुप्ता, इंद्रदेव पासवान, प्रियरंजन कुमार, अनंत सिंह सहित कई जवान उपस्थित थे।

# मिट्टी के ही दीये जलायें' के संदेश के साथ रजवाडीह मध्य विद्यालय में दीपोत्सव

- छात्राओं ने रंगोली और दीयों से सजाया विद्यालय परिसर

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में शुक्रवार को दीपावली उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यालय परिसर को छात्राओं ने आकर्षक रंगोली और मिट्टी के दीयों की रोशनी से सजाकर खूबसूरत बना दिया।कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं प्राची, साक्षी, सोनाली, निशा, लक्ष्मी, प्रियंका, निशु, छाया, नैंसी, सोनम, रचना, अनिशा और अंजु ने रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर की, जिससे पूरा परिसर दीपोत्सव की चमक से जगमगा उठा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि निशा, प्रियंका कुमारी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर और लैब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम की सफलता में सराहनीय योगदान दिया।प्रधानाध्यापक ने कहा कि अपनी संस्कृति को सहेजने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि दीपावली पर मिट्टी के ही दीये जलाए जाएं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से यह भी अपील की कि सभी लोग पर्यावरण के अनुकूल तरीके से त्योहार मनाकर सकारात्मक संदेश दें।

# 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान बनेगा जनचेतना का महासंग्राम

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान को अब केवल कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए, इसे जनचेतना के महासंग्राम के रूप में पूरे जिले में चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिमला कुमारी ने की। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई, जिससे यह संदेश गया कि पलामू जिले में कांग्रेस संगठन पूरी तरह सक्रिय और सजग है। बैठक के दौरान अभियान के विस्तार, ग्राहक और सघन जनसंपर्क रणनीति, तथा प्रत्येक पंचायत में जागरूकता शिविर लगाने के लिए ठोस रोडमैप तैयार किया गया।जिला अध्यक्ष बिमला कुमारी ने कहा कि यह अभियान महज़ राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और जनआस्था की पुनर्स्थापना का आंदोलन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन्होंने जनता के वोट की चोरी की है, उन्हें अब जनता स्वयं कठघरे में खड़ा करेगी।पूर्व जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता जनमत की रक्षा के लिए अपनी भूमिका में सजग प्रहरी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष सत्ता के लिए नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को जगाने के लिए है।बैठक में फैसला हुआ कि आगामी दिनों में ब्लॉक और जिला स्तर पर समीक्षा बैठकें होंगी और गांव-गांव में हस्ताक्षर शिविर लगाकर अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा।इनके साथ ही शिक्षा प्रकोष्ठ के स्टेट चेयरमैन श्यामनारायण सिंह, सत्यानंद दुबे, सागर दास, सत्येंद्र सिंह, कामेश्वर तिवारी, घूरा तिवारी, सुरेश पाठक, सिद्धनाथ गुप्ता, पप्पू अज़हर, जिला प्रवक्ता गोपाल सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, मुकेश सिंह, अनिल सिंह, रामप्रवेश सिंह, नंदकिशोर मिश्रा, मनोज गुप्ता, रिज़वान खान, तारारानी देवी, मनोज चंद्रवंशी, आरिज़ आलम, राजेंद्र अग्रवाल, संजय वर्मन, अरविंद कुमार, मिथिलेश सिंह समेत बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

### एमएमसीएच में अल्कोहल जांच सुविधा नहीं, पुलिस प्रशासन को उठानी पड़ रही दिक्कत

**मेदिनीनगर।** प्रमंडल के सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल (एमएमसीएच) में अल्कोहल जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे पुलिस, आम लोगों और स्वास्थ्य विभाग को लगातार दिक्कतें हो रही हैं। सड़क हादसों, झगड़ों और अपराध मामलों में शराब सेवन की पुष्टि जरूरी होती है, लेकिन जांच सुविधा न होने से कई केस समय पर निपट नहीं पाते। थाना क्षेत्रों से बार-बार ऐसे मामले सामने आते हैं जहां आरोपी के खिलाफ शराब पीने की पुष्टि जरूरी होती है। हालांकि ट्रैफिक पुलिस के पास ब्रेथ एनालाइज़र मशीन उपलब्ध है, लेकिन ब्लड अल्कोहल और यूरिन जांच की सुविधा अस्पताल में नहीं है। पुलिस को इसलिए या तो निजी लैब का सहारा लेना पड़ता है या आरोपी को रांची भेजना पड़ता है। इससे रिपोर्ट में देरी होती है और कई बार केस कमजोर पड़ जाता है। अभियोजन पक्ष के अधिकारियों का कहना है कि शराब सेवन से जुड़े मामलों में मेडिकल प्रमाण बेहद जरूरी होता है।

शिक्षा विभाग के मनमाने रवैये के खिलाफ बीआरपी-सीआरपी महासंघ का मोर्चा

# प्रशिक्षण का बहिष्कार, भ्रष्टाचार व शोषण के विरुद्ध संघर्ष का एलान

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू शिक्षा पदाधिकारी विभाग के मनमाने रवैये के खिलाफ बीआरपी-सीआरपी महासंघ ने शुक्रवार को कड़ा रुख अपनाते हुए डायट मेदिनीनगर में आयोजित प्रशिक्षण का बहिष्कार किया। महासंघ ने स्पष्ट किया कि यह बहिष्कार शनिवार को भी जारी रहेगा। मौके पर मौजूद बीआरपी-सीआरपी सदस्यों ने कहा कि वे पिछले 20 वर्षों से जिले की शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन फिलवक्त विभाग स्तर से उन पर विद्यालयों से उगाही का दबाव बनाया जा रहा है। उनका आरोप है कि आदेश अनुपालन न करने पर जानबूझकर उनके विरुद्ध राज्य कार्यालय में अनुपस्थिति रिपोर्ट भेजी जाती है। उन्होंने बताया कि दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए राज्य सरकार ने अक्टूबर माह का अग्रिम भुगतान करने का आदेश जारी किया था, लेकिन जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इस निर्देश की अनदेखी करते हुए बीआरपी-सीआरपी का अग्रिम भुगतान रोका। इसी कारण महासंघ ने विरोधस्वरूप प्रशिक्षण का बहिष्कार किया। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है। पूर्व में भी दिवंगत सीआरपी को कैबिनेट से अनुमोदित लाभ दिलाने तथा ईपीएफ कटौती में अनियमितताओं को दूर करने की मांग कई महीनों से लंबित है। प्रशिक्षण बहिष्कार के बाद महासंघ के सदस्यों ने कहा कि शोषण और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनका संघर्ष जारी रहेगा। अगर जिला स्तर पर शिक्षा विभाग की व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो वे 'पोल खोलो अभियान' चलाकर भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करेंगे और पूरे मुद्दे को जिला से लेकर राज्य स्तर तक जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे। इस अवसर पर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज शुक्ला, जिलाध्यक्ष किशोर दूबे, महासचिव ओमप्रकाश सिंह, मुकेश तिवारी, संतोष सिंह, विजय दूबे, अनूप सिन्हा, प्रभात दूबे, जयप्रकाश कुमार, एजाज अहमद, संतन सिंह, प्रमोद सिंह, परमेन्द्र सिंह, राजदेव विश्वकर्मा, दीपक दूबे, बैजनाथ सिंह, जितेंद्र सिंह, रामप्रवेश राम, रामबच्चन कुमार, संदीप कुमार, महबूब अली, नंदकिशोर दूबे, मनोज मेहता, जितेंद्र कुमार, संजय कुमार, महताब अंसारी, अजीत मिश्रा, पंकज सिंह, संजय रजक, नागेंद्र पांडेय, अजय कुमार सिंह, ओंकारनाथ पाठक, कपिलदेव चौधरी सहित बड़ी संख्या में बीआरपी-सीआरपी मौजूद थे।

सहायक आचार्य सामाजिक विज्ञान काउंसलिंग पलामू में सम्पन्न

# राज्य सरकार के निर्देश पर दो दिन चली प्रक्रिया, 5 अभ्यर्थी अनुपस्थित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राज्य सरकार द्वारा सहायक आचार्य (सामाजिक विज्ञान) के संशोधित परिणाम जारी होने के बाद काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू, संदीप कुमार को 287 फोल्डर उपलब्ध कराते हुए काउंसलिंग सम्पन्न कराने का आदेश दिया गया था। आदेश के अनुपालन में जिला स्कूल, पलामू के सभागार में काउंसलिंग की तिथियां 16 और 17 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गईं। पहले दिन 16 अक्टूबर को कुल 150 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया, जिनमें से 3 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरे दिन 17 अक्टूबर को 129 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, जिनमें से 2 उपस्थित नहीं हो सके। इस तरह दोनों दिनों की काउंसलिंग शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई।काउंसलिंग के सफल आयोजन के लिए शिक्षा विभाग द्वारा विशेष टीम गठित की गई थी। टीम में प्रभाग प्रभारी प्रशांत बिहारी, रामलखन सिंह, संजीव कर्ण, रवि पाठक, कन्हैया सिंह, लालू साहू, रंजित सिंह, ईश्वरी राम, हिमांशु पांडेय, अभिषेक पाठक, मनोज पासवान, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद, महेंद्र प्रजापति, परमेश्वर साहू, एपीओ उज्ज्वल मिश्र और महिला महाविद्यालय की प्राचार्या अमृता सिंह शामिल थीं।जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत जैसे ही राज्य सरकार के स्तर से नियुक्ति पत्र वितरण का आदेश प्राप्त होगा, संबंधित अभ्यर्थियों को पोर्टल और टेलीफोनिक माध्यम से आधिकारिक सूचना दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि समस्त आवश्यक औपचारिकताएं पारदर्शिता के साथ पूरी की जा रही हैं ताकि योग्य अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति मिल सके।


NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
GOVERNMENT OF JHARKHAND
National Programme for Control of Blindness

मोतियाबिन्द

मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम





मोतियाबिन्द के लक्षण

- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता।
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोतरी।
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव, क्योंकि लेंस एक फिल्टर की तरह काम करता है।
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना।
- दिन के समय आँखें चौंधियाना।
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)।
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।
- उम्र का बढ़ना।

मोतियाबिन्द का उपचार

- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

सभी सरकारी अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है

मोतियाबिन्द की रोकथाम

- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं।
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें।
- रंग–बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
- धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

PR No. 364448 (Health Med Edu and Family Welfare) 2025-26

104 चिकित्सा सलाह — 24x7 Health Information Helpline
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
108

# झाड़ियों में मिला गुमशुदा युवक का शव, हत्या से इलाके में सनसनी

नवीन मेल संवाददाता



**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय के राजेंद्र कोरवा के पुत्र सुशील कोरवा (22 वर्ष) की लाश जंगल में क्षत-विक्षत हालत में मिली। सुशील करीब दस दिन से लापता था। परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश करते हुए जंगल में उसकी हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। जिला अध्यक्ष न्हेश्वर कोरवा ने हत्या की कड़ी निंदा की है और दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। यदि दो दिनों में गिरफ्तारी नहीं हुई तो थाना घेराव और सड़क जाम की चेतावनी दी गई है। प्रदेश एवं जिला के अन्य जनजातीय नेताओं ने भी घटना की निंदा की और न्याय की मांग की। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच जारी है और हत्या की पुष्टि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीण इस घटना से सदमे में हैं और न्याय हेतु आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

## परसोडीह गांव में बीमारी से दो लोगों की मौत, शोक की लहर

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह गांव में बीमारियों के कारण दो लोगों की मौत हो गई, जिससे गांव में शोक का माहौल बन गया। मृतकों में राजन रजवार (32) और सुजीत रजवार की पत्नी उर्मिला देवी (28) शामिल हैं। राजन मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। अचानक पेट दर्द होने पर उसे गढ़वा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे रिश्तेदार के पास ले गए, जहां उसकी मृत्यु हो गई। राजन के चार नाबालिग बच्चे हैं। उर्मिला देवी भी आर्थिक तंगी के कारण इलाज नहीं करवा सकी और गत दिनों बीच रास्ते मौत हुई। दोनों मौतों ने गांव में गहरे दुख और चिंता का माहौल पैदा कर दिया। गांव वालों ने बताया कि सही समय पर इलाज मिल जाता तो शायद जान बच सकती थी। जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, पूर्व मुखिया अनिल पासवान एवं उपमुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र गुप्ता ने परिवार से मिलकर शोक व्यक्त किया। ग्रामीण प्रशासन से मृतकों के परिजनों को मुआवजा और सहायता देने की भी मांग कर रहे हैं ताकि वे कठिन परिस्थितियों में राहत पा सकें।

## पुलिस ने फरार अभियुक्तों के खिलाफ इश्तेहार चिपकाकर सख्ती दिखाई

**धुरकी।** थाना क्षेत्र में लंबे समय से फरार चल रहे दो अभियुक्तों सदाम हुसैन उर्फ लाडू खान और अंकुश कुमार दुबे के खिलाफ पुलिस ने विधिवत कार्रवाई शुरू कर दी। थाना प्रभारी जनार्दन राऊत के नेतृत्व में शुक्रवार को दोनों के घरों पर न्यायालय द्वारा जारी इश्तेहार चिपकाए गए। इश्तेहार में एक माह के अंदर आत्मसमर्पण नहीं करने पर कुर्की और जब्ती की कार्रवाई हेतु सख्त चेतावनी दी गई। गांव वालों के सामने यह कार्रवाई की गई जिससे क्षेत्र में पुलिस की गंभीरता दर्शी। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तारी प्राथमिकता है और अभियुक्त यदि स्वयं समर्पण नहीं करते तो कानून के तहत कठोर कदम उठाए जाएंगे। यह चेतावनी क्षेत्रवासियों में कानून के प्रति जागरूकता और सुरक्षा की भावना को बढ़ाएगा।

## राशन गबन के बाद प्रशासन ने लिया कड़ा कदम, सिद्धेश्वर नाथ सिंह को सहायक गोदाम प्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार

**केतार।** (गढ़वा) प्रखंड में 9003 क्विंटल राशन गबन की घटना के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने लिपिक सिद्धेश्वर नाथ सिंह को सहायक गोदाम प्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। नया प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की उपस्थिति में गोदाम के कार्यों का पूर्ण जिम्मा संभालेंगे और समयानुसार कार्य निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। राशन गबन की सीरियसनेस को देखते हुए पूर्व प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक राजीव कुमार को निलंबित किया गया है और उनके खिलाफ केतार थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रक्रिया जारी है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने साफ कहा है कि गोदाम से जुड़े किसी भी भ्रष्टाचार या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह जिम्मेदारी देकर प्रशासन ने गोदाम प्रबंधन को सुधारने और राशन वितरण प्रणाली को सुचारू बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## साइबर ठगी का शिकार सेराज अंसारी ने पुलिस से की कड़ी कार्रवाई की मांग

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के पंडरिया पंचायत के बेलपहाड़ी निवासी सेराज अंसारी ने थाना में आवेदन देकर साइबर ठगी की घटना की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को 9982724769 नंबर से फोन आया और उन्होंने ने खुद को थाना का अधिकारी बताकर कहा कि उनका वीडियो वायरल हो गया है। इसे रोकने के लिए पांच हजार रुपये जमा करने को कहा गया। सेराज ने तीन बार अलग-अलग रकम 21,000, 8,500 और 2,000 रुपये कुल मिलाकर 31,500 रुपये मोबाईल नंबर 7015254996 पर ट्रांसफर किए। इसके बाद भी 9649128433 और 9982724769 नंबरों से फोन कर उन्हें लगातार धमकाया जा रहा है। सराज अंसारी ने पुलिस से मांग की है कि इस गंभीर साइबर अपराध की तुरंत जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। यह घटना साइबर सुरक्षा की जरूरत को उजागर करती है और आम जनता को सतर्क रहने की शिक्षा देती है। स्थानीय लोग भी साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को लेकर चिंतित हैं और इस पर प्रशासन के सख्त कदम की अपेक्षा कर रहे हैं।

## सहायक आचार्य पद पर लाल राजू सिंह का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**केतार।** प्रखंड के सिंहपुर गांव के लाल राजू सिंह ने सहायक आचार्य (सामाजिक विज्ञान) प्रतियोगिता में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला में प्रथम और राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया। वे वर्तमान में पीएम श्री मध्य विद्यालय, केतार में सहायक शिक्षक हैं। उनकी सफलता से गांव और प्रखंड में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने कहा कि लाल राजू सिंह ने सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया है और युवाओं के लिए प्रेरणा साबित हुए हैं। शिक्षकों और समाजसेवियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## सैयद अहमद खान का जन्मदिवस मनाया गया, उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मान




**गढ़वा।** मदरसा रोड स्थित तैबा हॉस्पिटल में समाज सुधारक एवं शिक्षाविद सर सैयद अहमद खान का जन्मदिवस समारोह समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. अरसद अंसारी ने कहा कि सर सैयद अहमद खान ने शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में जो महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। हमें इनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज सेवा में समर्पित होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान तैबा हॉस्पिटल के उन कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया था। उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। सम्मानित कर्मचारियों में नसीम अंसारी, नेहाल अहमद, संजय उरांव, असफाक अंसारी, शैलेश कुमार यादव, वसीम अंसारी, हेमंती देवी, शिव कुमारी, रिजवाना खातून सहित अन्य कई लोग शामिल थे। कार्यक्रम में हॉस्पिटल स्टाफ, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और लोग उपस्थित थे, जिन्होंने इस समारोह की सफलता की प्रशंसा की। यह आयोजन स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में समर्पित कर्मचारियों के त्याग और प्रयास को मान्यता देने का महत्वपूर्ण प्रयास था।

## नदी में डूबने से 10 वर्षीय बच्ची की मौत, ग्रामीणों में शोक की लहर

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बुका गांव में दस वर्षीय पुष्पा कुमारी नदी में डूब गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुष्पा कुर्सी धोने नदी किनारे गई थी कि पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गई। तैरना न जानने के कारण कुछ देर में वह डूब गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत से बच्ची को नदी से बाहर निकाला, पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक छा गया है और परिजन अत्यंत दुखी हैं। भवनाथपुर थाना के एसआई नारायण प्रसाद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना ने नदी किनारों पर सुरक्षा उपायों की जरूरत को मजबूती से उजागर किया है।

## सोनपुरवा पंचायत में शारीरिक शोषण के आरोप में युवक जेल भेजा गया

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत में एक युवती के साथ शारीरिक शोषण के आरोप में लोहरपुरवा गांव निवासी बबलू बैठा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले के अनुसार, बबलू बैठा ने स्वयं को कुंवारा बताकर युवती को शादी का झांसा देकर बहकाया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जबकि युवक पहले से शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शारीरिक उत्पीड़न का मामला दर्ज है। युवती की शिकायत पर कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया। इस मामले ने ग्रामवासियों में असंतोष फैला दिया है। स्थानीय लोग चाहते हैं कि ऐसे अपराधियों को सख्त से सख्त सजा मिले ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

## उपायुक्त ने जनसुनवाई कार्यक्रम के जरिये आमाजनों की समस्याओं का किया समाधान

### जनसुनवाई में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, रोजगार समेत अन्य शिकायतें सुनी गईं

- **संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई हेतु दिए निर्देश**
- **जिले के सभी प्रखंडों में नियमित रूप से आयोजित होती है जनसुनवाई बैठकें**



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश यादव ने गढ़वा समाहरणालय में जनसुनवाई का आयोजन कर आम लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्रामीणों ने राशन वितरण, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद, अतिक्रमण, आवास, मुआवजा, योजनाओं से जुड़ी समस्याएं और बकाया मजदूरी भुगतान जैसी कई समस्याएं उठाईं। प्रभावी समाधान के लिए उपायुक्त ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई का आदेश दिया। इस दौरान रंग प्रखंड के कंचनपुर के निवासी विवेक कुमार ठाकुर ने अपने दिवंगत पिता की मृत्युपरांत पेंशन और बकाया भुगतान के लिए नौकरी की मांग की। भवनाथपुर के रामचंद्र राउत ने क्षेत्र के सरकारी चापानल पर अवैध कब्जे की शिकायत की, जिससे जल संकट बढ़ रहा है। उपेंद्र कुमार राम ने भूमि विक्रेता के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। इसके अलावा बालिका छात्रावास की वार्डेन की लापरवाही की भी गंभीर शिकायत की गई। उपायुक्त ने बताया कि जनसुनवाई जिला और प्रत्येक प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से चलती है, जिसमें नागरिक अपनी समस्या रख सकते हैं और समाधान पा सकते हैं। यह कार्यक्रम लोगों को सीधे प्रशासन से जोड़ता है। इससे सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर होता है और स्थानीय प्रशासन में पारदर्शिता आती है।

## राजी प्लस टू हाई स्कूल में दीपावली पर रसोइयों को साड़ी भेंट

**खरौंधी।** राजी प्लस टू हाई स्कूल में दीपावली के पावन अवसर पर शुक्रवार को भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस खास दिन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. संजय कुमार ने विद्यालय के रसोइयों को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था और बच्चों की सेवा में रसोइयों का योगदान अतुलनीय है और दीपावली पर उन्हें सम्मानित करना गर्व की बात है। प्रोग्राम के दूसरे चरण में बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें थीम "प्राकृतिक रंगों से रंगोली निर्माण" रखी गई थी। फूल, पत्ते, हल्दी, मिट्टी आदि तत्वों से रंगोलियों की सजावट ने विद्यालय परिसर को रंगीनी और सौंदर्य से भर दिया। बच्चों की कलात्मकता और परिश्रम के चलते संपूर्ण विद्यालय परिसर चमक उठा। कार्यक्रम में कई शिक्षक उपस्थित थे जिन्होंने बच्चों के उत्साह को सराहा। अंत में सभी ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए इस त्योहार को एकता और रचनात्मकता का संदेश बताया।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की नगर उंटारी शाखा की बैठक में चुनावी मुद्दों पर बल



**श्री वंशीधरनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, नगर उंटारी शाखा की बैठक दक्षिण मोहल्ला निवासी विक्की कुमार के मकान पर संपन्न हुई। बैठक में जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला ने केंद्र की मोदी सरकार पर मतदाता पुनरीक्षण का बहाना बनाकर एनआरसी लागू करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे हजारों लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित होगी। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा, कर्ज मुक्ति जैसे मुद्दे जोर देकर उठाए। बीजेपी द्वारा कुर्मी जाति को एसटी में शामिल करने की मांग को राजनीतिक हथियार बताया और अशांति फैलाने का आरोप लगाया। भाकपा ने प्रखंड कार्यालय में 7 नवम्बर को, और जिला समाहरणालय के सामने 26 नवम्बर को प्रदर्शन करने का एलान किया। बैठक में सर्वसम्मति से खलील खान को शाखा सचिव नियुक्त किया गया।

## मुख्य बाजार में सुरक्षा बढ़ाने के लिए व्यवसायिक संघ ने नगर पंचायत को सीसीटीवी लगाने का आवेदन दिया

**मझिआंव।** गढ़वा मझिआंव नगर पंचायत के मुख्य बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए व्यवसायिक संघ ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को एक आवेदन सौंपा है। संघ ने कहा है कि बाजार क्षेत्र, चौक-चौराहों, एवं प्रमुख स्थानों पर जल्द से जल्द सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि व्यवसायियों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सुझाव दिया है कि एसबीआई बैंक के पास, बस स्टैंड, सब्जी बाजार, तीनमुहान चौक, बकरी बाजार के पास नदी मार्ग, तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क के निकट कैमरे लगाए जाएं। व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नीरज कमलापुरी ने कहा कि यदि प्रशासन इस दिशा में शीघ्र कदम उठाए तो यह पूरे नगर के हित में एक महत्वपूर्ण पहल होगी। संघ ने प्रशासन को सहयोग हेतु हमेशा तैयार रहने का आश्वासन दिया।

## खोज परीक्षा में मझिआंव के पुनित मालाकार बने प्रखंड टॉपर, 'अधर द पब्लिक स्कूल' का नाम रौशन

नवीन मेल संवाददाता



**मझिआंव।** गढ़वा जिले की जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित हो चुका है। इस प्रतियोगिता में मझिआंव प्रखंड स्थित 'अधर द पब्लिक स्कूल' के मेधावी छात्र पुनित मालाकार ने प्रखंड स्तर पर टॉप किया है, जिससे विद्यालय और क्षेत्र दोनों का गौरव बढ़ा है। पुनित मालाकार ने इस परीक्षा में अपनी प्रतिभा और मेहनत से श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। लगभग 4000 प्रतिभागियों के बीच से वह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष पर रहे। उनका यह सफलता न केवल विद्यालय की प्रतिष्ठा में वृद्धि का कारण बनी है, बल्कि मझिआंव क्षेत्र की शिक्षा स्तर को भी उजागर करती है। प्रतिभा खोज परीक्षा के आयोजन में जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, सचिव मदन केशरी तथा अन्य सदस्य बड़ी सक्रियता से जुड़े रहे। पुनित को समर्पण, अनुशासन और मेहनत के लिए प्रशस्ति पत्र, प्रोत्साहन राशि और शील्ड सहित सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक रंजीत साह और सभी शिक्षकगण मौजूद रहे, जिन्होंने पुनित की सफलता को एक प्रेरक उदाहरण बताया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि से प्रेरणा लेते हुए अन्य छात्रों के लिए भी नयी राहें खोली हैं।

### प्रतिभा खोज परीक्षा में वर्षा गुप्ता बनी मेराल प्रखंड टॉपर, विद्यालय ने बढ़ाया मान



**मेराल।** गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड टॉपर एस डी मेमोरियल एकेडमी की छात्रा वर्षा गुप्ता को डीपीएससीसी की प्रतिभा खोज परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार दिया गया। यह परीक्षा 21 वर्षों से आयोजित है जिसमें बेहतर परिणाम पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाता है। वर्षा ने कड़ी मेहनत और अनुशासन से इस सफलता को हासिल किया, जिससे विद्यालय और प्रखंड दोनों का मान बढ़ा। स्कूल निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा से छात्रों को प्रतिभा निखारने का प्लेटफॉर्म मिलता है। स्कूल में क्लास सिलेबस के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाती है, जिससे छात्र बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

## उत्पाद विभाग की छापेमारी, 200 किलो जावा महुआ व 45 लीटर अवैध शराब नष्ट



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश यादव के निर्देश पर मझियाँव थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में उत्पाद विभाग की टीम ने छापामारी की। मौके से प्रकाश पासवान और अखिलेश पासवान फरार हो गए। दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का प्रोसेस जारी है। चोरी हुई 200 किलोग्राम जावा महुआ और 45 लीटर अवैध देशी शराब को घटना स्थल पर नष्ट कर दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि ऐसी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल दें।

**सतर्क** | धनतेरस में सोना खरीदते वक्त बिना हॉलमार्क की खरीदारी से बचें, सावधान

## प्रमाणित दुकानों से ही खरीदारी करें : महेश्वर राम

नवीन मेल संवाददाता




**डंडई।** प्रखंड में दिवाली और धनतेरस के पर्वों पर सोना, चांदी एवं पीतल के बर्तनों की खरीदारी धूमधाम से होती है। हालांकि इस साल की रिकॉर्ड ऊंची कीमतें खरीदारों को हतोत्साहित कर रही हैं, फिर भी बाजार सज चुका है। स्थानीय ज्वेलर्स द्वारा बिना हॉलमार्क के सोना बेचने की खबरों के बीच पंचायत मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि धनतेरस के दिन सोना, चांदी और झाड़ू खरीदना शुभ माना जाता है, इसलिए हर कोई इस परंपरा को निभाता है। मगर बिना हॉलमार्क के आभूषण खरीदना धोखाधड़ी का कारण बन सकता है। ग्रामवासियों को सलाह दी गई है कि वे केवल प्रमाणित दुकानों से ही खरीदारी करें।


Govt. of Jharkhand
Department of Mines and Geology

(अतिअल्पकालीन निविदा)

4th Call

District- Lohardaga.

Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats

(Through E-Procurement mode over https://www.jharkhandtenders.gov.in)

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 के बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :–

1. ई–नीलामी कार्यक्रम:–

| NIT No. MINES/ LOHARDAGA/ SAND | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालू घाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/–रू0+GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | ई–नीलामी से पूर्व प्री– बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 7/2025 | GROUP-A<br>1. गितिलगढ–खरता<br>2. डोबा<br>3. कोलसिमरी–डोबा<br>4. लावागाई–नदीनगडा<br>5. हरमू–भक्सो<br>6. कैमो–भक्सो<br>7. बरगांव–कैमो<br>8. जुरिया–तिगरा | 17.10.2025 | 18.10.2025 03:00 PM | 18.10.2025 03:00 PM एवं 03.11.2025 03:00 PM | 07.11.2025 5:00 PM | 08.11.2025 को 10:00 बजे पूर्वाहन से 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 8/2025 | GROUP-B<br>1. डांडू–मेढो<br>2. एकागुडी–मेढो<br>3. सेन्हा–मेढो<br>4. जोगना–मेढो<br>5. उगरा–भड़गांव | | | | | |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी प्रक्रिया, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.jharkhandtenders.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. बालू घाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025के नियम–3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
8. निविदादाता द्वारा ई–पोरक्योमेंट/ई–नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
9. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा | जिला कोषागार पदाधिकारी, लोहरदगा | जिला खनन पदाधिकारी, लोहरदगा

अपर समाहर्ता लोहरदगा | उप निदेशक, खान दक्षिणी छोटानागपुर अंचल, राँची | उपायुक्त, लोहरदगा

PR.NO.364358 Lohardaga(25-26):D

# धनतेरस व दीपावली के लिए बाजारें सजीं, खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता



लातेहार। जिले में धनतेरस और दीपावली पर्व को लेकर शहर के सभी बाजार और दुकानें रौनक से सज गई हैं। त्योहार के उत्साह में लोग गहने, कपड़े, बर्तन और अन्य वस्तुओं की खरीदारी के लिए बाजार में भारी भीड़ उमड़ा रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, ज्वेलरी, मिठाई की दुकानें ग्राहकों के स्वागत में तत्पर हैं। धनतेरस पर बर्तन की खरीदारी विशेष रूप से बढ़ जाती है क्योंकि इसे शुभ माना जाता है। इस दौरान तांबा और स्टील के कलश के साथ-साथ पीतल की थाली भी लोगों की पहली पसंद है। आभूषण की दुकानों पर लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों और सिक्कों की लोकप्रियता देखने को मिलती है। व्यापारियों को इस बार बेहतर व्यवसाय की उम्मीद है। जिला मुख्यालय के अलावा चंदवा, बालूमाथ, बारियातू, हेरहंज, मनिका, बरवाडीह, महुआडांड समेत कई बाजारों में स्टील के लोटे, तांबे के कलश और पीतल की दीपक थाली की खूब बिक्री हो रही है। गृहिणी शीला देवी ने बताया कि धनतेरस पर बर्तन खरीदना शुभ होता है, क्योंकि नई वस्तुएं घर में लक्ष्मी का वास करती हैं। इसी वजह से वे हर साल तांबे का लोटा और चांदी का सिक्का खरीदती हैं। इसके साथ ही स्कूटी और अन्य दोपहिया वाहनों की बाजार में भी तेजी देखने को मिल रही है। युवतियां स्कूटी को पसंद कर रही हैं तथा लोग नए वाहन खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। दीपावली पर नए कपड़े खरीदने के लिए भी भारी भीड़ रहती है। इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों में मिक्सर, कुकर, इंडक्शन, मोबाइल आदि की मांग बढ़ गई है, जो त्योहारों पर सौभाग्य का संकेत माना जाता है। दुकानदारों का मानना है कि इस वर्ष कारोबार पिछले वर्ष से बेहतर रहेगा। धनतेरस के पहले से ही दुकानों को सजाया गया है और ग्राहकों के लिए स्वागत की पूरी तैयारी है। बाजार में इस तरह की चहल-पहल और सजावट से त्योहार का माहौल चारों ओर फैल गया है।

## धनतेरस-दीपावली से पहले सुरक्षा सख्त, ज्वेलर्स व बैंकों का निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर आगामी धनतेरस और दीपावली पर्व को सुरक्षित रूप से मनाने के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। शुक्रवार को सदर थाना प्रभारी रामाकांत गुप्ता ने शहर के प्रमुख ज्वेलर्स, बैंकों और अन्य प्रतिष्ठित दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों से अपील की गई कि वे सुरक्षा को और सख्त करें और अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था अवश्य करें। क्रय-विक्रय के दौरान जरूर आने वाली भीड़ और नकदी संचयन के कारण सुरक्षा को प्राथमिकता के साथ देखा जा रहा है। थाना प्रभारी ने दुकानदारों और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा कमजोरियों पर निगरानी बढ़ाने व सुधारात्मक सुझाव भी दिए। त्योहार के दौरान पेट्रोलिंग, नाकाबंदी और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। किसी भी अप्रत्याशित घटना की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि व्यापारी और नागरिक मिलकर सुरक्षा बनाए रखेंगे ताकि पर्व खुशियों से भरे और सुरक्षित हों। मौके पर एएसआई कुंवर प्रसाद पोद्दार एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में हुई युवक की मौत के विरोध में परिजनों ने शव के साथ एनएच किया जाम



नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। हिसरी के समीप गुरुवार को एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन की चपेट में आने से बोरसीदाग निवासी विशाल लोहरा की मौत हो गई। इस दुर्घटना से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण शुक्रवार को रांची–मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर लुकुइया मोड़ के पास मृतक के शव के साथ सड़क जाम करके अपनी पीड़ा प्रकट की। करीब एक घंटे तक जाम के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप पड़ गया। मौके पर लातेहार एसडीओ अजय कुमार, सीओ सुमित झा, बीडीओ चंदन प्रसाद, तथा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार पहुंचे और जाम कर रहे लोगों से बातचीत कर उन्हें समस्या का समाधान का आश्वासन दिया। मृतक के परिजनों ने न्याय और सरकारी मदद की मांग करते हुए कहा कि मृतक परिवार को उचित मुआवजा और सहायता राशि दी जाए और दुर्घटना में शामिल पिकअप वैन चालक को गिरफ्तार किया जाए। दुर्घटना के दिन तेज रफ्तार पिकअप ने सड़क किनारे खड़े विशाल लोहरा को टक्कर मारी थी। स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। विशाल परिवार का इकलौता बेटा था, जिसके निधन से परिवार बुरी तरह टूट गया है। यह घटना सड़क सुरक्षा और वाहन चालकों की लापरवाही की गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है।

### अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा, इलाज के दौरान मौत

चंदवा। रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित हिसरी पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक झरी उरांव को रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल झरी को स्थानीय ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद भी उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रिम्स रांची रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अज्ञात वाहन चालक हादसे के बाद फरार हो गया। झरी उरांव हिसरी पेट्रोल पंप से पेट्रोल डलवाकर लौट रहा था कि विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने उसे टक्कर मारी। यह दो दिनों में क्षेत्र में दूसरी दुर्घटना से हुई मौत है। स्थानीय लोगों ने पुलिस और प्रशासन से अपील की है कि तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाकर सड़कों को सुरक्षित बनाया जाए। घटना से पूरे इलाके में शोक वाले माहौल के बीच तेज गति पर नियंत्रण की मांग जोर पकड़ रही है।

## धनतेरस आज, घरों व बाजारों की बढ़ी रौनक

नवीन मेल संवाददाता



महुआडांड़। प्रखंड में दीपावली के पर्व की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस खास मौके पर बाजारों को सजाने और घरों को रंग-रोगन के साथ साफ-सफाई में लोग व्यस्त हैं, जिससे शहर की रौनक बढ़ गई है। बाजारों में रंगीन लाइट, मिट्टी के दिये, देवी-देवताओं की तस्वीरों और अन्य सजावट के सामानों की भारी मांग देखी जा रही है। दुकानदार भी धनतेरस से पहले अपने प्रतिष्ठानों को चमकाने में लगे हुए हैं ताकि त्योहार के दौरान अधिकतम ग्राहक आकर्षित कर सकें।

इस वर्ष सोने-चांदी की बढ़ी कीमतों ने पीतल के बर्तनों और अन्य वस्तुओं की खरीदारी को बढ़ाने में मदद की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ अभियान का भी यहाँ गहरा असर देखा जा रहा है, जिससे स्थानीय कुम्हारों तथा कारागारों को आर्थिक रूप से लाभ मिला है। मिट्टी के दियों की बिक्री में भी खासा इजाफा हुआ है और लोग स्वदेशी उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। दुकानदारों का मानना है कि इस वर्ष धनतेरस का व्यवसाय सामान्य से बेहतर रहेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। त्योहार के इस माहौल में खरीददारों की तादाद बढ़ी है, और हर कोई अपने घर को विशेष बनाने में जुटा है। लोगों ने बताया कि खुशनुमा दीपावली के लिए बाजार अब पूरी तरह सज गया है और खरीदारी की लहर चल रही है। खासकर परिवार के बड़े सदस्य सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी कर रहे हैं, वहीं छोटे-प्यारे रंग-बिरंगे लाइट और सजावट खरीदकर घरों को सजा रहे हैं। धनतेरस के साथ ही दीपावली पर्व की शुरुआत होगी, जो 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। बाजार की इस चहल-पहल और सजावट के बीच त्योहार की खुशी वातावरण में फैल गई है। स्थानीय लोग उत्साह से त्योहार की प्रतीक्षा कर रहे हैं और इस दौरान सुरक्षा एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान भी रखा जाएगा।

### प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन

चंदवा। चंदवा प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ सीओ सुमित कुमार झा और बीडीओ चंदन प्रसाद ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्रमुख कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार पांडेय ने किसानों को रबी फसल की बेहतर पैदावार के लिए उन्नत बीज, सिंचाई प्रबंधन, उर्वरक और कीटनाशकों के संतुलित प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही फसल विविधीकरण, मृदा परीक्षण और सरकारी योजनाओं के लाभ उठाने के तरीके भी साझा किए। बीडीओ ने किसानों से सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन हेतु उनकी सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यशाला में बैंकों के अधिकारियों ने किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि ऋण और सब्सिडी योजनाओ का परिचय दिया और समय-समय पर ऋण वितरण का आश्वासन दिया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सरोज केरकेट्टा ने समेकित कृषि-पशुपालन मॉडल के फायदे बताए, जो किसानों की आजीविका बढ़ाने में मददगार होगा। मौके पर जनसेवक, किसान मित्र, विभिन्न बैंक अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस कार्यशाला से किसानों को लाभकारी एवं आधुनिकीकरण कृषि के प्रति जागरूकता मिली है, जो इलाके की कृषि स्थिति सुधारने में सहायक रहेगी।

### छठ घाट का निरीक्षण कर संस्था ने किया बैठक

बालूमाथ। लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर बालूमाथ की हिन्द भारती स्वयंसेवी संस्था ने होटल प्रतीक्षा में संस्था अध्यक्ष रवि सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की। बैठक से पूर्व संस्था के सदस्यों ने सार्वजनिक छठ घाट का निरीक्षण कर विशेष तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद बैठक में छठ घाट पर विधि व्यवस्था को लेकर गहन चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी पिछले वर्षों की तरह छठ महापर्व धूमधाम और पूर्ण भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। संगठन छठ व्रतियों की समस्याओं से निपटने especial रूप से तत्पर रहेगा। घाट की सफाई, लाइटिंग, आवाज की व्यवस्था जैसी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इसके अलावा छठ व्रतियों के लिए दूध और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी संस्था द्वारा लागत मूल्य पर की जाएगी। हिन्द भारती संस्था वर्षों से छठ घाट की व्यवस्थाओं की देखरेख कर रही है, और इस बार भी समिति ने व्यवस्था को बेहतर बनाने का संकल्प लिया है। बैठक में संस्था के प्रमुख सदस्यों के साथ-साथ कई सामाजिक कार्यकर्ता, जैसे संजू ओझा, अखिलेश भोक्ता, रवि रजक, विनोद साव, सोनू सिंह, बबलू चौरसिया, प्रमोद गुड्डू, ऋषि कुमार आदि उपस्थित थे। सभी ने मिलकर छठ पर्व को सफल एवं शांतिपूर्ण बनाने की जिम्मेवारी का संकल्प लिया।

### बनहरदी कोयला खनन परियोजना ने मेधावी छात्रों को दिया "उत्कर्ष छात्रवृत्ति" सम्मान

लातेहार। लातेहार के बनहरदी कोयला खनन परियोजना के तहत प्रभावित क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को उत्कर्ष छात्रवृत्ति योजना के तहत सम्मानित किया गया। प्रत्येक छात्र को 3000 रुपये की छात्रवृत्ति दी गई। यह राशि उनकी पढ़ाई और विकास में मददगार साबित होगी। कार्यक्रम में शासकीय +2 उच्च विद्यालय सासंग के प्राचार्य पंकज कुमार यादव ने छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों और मुखिया ओम प्रकाश सिंह ने भी इस पहल की सराहना की। बनहरदी परियोजना के महाप्रबंधक एन के मल्लिक, अपर महाप्रबंधक एम चन्द्रसेगर, आर बी सिंह समेत कई अन्य प्रबंधन अधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। एन के मल्लिक ने बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्साहवर्धन किया। यह योजना स्थानीय शिक्षा को प्रोत्साहित करने और छात्रों के लिए अतिरिक्त सहायता प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे इलाके के युवा बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर होंगे।

### बीडीओ की अध्यक्षता में कुष्ठ रोग खोज अभियान को लेकर बैठक

सिमरिया (चतरा)। सिमरिया प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद की अध्यक्षता में कुष्ठ रोग खोज अभियानका वर्ष 2025-26 के प्रथम चक्र को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। साथ ही बाल विकास परियोजना अंतर्गत कार्यरत सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अभियान के तहत कुष्ठ रोग से पीड़ित मरीजों का सर्वे किया जाएगा ताकि बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। बताया गया कि जिले में यह अभियान 10 से 26 नवंबर तक चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत आंगनवाड़ी सेविकाओं को केंद्रवार माइक्रो प्लान की तैयारी एवं संकुल संसाधन सेवी को प्रचार प्रसार हेतु प्रशिक्षित किया गया। डॉ. बीएन प्रसाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रेफरल अस्पताल सिमरिया के द्वारा सभी को कुष्ठ बीमारी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि कुष्ठ रोग एक साधारण बीमारी है जो किसी भी व्यक्ति को हो सकती है।

### शांति समिति की बैठक में सुरक्षा, सफाई व सहयोग का आह्वान

बेतला (लातेहार)। बरवाडीह थाना में बीडीओ रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में छठ पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में मनाने के लिए शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में थाना प्रभारी अनूप कुमार ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे बस स्टैंड से आदर्श नगर मोड़ तक अतिक्रमण न करें तथा वाहन मुख्य मार्ग पर न खड़े करें। अंचल अधिकारी लवकेश सिंह ने लोगों से अपील की कि वे दीपावली और छठ पर्व पर विदेशी झालर और लाइट के स्थान पर मिट्टी के दीयों और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें ताकि स्थानीय कुम्हारों को लाभ मिले। उप प्रमुख बिरेन्द्र जायसवाल समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे जिन्होंने प्रशासन के सहयोग को लेकर आश्वस्त किया। वर्षभर की तरह इस वर्ष भी प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयास से पर्व सफल और सुरक्षित रूप से मनाने की प्रतिबद्धता जताई गई। पूर्व उप प्रमुख व छठ पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज गुप्ता, मैन रोड छठ पूजा समिति के अध्यक्ष रवि सिंह, मुखिया कालो देवी, पंचायत सदस्य असमीना बीबी, सांसद प्रतिनिधि ईश्वरी सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्ति बैठक में मौजूद थे। इस बैठक ने पर्व के दौरान सुरक्षा, शांति और साफ-सफाई के लिए ठोस प्लानिंग और लोगों को उत्साहित किया।

### दीपावली व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

महुआडांड़। थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया की अध्यक्षता में दीपावली एवं छठ पूजा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से मनाने के लिए शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों का स्वागत करते हुए त्योहारों के दौरान शांति व स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान नशीले पदार्थों का सेवन कर उत्पात मचाने वालों पर पुलिस कड़ी नजर रखेगी। बैठक में स्थानीय लोगों ने प्रमुख शिकायत के रूप में मुख्यालय के पास बह रही गंदा नाली का पानी बंद करने की मांग की, जिससे आसपास के घरों और बाजार क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी खतरों को रोका जा सके। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने समस्या की गंभीरता को समझते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने मिलकर सभी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण मनाने का संकल्प लिया।

### सरस्वती विद्या मंदिर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

लातेहार। सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ में नवम कक्षा की छात्राओं ने दीपावली के पावन अवसर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रियांशी, अनन्या, निर्मला, सुलेखा और खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भूमिका, अमोली, छोटी अनुराधा और पीहू द्वितीय स्थान पर रहीं। चैताली, अदिति, रिशा, नीति और कोमल ने तृतीय स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता 17 अक्टूबर 2025 को आयोजित हुई और पूरा विद्यालय परिसर रंगों और सृजनात्मकता से जगमगा उठा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने छात्राओं को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दीपावली केवल दीपों का पर्व नहीं, बल्कि सृजनशीलता, सकारात्मक ऊर्जा और सामूहिक उत्साह का उत्सव है। उन्होंने इस तरह की प्रतियोगिताओं को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। प्रतियोगिता का समापन बालिका शिक्षा प्रमुख रजनी नाग के नेतृत्व में हुआ, जहां उन्होंने पारंपरिक और आधुनिक शैली की रंगोली बनाकर दीपोत्सव की भावना को प्रभावशाली बनाते हुए सभी को प्रेरित किया।

# सिंगबोंगा मैराथन दौड़ : नेतरहाट से जतरा ताना भगत स्मारक, चिंगरी तक 28 किमी की दौड़ सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता




महुआडांड़। गुमला जिले के पर्वतीय अंचल में आज नेतरहाट से जतरा ताना भगत स्मारक, चिंगरी (बिशुनपुर) तक लगभग 28 किलोमीटर की सिंगबोंगा मैराथन दौड़ का भव्य आयोजन हुआ। यह दौड़ युवा कौशल विकास महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसमें जिले भर के सैकड़ों युवा और छात्राओं ने भाग लिया। दौड़ ने उमंग, जोश और एकजुटता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती पूनम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह मैराथन युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, जो आने वाले समय में देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री अशोक भगत ने इसे झारखंड की सांस्कृतिक चेतना और अनुशासन का प्रतीक बताया तथा युवा प्रतिभागियों को जीवन में दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। नेतरहाट विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष पाठक ने युवाओं के मनोबल और टीम भावना की सराहना की। सुबह की ठंडी हवा और अद्भुत प्राकृतिक दृश्य के बीच आयोजित इस दौड़ में हर कदम पर जल, उपचार और विश्राम की बेहतर व्यवस्था थी। ग्रामीण और स्कूलों के लोग भारी उत्साह से प्रतिभागियों का स्वागत कर रहे थे। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमशः नीमा कुमारी, ऊषा कुमारी, रूपा कुमारी को मिले, जबकि बालक वर्ग में अनुराय उरांव, अमर उरांव, रामबिलास पासवान विजेता रहे। कुल में बालिका वर्ग में 378 तथा बालक वर्ग में 566 प्रतिभागियों ने मुकाम हासिल किया। मैराथन के समापन समारोह में विजेताओं को प्रमाणपत्र, मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों ने इस आयोजन की खूब सराहना की। पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि यह मैराथन झारखंड की एकता, साहस और सामाजिक जागरूकता का जीवंत उदाहरण बन चुकी है और यह युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करती रहेगी।

## न्यूज बॉक्स

### महिला को काटा सांप, प्राथमिक उपचार के बाद स्थिर स्थिति

बारियातू। बारियातू के अमरवाडीह ग्राम निवासी 22 वर्षीय किरण कुमारी मक्का तोड़ते समय सांप के काटने से घायल हो गई। उसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ लेकर पहुंचे। चिकित्सक अशोक कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति को स्थिर बताया। घटना के बाद स्थानीय लोग सतर्क हैं और ग्रामीणों ने सावधानी बरतने की अपील की गई है।

### मदारपुर में साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ

कुंदा (चतरा)। सिक्कीदाग पंचायत अंतर्गत मदारपुर गांव के बेलवाटांड़ स्थान पर साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन मुखिया अनीता देवी ने किया। इस बाजार से ग्रामीणों को दैनिक वस्तुओं की खरीदारी में सुविधा मिलेगी और शहर जाने की आवश्यकता कम होगी। स्थानीय व्यापारी अपनी वस्तुएं बेचने में समर्थ होंगे। किसान फसल के बीज खरीदने और उपज बेचने का अवसर पाएंगे। मुखिया ने ग्रामीणों से बाजार का सक्रिय उपयोग करने और गांव के विकास में सहयोग देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में कई ग्रामीण और पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

### खरवार भोक्ता विकास संघ की हुंकार महारैली रांची के लिए रवाना

बारियातू। बारियातू के खरवार भोगता विकास संघ प्रखंड कमिटी की अगुवाई में शुक्रवार को प्रभात तारा मैदान से हुंकार महा रैली के लिए एक जत्था रांची रवाना हुआ। रैली का मुख्य उद्देश्य कुर्मी समाज की मांगों को लेकर आवाज़ बुलंद करना है। हजारों की संख्या में लोग इस रैली में शामिल हैं। प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझू, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश्वर गंझू, पंचायत मुखिया केदार गंझू समेत अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। एसटी कल्याण विभाग के विधायक प्रतिनिधि योगेन्द्र गंझू ने बताया कि यह रैली समाज की समस्याएं सरकार तक पहुंचाने का माध्यम है। समाज की एकजुटता और अधिकारों की रक्षा रैली का लक्ष्य है। बड़ी संख्या में लोग उत्साह के साथ इसमें सम्मिलित हुए।

### पीटीजी डाकिया योजना में लापरवाही, राशन वितरण सड़क किनारे करने का आरोप

बेतला (लातेहार)। बरवाडीह प्रखंड में चल रही पीटीजी डाकिया योजना अपने मूल उद्देश्य से भटक गई है। आदिम जनजाति परिवारों तक खाद्यान्न घर-घर पहुंचाने की यह योजना अब कागजों में ही सही लेकिन व्यवहार में असफल साबित हो रही है। स्थानीय डीलर मुकेश भुईया पर आरोप है कि वे लाभुकों के घर जाकर राशन वितरित नहीं करते, बल्कि एक से दो किलोमीटर दूर सड़क किनारे बुलाकर ही वितरण करते हैं। इससे बुजुर्ग और महिलाएं भारी परेशानी में हैं, जिन्हें दूर जाकर राशन लेना पड़ता है। कई लाभुकों ने कहा कि यह योजना निराशाजनक है और सरकार की मंशा के विरुद्ध है। डीलर ने बताया कि यदि घर तक वितरण किया तो रोक-टोक होती है। इस विषय में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से जांच और उचित कार्रवाई की मांग की गई है। सामाजिक संगठनों ने भी इस योजना की पुनर्समीक्षा और सुधार की ज्ञापन दिया है क्योंकि राशन वितरण में इस प्रकार की लापरवाही से आदिवासी परिवारों का भला नहीं हो रहा।

### अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, जेल भेजा गया



बालूमाथ। बालूमाथ पुलिस और अंचल अधिकारियों ने संयुक्त कार्रवाही कर दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजेश कुमार साव और जितेंद्र कुमार बालूमाथ से चंदवा के लिए मोटरसाइकिल पर अफीम तस्करी कर रहे थे। उनकी तलाशी के दौरान करीब 1 किलो 66 ग्राम अफीम बरामद हुई। यह अफीम बाजार में लगभग पांच लाख रुपये की कीमत की है। दोनों आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई की जानकारी बालूमाथ अनुमंडल प्राधिकारी विनोद रवानी ने प्रेसवार्ता में दी। पुलिस ने नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान भी तेज किया है। इस अभियान में डीएसपी विनोद रवानी, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, अन्य पुलिसकर्मी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। यह कार्रवाई क्षेत्र में नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### पंचमुखी शिव मंदिर के पीछे नालियों की कमी से सड़क पर गंदा पानी, स्वास्थ्य के लिए खतरा

बेतला (लातेहार)। बरवाडीह मुख्य बाजार के पंचमुखी शिव मंदिर के पीछे घरों की नलियों से निकलने वाला गंदा पानी मुख्य सड़क पर बह रहा है, जिससे वहां के लोग स्वास्थ्य और स्वच्छता के जोखिम में हैं। स्थानीय निवासियों ने दशहरा पर्व के समय भी गंदगी से हुई परेशानी बताई है और दीपावली तथा छठ पर्व को लेकर भी घबराहट जताई है। सांसद प्रतिनिधि दीपक राज ने निरीक्षण कर कहा कि नालियों की कमी से रास्तों पर बदबूदार पानी के बहाव से पर्यावरण और नागरिक जीवन प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने तत्काल समाधान की अपील की और प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से तीव्र कदम उठाने को कहा। उन्होंने यह भी बताया कि सांसद और विधायक को इस समस्या की जानकारी दी जाएगी ताकि वह भी स्थिति सुधार में मदद करें। स्थानीय लोगों ने कहा कि उन्होंने कई बार शिकायत की लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। यह मामला नगर के स्वच्छता और नाली प्रबंधन की कमियों को दर्शाता है।

### राष्ट्रीय स्तर पर जिले के खिलाड़ी कर रहे प्रदेश का गौरव बढ़ाते हुए अद्भुत प्रदर्शन - उपायुक्त ने किया सम्मान



लातेहार। लातेहार जिला खेल कार्यालय के तहत आयोजित आवासीय एवं डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों के बालक-बालिकाओं ने वर्ष 2025 में राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। शुक्रवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कार्यालय परिसर में इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिले की खेल प्रतिभाएं बेमिसाल हैं और राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रही हैं। उपायुक्त ने यह भी आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन खेल प्रतिभाओं के विकास तथा उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। सम्मान समारोह में जिला खेल पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित थे। बालक एथलेटिक्स, बालिका वॉलीबाल और बैडमिंटन केंद्र के प्रशिक्षकों आलोक कुमार सिंह, प्रवीण मिश्रा और वाहिद अंसारी को भी सोल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों में अमित उरांव, जयदीप उरांव और अनुष्का कुमारी के अलावा कई अन्य खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता हैं। यह पर्वतीय झारखंड में खेल के प्रति लोगों की बढ़ती रुचि और युवाओं के उत्साह का परिचायक है।

## न्यूज बॉक्स

### सेवाओं को लेकर लोगों का विश्वास हासिल करे नगर परिषद : डॉ ताराचंद



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में नगर परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में साफ-सफाई, कूडे.का उठाव, पेयजल की आपूर्ति, टैक्स की वसूली, सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट, छठ घाटों की साफ-सफाई समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई और निदेश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि नगर परिषद द्वारा नगर में साफ-सफाई, नियमित रूप से जलापूर्ति, कूडे.का उठाव, विशेष अवसरों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों का विश्वास हासिल करना चाहिए। विद्युत प्रमण्डल और नगर परिषद समय निर्धारित कर नगर क्षेत्र में नियमित रूप से जल की आपूर्ति करें ताकि लोगों को समय से पानी मिल सके। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए क्षमता व आवश्यकता का सही आकलन कर लें। छठ पूजा को देखते हुए नगर क्षेत्र में अवस्थित सभी छठ घाटों की साफ-सफाई कराने के लिए अभियान चलाएं। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। होर्डिंग्स से टैक्स वसूली हेतु दर से संबंधित प्रस्ताव तैयार करें। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, प्रशासक मुक्ति किड़ो, सिटी मैनेजर व विभिन्न कार्यों से संबंधित ऐजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जिले की 91993 महिलाओं को मिला दीपावली का तोहफा, खाते में आए 2500 रुपए

**लोहरदगा।** छठ एवं दीपावली पूजा के शुभ अवसर पर राज्य सरकार ने महिलाओं को खास तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत लोहरदगा जिला की 91993 (एकानब्बे हजार नौ सौ तिरानब्बे) महिलाओं को अक्टूबर 2025 माह की सम्मान राशि प्रदान की गई है। इसके तहत लाभुक महिलाओं के बैंक खातों में कुल 22 करोड़ 99 लाख 80 हजार रूपये का आधार आधारित भुगतान किया गया है।लोहरदगा जिला में अक्टूबर 2025 माह में लाभुकों की संख्या विभिन्न प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों में इस प्रकार है:-भण्डरा प्रखण्ड में 13075, कैरो प्रखण्ड में 8083, पेशरार प्रखंड में 4120, सेन्हा प्रखंड में 14835, कुडू प्रखंड में 17669, किस्को प्रखंड में 11461, लोहरदगा प्रखंड में 11534 व लोहरदगा शहरी क्षेत्र में 11871 है। उक्त जानकारी प्रमोद दास, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

### कुटमू गांव में बच्चों के बीच मिठाई व पटाखों का वितरण किया



**लोहरदगा।** दीपावली पर नारी सम्मान ग्रुप के द्वारा सदर प्रखंड के कुटमू गांव में बच्चों के बीच मिठाई पटाखें चॉकलेट बिस्किट विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी वितरण किया गया। जिससे बच्चों के चेहरे पर काफी खुशी एवं उत्साह नजर आया। बताया गया कि यह त्यौहार हमें प्रकाश समृद्धि और एकता का संदेश देता है। दीपावली की रात्रि अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है। दीपावली रोशनी का त्यौहार बुराई पर अच्छाई, अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की जीत का प्रतीक है। दीपावली पर गरीबों के बीच मिठाइयां और पटाखे बांटना एक नेक कार्य है। जो सभी को खुशियां बांटने और समाज को एक साथ लाने का संदेश देता है। यह हर कार्य हमें सिखाता है कि दीपावली सिर्फ मनाना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के जीवन में भी रोशनी फैलाना है। इस मौके पर अध्यक्ष रचना रॉय के नेतृत्व में मंजू सोनी, पूनम गुप्ता, संगीता गुप्ता, इंदिरा प्रधान, दीपा शेखर, नवोदिता, प्रीति, पूर्णिमा दास उपस्थित थे।

### ट्रक ऑनर एसोसिएशन सदस्यों ने हेसल साइडिंग को जाम किया



**लोहरदगा।** झारखंड पठारी चंदवा लोहरदगा ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संचालन समिति के सदस्यों के द्वारा हेसल साइडिंग को जाम किया गया। हिंडालको कंपनी द्वारा संचालित चिरोड़ीह माइंस में सभी ट्रकों की लोडिंग हुई थी। उनमें से दो ट्रके सुबह में बॉक्साइट अनलोडिंग करने के लिए हेसल साइडिंग पहुंचती है तो वहां के कांटा स्टाफ के द्वारा इन ट्रकों के चालकों को बताया जाता है कि हिंडालको हेड ऑफिस से आप लोगों के लिए आदेश प्राप्त हुआ है कि इन गाड़ियों को खड़ी कर दी जाए और बॉक्साइट अनलोडिंग ना की जाए। ट्रक चालकों के द्वारा इसकी सूचना संचालन समिति के सदस्यों को प्राप्त होती है इसके पश्चात संचालन समिति के सदस्य हेसल साइडिंग जाकर वहां के प्रबंधक से इसके बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं कि इन गाड़ियों को क्यों खड़ी की गई है। जब उनके द्वारा इसकी संतुष्टी पूर्वक जवाब नहीं मिलती है तो सदस्यों के द्वारा हेसल साइडिंग को सुबह 11 बजे जाम कर दिया जाता है, जिसके बाद सैकड़ों की तादाद में ट्रके और रैक लोडिंग करने वाली हईवा खड़े हो जाती है। साइडिंग प्रबंधक के द्वारा इसकी सूचना हिंडालको के वरीय पदाधिकारियों को दी जाती है इसके बाद हिंडालको के वाइस प्रेसिडेंट संचालन समिति के सदस्यों से टेलीफोनिक वार्ता करते हैं तत्पश्चात हिंडालको के पदाधिकारी श्री राकेश शर्मा जी हिंडालको के प्रतिनिधि के रूप में हेसल साइडिंग जाकर संचालन समिति के सदस्यों के साथ वार्ता करते है वार्ता के उपरांत लगभग 4 बजे शाम को साइडिंग जाम को हटा दिया जाता है इसके बाद निर्दोष ट्रकों का कांटा करवा कर चलन दिलवाने के पश्चात ट्रक मालिकों को भेज दिया जाता है। असल में कम्पनी से जुड़े कुछ गणमान्य लोगों की गुंडागर्दी है जिसकी बातों को मानते हुए कंपनी ने निर्दोष ट्रैको को बली का बकरा बनाया जा रहा है। संचालन समिति के सदस्य इरशाद अहमद, शाहिद अहमद बेलू, अनवर अंसारी, काजू कुरैशी, दाऊद आलम, आसिफ खान, खुर्शीद अंसारी, बबलू चिरी, गोल्डन कुरैशी, राणा प्रताप सिंह, पंकज सिंह, सोनम राज गोलू, फिरोज अंसारी, साजिद खान, महबूब खान, जफर इकबाल, मुस्लिम अंसारी आदि जाम में शामिल थे।

# सजा लोहरदगा का बर्तन बाजार, व्यापार के लिए अधिक शुभ माना जाता है धनतेरस

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** इस बार धनतेरस को लेकर लोहरदगा का बर्तन बाजार सजकर तैयार हो गया है। पर्व को लेकर बाजार में चहल पहल दिखाई दे रही है। स्टील से निर्मित बर्तन समेत अन्य चीजों के कच्चे माल में तेजी होने के बाद भी व्यापारियों को धनतेरस पर लाखो करोड़ो के कारोबार की उम्मीद है। व्यापारियों की मानें, तो इस धनतेरस बाजार से करीब दो से तीन करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद है। धनतेरस और दीपावली पर सर्राफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल्स, बर्तन और गिफ्ट आइटम की दुकानों से करोड़ों का कारोबार होगा। बिक्री को लेकर व्यापारियों में भारी उत्साह है। शहर के अपर बाजार, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, महावीर चौक, सोमार बाजार, सर्राफा बाजार में दुकानों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। वहीं, सबसे ज्यादा धनतेरस पर बर्तन बाजार चमकने की उम्मीद है। अलग-अलग वैराइटी के बर्तन दुकानों पर सजा रखे हैं। अकेले बर्तन का ही एक करोड़ से अधिक का व्यापार होने की उम्मीद जताई जा रही है। इधर बर्तन व्यापारी विकास कांस्यकार, पिंटू कसेरा आदि का कहना है की इस बार धनतेरस पर नए स्टाक में स्टील के नए डिजाइन के बर्तन मंगाए हैं। इंडेक्शन कढ़ाही, भगौना, चायपेन, थ्री इन वन, कूकर सहित स्टील के नए डिजाइन के बर्तनों की खूब मांग है। ताकि ग्राहक मायूस होकर वापस न लौटे। वही धनतेरस पर शाही बर्तनों की खूब खरीदारी की जाती है। इसलिए बाजार में नए डिजाइन के बर्तन मंगाए गए है। ताकि ग्राहकों को सामान पंसद आ सकें। इस बार कोरोना की रफ्तार काफी धीमी है। ऐसे में कारोबार होने की पूरी संभावना है।

धन, वैभव, युख समृद्धि आदि का यह पर्व इस वर्ष 18 अक्टूबर को है। इस दिन मिठाई, पूजन के लिए लक्ष्मी - गणेश जी की मूर्तियां, चित्र, चांदी, ब्रास या सोने की मूर्तियां, पूजन की थाली, नए कपड़े, विवाह की खरीदारी, टी वी, लैपटाप, कंप्यूटर, टैब, घड़ी, मोबाईल, डिनर सैट, टोस्टर, तंदूर, बलैंडर, जूसर मिक्सर, फ्रिज, गीजर, कुकर, माइक्रोवेव, फर्नीचर, घर की साज सज्जा, डेकोरेशन, पर्दे, पेंटिग्ज, सोफा, बेड, अन्य फर्नीचर, खिलौने, दीवाली की सजावटी लाईटें, पूजा सामग्री, खीलें ,बतासे, अखरोट आदि ले सकते हैं। इसी दिन धन पूजन, बही खातों, डायरी, कलम दवात , आज के संदर्भ में आपका कंप्युटर, लैपटाप, कैल्कुलेटर, वेंइंग, मशीन, डी कोडिंग मशीन या व्यापारिक प्रतिशठानों में लगे ऐसे साधन व उपकरण जो व्यापार में सहायक होते हैं। उनका भी पूजन किया जाता है। मान्यता है कि दीवाली से दो दिन पहले पड़ने वाले इस त्योहार पर धनतेरस की सायं दीपदान किया जाता है ताकि पूरा परिवार यमराज के कोप से बचा रहे और परिवार में अक्समात कोई दुर्घटना न हो। घरों की भी सफाई की जाती है। शाम के समय प्रवेश द्वार पर रंगोली निर्मित की जाती है ताकि स्वच्छता देख कर लक्ष्मी जी घर पधारें। पुराणों के अनुसार धन्वंतरि जी का अवतरण समुद्र मंथन के अवसर पर अमृत कलश सहित हुआ था। अतः इस दिन बर्तन या आभूषण खरीदना शुभ संकेत माना गया है। बर्तन तथा स्वर्ण या चांदी की धातुएं, स्टील की आल्मारी या तिजोरी, गृहोपयोगी होने के साथ साथ काफी हद तक स्थाई माने जाते हैं।

धनतेरस अर्थात धन त्रयोदशी पर्व का अत्यंत महत्व माना गया है। धन तेरस के साथ पौराणिक ही नहीं अपितु आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। यह पर्व दीवाली के आगमन की सूचना देता है और महापर्व का पंचदिवसात्मक दिन आरंभ हो जाता है। वास्तव में यह दिवस, लक्ष्मी जी के स्वागत का, धन प्रबंधन का, आय बढ़ाने, बचत एवं निवेश के सामंजस्य का सुअवसर है।

## धनतेरस पर बड़ी संख्या में बिकेंगे दो पहिया और चार पहिया वाहन

**लोहरदगा।** इस बार दीपावली पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा हैं। यही वजह हैं कि विगत दो दिनों में शहर के बड़े आटो मोबाईल शो रूम से अब तक सैकड़ो वाहनों की बुकिंग हो चुकी हैं। इस बार दो पहिया व चार पहिया वाहनों की खरीदी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक होने की उम्मीद जतायी जा रही है। इस बार बाजारों में कई नई नई वाहनों के मॉडल है जिस कारण लोगो का आकर्षण रहेगा। खास तौर पर युवा वर्ग अपनी पसंद की दो पहिया वाहन खरीदेंगे। इसकी तैयारी वे पूर्व में ही कर लिए है। कई वाहनों का एडवांस पैसा देकर धनतेरस पर डिलीवरी लेने की तैयारी है। दो पहिया व चार पहिया वाहनों की खरीदी होने के बाद आटो मोबाइल व्यवसायियों में काफी उत्साह बना हुआ है। उधर विभिन्न तरह की स्कीमें दो पहिया व चार पहिया वाहनों पर दी जा रही है जिससे ग्राहकों को भी काफी लाभ हो रहा है और यही वजह है कि धनतेरस पर भी इस बार सैकड़ो वाहन खरीदे जाएंगे। आटो मोबाइल कंपनियों द्वारा वाहन चालकों को हाथों हाथ ऋण सुविधा देने के साथ ही कई आकर्षक उपहार भी देने की योजना शुरू की गई है जिसका बड़ी संख्या में ग्राहक फायदा उठा रहे है और यही वजह है कि विगत दो दिनों में विभिन्न आटो मोबाइल पर करीब सैकड़ो वाहनों की बुकिंग हो चुकी है और अभी दो दिन में इनकी संख्या बढ़ने की संभावना है। आटो मोबाइल कंपनियों के संचालकों का कहना है कि जिस तरह से बुकिंग की जा रही है उस हिसाब से कंपनियों को वाहन बुलाने की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। जैसे-जैसे वाहन उपलब्ध होंगे, ग्राहकों को देना शुरू कर दिए जाएंगे।

## लोहरदगा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# कंटेनर से लाखों की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** हरियाणा के फरीदाबाद से झारखंड ला रहे बंद कंटेनर ट्रक नंबर बीआरओ 01 जीएल 7659 से पुलिस ने लगभग 50 लाख के अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कुडू थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के निकट से उक्त अवैध शराब का खेप जब्त किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक ड्राइवर अनिल व खलासी बृजेश कुमार को गिरफ्तार किया है। जप्त कंटेनर ट्रक से 413 पेटी में बंद 11328 पीस शराब की बोतले बरामद की गई है। जब शराब इंपीरियल ब्लू ग्रीन व्हिस्की की है। ट्रक ड्राइवर की पहचान फरीदाबाद के चंदीला थाना क्षेत्र निवासी बरन सिंह का पुत्र अनिल सिंह एवं खलासी की पहचान फरीदाबाद के बल्लभगढ़ थाना क्षेत्र निवासी सत्य प्रकाश का पुत्र बृजेश कुमार के रूप में की गई है। इस संदर्भ में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि कुडू थाना पुलिस ने मद्य निषेध इकाई, बिहार, पटना से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बंद कंटेनर ट्रक से लाखों रुपये मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस संबंध में थाना कांड संख्या 108/25, दिनांक 16.10.2025, धारा 317(5)/292/3(5) भा.दं. सं. एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक अनिल (उम्र 47 वर्ष, पिता बरन सिंह, निवासी फतेपुर, चंदिला, थाना ओल्ड फरीदाबाद, हरियाणा) एवं खलासी ब्रिजेश कुमार (उम्र 45 वर्ष, पिता सत्य प्रकाश, निवासी सुभाष कॉलोनी, बल्लबगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा) को गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्तों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में गश्ती दल ने कुडू बस स्टैंड के आगे सेतु गैरेज के पास वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान संदिग्ध कंटेनर ट्रक (रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर01जीएल7659) को रोककर तलाशी ली गई। जांच में ट्रक से कुल 413 पेटियां (11,328 बोतलें) अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इसके साथ ही दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। इस छापेमारी दल में थाना प्रभारी मनोज कुमार, पु.अ.नि. हेमंत कुमार, हवलदार जलेश्वर सहार, एवं आ0/29 वैभव नारायण मिर्धा (रिजर्व गार्ड) शामिल थे। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि लोहरदगा पुलिस लगातार अवैध शराब तस्करी और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सख्त कार्रवाई कर रही है। शराब की इतनी बड़ी खेप की बरामदगी से यह स्पष्ट होता है कि तस्कर दूसरे राज्यों से शराब लाकर झारखंड में अवैध व्यापार फैलाने की कोशिश कर रहे थे। ऐसे तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है और आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### दीपावली व छठ पर्व को लेकर स्वास्थ्य विभाग हुआ सख्त

**लोहरदगा।** दीपावली एवं छठ त्योहार वर्ष 2025 के अवसर पर 20 अक्टूबर को दीपावली एवं 27-28 अक्टूबर को छठ पूजा त्योहार मनाया जाना है। उक्त त्योहार के दौरान पटाखा आदि का उपयोग किया जाता है तथा कभी-कभी जलने या आग लगने की घटनाएँ होती रहती है। इस दौरान चिकित्सा व्यवस्था दुरूस्त रखने, सदर अस्पताल एवं सभी प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (24×7) खुले रखने, विशेष रूप से सदर अस्पताल में बर्न वार्ड एवं बर्न के घटनाओं हेतु चिकित्सक की निश्चित रूप से उपस्थिति एवं इसके अतिरिक्त छठ के अवसर पर सिठियों पुल छठ घाट एवं हरमू पुल छठ घाट, बड़ा तालाब छठ घाट एवं ठकुराईन तालाब छठ घाट जहाँ पर काफी भीड़ होती है, चिकित्सा टीम 27 अक्टूबर के अपराह्न 2 बजे से एवं दिनांक 28 अक्टूबर के प्रातः 4 बजे* से उपलब्ध रखना है। अतः उक्त त्योहारों के अवसर पर उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, लोहरदगा /प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, लोहरदगा /कुडू/किस्को / सेन्हा/भण्डरा एवं अन्य संबंधित को निम्न निर्देशों का अनुपालन करने हेतु निर्देश दिये जाते है। उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, लोहरदगा/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुडू/किस्को / सेन्हा/ भण्डरा उक्त तिथियों को अपने-अपने अस्पताल में रोस्टर ड्यूटी के अनुसार चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु रैपिड एक्शन चिकित्सा टीम गठन कर स्टैंड बाय निरंतर रखना सुनिश्चित करेंगे।

# सिविल कोर्ट की लिपिक पुष्पा कुमारी प्रसाद सेवानिवृत्त



- न्यायाधीशों व कर्मचारियों ने माला पहनाकर, उपहार देकर किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सिविल कोर्ट में लिपिक के पद पर कार्यरत पुष्पा कुमारी प्रसाद के सेवानिवृत्ति पर लोहरदगा न्यायालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम स्वयंभू, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय नीरजा आश्री, सीजेएम सह एसीजेएम सह सिविल जज सीनियर डिवीजन कृष्णकांत मिश्र, डीएलएसए सचिव राजेश कुमार, सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वितीय सह जेएम प्रथम श्रेणी रोहित कुमार तथा प्रभारी न्यायाधीश सह अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार गुप्ता सहित न्यायालय के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान न्यायाधीशों और कर्मियों ने पुष्पा कुमारी प्रसाद के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्हें उपहार भेंट किया गया और पुष्पा कुमारी प्रसाद को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा ने कहा कि पुष्पा कुमारी प्रसाद ने अपने पूरे सेवा काल में अनुशासन, समयपालन और जिम्मेदारी का उत्कृष्ट परिचय दिया है। उनका कार्य और समर्पण अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। वहीं प्रभारी न्यायाधीश सह अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि पुष्पा कुमारी प्रसाद सदैव समय पर न्यायालय पहुंचती थीं और अपने कार्य के प्रति पूर्ण ईमानदारी तथा निष्ठा से दायित्वों का निर्वहन करती थीं। उनके कार्य में आज तक कोई त्रुटि नहीं मिली, जो स्वयं में एक उदाहरण है। समारोह में पुष्पा कुमारी प्रसाद ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि 2006 से 2025 तक लोहरदगा सिविल कोर्ट में कार्य करना मेरे लिए सम्मान और गर्व की बात रही। यहां मुझे न्यायाधीशों और सहकर्मियों का अपार सहयोग मिला। न्यायालय की कार्यसंस्कृति और सौहार्दपूर्ण वातावरण ने हमेशा परिवार जैसा अनुभव कराया। मैं सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। उल्लेखनीय है कि पुष्पा कुमारी प्रसाद ने 31 अक्टूबर 1997 को गुमला सिविल कोर्ट में सहायक लिपिक के रूप में अपने सेवाकाल की शुरुआत की थी।

# आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सड़क दुर्घटना में मौत, वज्रपात इंसान व पशु के मौत के मामलों, पानी में डूबने, हाथी द्वारा मारे जाने, करंट से मौत के मामलों में, अतिवृष्टि से मकान क्षति व फसल क्षति के प्राप्त मामलों पर चर्चा की गई व मुआवजा हेतु प्रस्तावित मामलों को पारित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान, ड्रंक एंड ड्राइव से संबंधित अभियान चलाने के निर्देश दिए। सिविल सर्जन को ससमय पोस्टमार्टम रिपोर्ट जारी करने व पुलिस विभाग को रिपोर्ट प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। अंचल अधिकारियों समेत सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग के लंबित अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि ससमय मुआवजा प्रदान किया जा सके। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, जिला परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद उराँव, जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू, डीएसपी समीर तिर्की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, डीडीएमो प्रमोद दास, नगर प्रशासक मुक्ति किड़ो, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय तिर्की, जिला पशुपालन पदाधिकारी रमेश उरांव, श्रम अधीक्षक, सभी अंचल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**

Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 10/2025–26

नगर परिषद कार्यालय में निम्न सामग्रियों का आपूर्ति हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है:–

| SL No. | Description | Unit | Amount (Rs. Including All Taxes) |
|---|---|---|---|
| 1 | Supply of Stone Dust | Per Tone | |

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता दिनांक 24.10.2025 के अपराह्न 03:30 बजे तक कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा में अपना कोटेशन जमा कर सकते हैं। प्राप्त कोटेशन दिनांक– 24.10.2025 को अपराह्न 04:00 बजे खोली जाएगी।

नोट:– नियम एवं शर्ते कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एव https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 364351 Lohardaga(25-26)D


# दीपोत्सव का त्योहार दीपावली की तैयारी में जुटे लोग

- बाजार में रौनक बढ़ी, मिट्टी के दीये, ग्वालिन सहित दीपावली सामग्रियों की बाजार सजी
- मिट्टी के खिलौने व गुल्लक की भी खूब हो रही है बिक्री

कुलदीप कच्छप



**भंडरा।** दीपावली की तैयारी में लोग लग गए हैं। घरों की साफ सफाई रंग रोगन किया जा रहा है। दीपावली के त्यौहार के अवसर पर साफ सफाई का विशेष महत्व होता है। लोग अपने घर सहित आस पास की सफाई करते हैं। इस मौके पर दीपावली के रात दीप उत्सव का त्यौहार मनाया जाता है।अंधकार पर विजय हेतु रोशनी की दिए जलाए जाते हैं ।लोगों के द्वारा दीपावली की तैयारी जोरों से की जा रही है। बाजार में दीपावली के सामग्रियों के बाजार, दुकान सज चुकी है। जगह-जगह मिट्टी के दिया, ग्वालिन, मिट्टी के खिलौने सहित दीपावली के अन्य सामग्रियों की दुकान सज चुकी है। दीपावली के त्यौहार को लेकर बच्चों में खास उत्साह देखा जाता है। इस मौके पर बच्चे पारंपरिक खिलौने ग्वालियन सहित मिट्टी के अन्य खिलौने की खरीद कर अपना घर कुंडवा सजाते हैं। दीपावली के दूसरे दिन ग्रामीण क्षेत्र में गोवंशीय पशु की पूजा की जाती है। इस मौके पर पशुओं को नहला धुल कर तरह-तरह के रंगों से सजाकर एवं उन्हें फूल माला पहनकर विशेष खाना दान दिया जाता है। इस अवसर पर गोवंशीय पशु की पूजा की परंपरा चलती आ रही है।सुबह से शाम तक बाजार में खरीदारों की भीड़ देखने को मिल रहा है जगह-जगह पटाखे, मिट्टी के दीये व लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति के अलावा घर सजाने के समान बिक रहे हैं.मिट्टी के दीये व लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति हर साइज में बाजार में उपलब्ध है। इसके अलावा मिट्टी के खिलौने व गुल्लक भी बिक रहे हैं.। भंडरा के बाजार में इस बार मिट्टी के दीये एक रुपये प्रति पीस की दर से बिक रहे है।



### 70-1100 तक की लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां

दीपावली को लेकर बाजार में लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति जगह-जगह बिक रही है़ लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति 70 रुपये से लेकर 500 रुपये तक में बिक रही है। छोटे साइज की मूर्ति 70-150 रुपये जोड़ा है, जबकि बड़े साइज की मूर्ति 200-500 रुपये जोड़ा है। वहीं ज्वाइंट मूर्ति 150- 300 रुपये पीस बिक रही है़ इसमें लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति एक साथ रहती है़ बाजार में मिट्टी की मूर्ति से लेकर पीतल व चांदी की मूर्ति की भी डिमांड है।

### मिट्टी के खिलौने की मांग

बाजार में बच्चों के लिए मिट्टी के खिलौने, गुल्लक, ग्वालिन सहित अन्य सामान बिकने लगे हैं़ घरौंदा में मिट्टी के खिलौने से पूजा करने की परंपरा है़ इसलिए बाजार में मिट्टी के खिलौने बाल्टी, तवा, बेलन, चौकी, सिलवट, चार चुका, चूल्हा जैसे खिलौने प्रति पीस 10 से 30 रुपये की दर से बिक रहे हैं़ वहीं घरौंदा में पूजा करने के लिए ग्वालिन की बात करें तो 20 से 60 रुपये पीस बिक रहा है़ बच्चों के लिए मिट्टी के गुल्लक जो आम, सेब, संतरा, अमरूद, केला, मछली, नाशपाती, आदि डिजाइन में उपलब्ध हैं वो 20 रुपये प्रति पीस बिक रहे है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।
(डी0एम0एफ0टी0 मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/24/2025-26/Gr_2(3rd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ पंचायत नेतरहाट के ग्राम आधेकोरगी में आँगनबाड़ी केन्द्र आधेकोरगी का निर्माण। | 1819800 | 36500 | 5000 | 3 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 18.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 18.10.2025 से दिनांक 29.10.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –31.10.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. प्रशासनिक स्वीकृति के कंडिका 5 के अनुसार केवल स्थानीय संवेदको / निविदाताओं के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार।

PR 364376 (Rural Development) 25-26 (D)

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाल : मोबाइल की रोशनी में इलाज कराने को विवश मरीज

- अंधेरे में अस्पताल, जनरेटर खराब
- कंडम एम्बुलेंस के सहारे स्वास्थ्य व्यवस्था

सुंदरम कुमार केशरी



**चैनपुर।** चैनपुर का अनुमंडल स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों अपनी बदहाली और घोर कुप्रबंधन के कारण चर्चा में है। यहाँ की स्वास्थ्य व्यवस्था इस कदर चरमरा गई है कि बिजली गुल होते ही प्रसव कक्ष को छोड़कर पूरा अस्पताल अंधेरे में डूब जाता है। इस स्थिति में मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के कारण इस समस्या पर किसी का ध्यान नहीं है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति बेहद खराब है। रात में जब बिजली कटती है, तो पूरे अस्पताल में अंधेरा छा जाता है। केंद्र में रखा जनरेटर तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़ा है, और उसे ठीक कराने की कोई जहमत नहीं उठा रहा। आलम यह है कि किसी आपातकालीन मरीज के आने पर या प्रसव के बाद भर्ती महिलाओं की देखभाल के लिए डॉक्टरों और नर्सों को मोबाइल फोन की टॉर्च या गाड़ियों की हेडलाइट का सहारा लेना पड़ता है। यह स्थिति न केवल मरीजों के लिए खतरनाक है, बल्कि स्वास्थ्य कर्मियों के लिए भी इलाज करना मुश्किल बना देती है।

इतने बड़े क्षेत्र को कवर करने वाले इस अनुमंडल स्तरीय अस्पताल में एम्बुलेंस की भी भारी कमी है। सूत्रों का कहना है कि जो एम्बुलेंस वर्तमान में चल रही है, वह कंडम घोषित हो चुकी है, फिर भी उसे जैसे-तैसे चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यहाँ कम से कम चार एम्बुलेंस की सख्त आवश्यकता है ताकि आपात स्थिति में मरीजों को समय पर पहुंचाया जा सके।

फिलहाल, यहाँ की एम्बुलेंस सेवा पूरी तरह से 108 नंबर के भरोसे चल रही है, जो अक्सर समय पर उपलब्ध नहीं हो पाती। कुल मिलाकर, चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की यह स्थिति सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक गंभीर सवाल खड़ा करती है। एक ओर जहां सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर कर्मियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण आम जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरसना पड़ रहा है।

## कर्मियों की लापरवाही व गायब रहने की शिकायत

अस्पताल की इस दुर्दशा का एक बड़ा कारण कर्मियों की घोर लापरवाही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ज्यादातर कर्मी शाम 4 बजे से पहले ही अपनी ड्यूटी पूरी मानकर गायब हो जाते हैं। उन्हें इस बात की कोई फिक्र नहीं होती कि अस्पताल में मरीजों को क्या सुविधा चाहिए या केंद्र की क्या आवश्यकताएं हैं। उनका काम बस रजिस्टर में अपनी हाजिरी दर्ज करना और समय से पहले निकल जाना है। सरकार द्वारा हर साल मेंटेनेंस के नाम पर भेजे जाने वाले फंड का भी यहां कोई सदुपयोग होता नहीं दिख रहा है।

## चैनपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन 15 यूनिट रक्त संग्रह



**चैनपुर।** उपायुक्त के निर्देशानुसार चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा और अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कुल 34 लोगों ने रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण कराया, जिनकी स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के उपरांत, 15 योग्य और स्वस्थ व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस प्रकार शिविर में कुल 15 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। रक्तदान करने वालों में प्रखंड और अंचल कार्यालय के कर्मियों के अलावा विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों एनजीओ के सदस्य भी शामिल थे। बीडीओ यादव बैठा ने इस अवसर पर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान है और इससे कई जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया। अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं और आयोजन में सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।संग्रहित रक्त को गुमला ब्लड बैंक में भेज दिया गया है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

### साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त ने सुनी आम लोगों की समस्याएं, कहा-

# नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर प्रशासन प्रतिबद्ध

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 20 नागरिकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान घाघरा निवासी कुंवारदान कुजूर ने शिकायत की कि उनके घर में उपभोग कम होने के बावजूद प्रतिमाह लगभग 9000 का बिजली बिल आ रहा है। उन्होंने बिजली चोरी की आशंका जताते हुए जांच की मांग की।

इस पर उपायुक्त ने त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं गुमला निवासी अनवाई खातून ने बताया कि भारी वर्षा के कारण उनका कच्चा मकान ढह गया, जिससे वे बेघर हो गई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सहायता की मांग की। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को उनके आवेदन पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। चैनपुर प्रखंड के आजादी नगर पंचायत के ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की जर्जर सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है, परंतु फंड की कमी से कार्य अधूरा है। उपायुक्त ने इस मामले में भी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके अलावा नागरिकों ने सड़क, बिजली, पेयजल, आंगनवाड़ी केंद्रों की सुविधा, रोजगार उपलब्धता और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं भी उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस का उद्देश्य नागरिकों की वास्तविक समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों पर समयबद्ध एवं परिणामोन्मुख कार्रवाई करें, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## समाज कल्याण योजनाओं की हुई समीक्षा

**गुमला।** जिले में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत और आधार सत्यापित लाभुकों की स्थिति, वजन मापन, गृह भ्रमण, पोषण ट्रैकर से संबंधित प्रतिवेदन, परियोजना कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) में भर्ती की स्थिति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सेविका-सहायिका की रिक्ति और आंगनवाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने आंगनवाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों के हीमोग्लोबिन स्तर पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सैम और मैम श्रेणी के बच्चों का उपचार समय पर सुनिश्चित किया जाए और उन्हें मटीसी केंद्रों में भर्ती कर उचित इलाज कराया जाए। बैठक में पीवीटीजी महिलाओं की एनीमिया जांच और किशोरियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ने पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में अधिक से अधिक योग्य लाभुकों को शामिल करने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने सभी योजनाओं की उपलब्धि दर को 90 प्रतिशत तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा और सेविकाओं को पोषण वाटिका का वीडियो उपलब्ध कराने, नियमित एंट्री करने तथा पोषण ट्रैकर की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस आयोजित

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 20 नागरिकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत कीं। घाघरा निवासी कुंवारदान कुजूर ने बताया कि उनके घर में उपभोग कम होने के बावजूद प्रतिमाह लगभग ₹9000 का बिजली बिल आ रहा है। उन्होंने बिजली चोरी की आशंका जताते हुए जांच की मांग की। उपायुक्त ने इस पर त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गुमला निवासी अनवाई खातून ने बताया कि दो माह पूर्व हुई भारी वर्षा के कारण उनका कच्चा मकान ढह गया, जिससे वे बेघर हो गई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सहायता की मांग की। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को उनके आवेदन पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। चैनपुर प्रखंड के आजादी नगर पंचायत के ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की जर्जर सड़क के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की।

# न्यूज बॉक्स

## पत्नी से मारपीट व ठगी के आरोप में पति गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**भरनो।** भरनो थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी शेख हुसैन को भरनो पुलिस ने गुरुवार को राजधानी रांची से गिरफ्तार कर शुक्रवार को गुमला जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, शेख हुसैन की पत्नी सईदा खातून ने अपने पति के खिलाफ मारपीट, अवैध संबंध और चार लाख रुपये की ठगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। बीते 12 सितंबर को सईदा ने भरनो थाना में पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के आधार पर गुमला कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। बताया जा रहा है कि शेख हुसैन और सईदा की जान-पहचान 2024 में हुई थी, जब सईदा विदेश (सऊदी अरब और कतर) में कार्यरत थीं। दोनों के बीच लंबे समय तक फोन पर प्रेम संवाद चलता रहा। इसके बाद 10 मार्च 2025 को दोनों की मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी हुई। शादी के बाद हुसैन द्वारा बार-बार पैसे की मांग की जाने लगी, और न देने पर पत्नी के साथ मारपीट और प्रताड़ना शुरू हो गई। सईदा ने पहले भी 2 सितंबर को रांची के कर्रा थाना में हुसैन के खिलाफ मोबाइल छीनने और पैसे की मांग को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए भरनो पुलिस ने शेख हुसैन को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया है।

## टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण



**गुमला।** सिसई में उपायुक्त गुमला के आदेशानुसार एवं यक्ष्मा पदाधिकारी गुमला के निर्देशन में हिंडालको के सहयोग से सिसई के 70 उपचारित टीबी मरीजों के बीच पोषण किट वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. ललिता कुमारी मिंज ने टीबी मुक्त पंचायत के इंडिकेटर की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में सिसई को संभावित टीबी फ्री पंचायत बनाने के लिए सभी को मिलकर मेहनत करनी होगी। डॉ. ललिता ने टीबी मरीजों से अपील की कि उन्हें प्रदान किए जा रहे पोषण सामग्री और दवा का नियमित सेवन करें, जिससे उनके स्वास्थ्य में शीघ्र सुधार होगा। जिला पी.पी.एम. कॉर्डिनेटर हरिशंकर मिश्रा ने भी कहा कि दवा के साथ पोषण कीट का सेवन स्वास्थ्य लाभ को और बढ़ाएगा। उन्होंने मरीजों से आग्रह किया कि स्वस्थ होकर वे दूसरों को जागरूक करें ताकि समाज में टीबी की पहचान और रोकथाम में मदद मिल सके। सिसई प्रखंड के वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक शिवनारायण सिंह ने टीबी मुक्त पंचायत की प्रक्रिया और टीबी से बचाव के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर सिसई मेडिकल ऑफिसर डॉ. स्वाति केसरी ने भी टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए सभी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बीएएम दीपेश कुमार तिवारी, संघनन अगथा लकड़ा, बीडीएम जयकांत उरांव, रोशन लकड़ा, करम देयाल उरांव, पंकज उरांव, अमूल मिंज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 18 अक्टूबर को

**गुमला।** सामाजिक संस्था मयूरी ट्रस्ट, गुमला के तत्वावधान में आगामी 18 अक्टूबर 2025 को ललित उरांव स्टेडियम, महुआडीपा (सिसई) में प्रखंड स्तरीय खेलकूद चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में फुटबॉल, कबड्डी, दौड़, हाई जंप सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वाह्न 9:30 बजे किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मयूरी ट्रस्ट गुमला एवं झारखंड चैताली कॉलेज गुमला के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन मेरा युवा भारत, खेलकूद एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। डायरेक्टर गुप्ता ने सभी खेल टीमों और खिलाड़ियों से समय पर पहुंचकर प्रखंड स्तरीय फुटबॉल, कबड्डी, दौड़ एवं हाई जंप प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की है।

## गुमला में दुन्दुरिया बस डिपो से बस परिचालन शुरू, शहर में यातायात होगा सुगम



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश एवं पहल के तहत आज से लोहरदगा रोड स्थित दुन्दुरिया सरकारी बस डिपो से यात्री बसों का परिचालन शुरू कर दिया गया। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य शहर में बढ़ती सड़क जाम की समस्या को कम करना और यातायात को व्यवस्थित एवं सुचारू बनाना है। जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने बताया कि अब लोहरदगा, पलामू, नेतरहाट, राउरकेला, घाघरा, कोतम और गया सहित विभिन्न रूटों पर जाने वाली लगभग 70 बसें इसी बस डिपो से संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि लोहरदगा रूट की बसों का स्टॉपेज केवल पुराने बस स्टैंड (दुन्दुरिया) पर होगा और अब किसी भी स्थिति में ये बसें ललित उरॉव बस स्टैंड में नहीं रुकेंगी। वहीं, ललित उरांव बस स्टैंड से प्रस्थान करने वाली बसें केवल पूर्व-निर्धारित स्टॉपेज पर ही रुकेंगी। शहरी क्षेत्र में अनधिकृत रूप से रुकने वाली बसों पर कठोर जुर्माना लगाया जाएगा। बस परिचालन को व्यवस्थित और सुचारू बनाए रखने के लिए पहले ही बस मालिकों के साथ बैठक की गई थी, जिसमें सभी को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। बस डिपो में परिचालन व्यवस्था बनाए रखने हेतु नगर परिषद, गुमला और मनरेगा प्रखंड के अभियंता तैनात किए गए हैं। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि इस नई व्यवस्था से शहर में यातायात सुगम होगा, सड़क जाम में कमी आएगी और आम नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

# दीपावली व छठ पूजा सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**सिसई।** दीपावली व छठ पूजा प्रेम और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर सिसई थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य विजयलक्ष्मी कुमारी सिसई उतरी, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, प्रखण्ड प्रमुख मीना देवी, अंचल अधिकारी अशोक बड़ाइक एसआई आशीष कुमार व अजय कुमार शामिल रहे। बैठक में त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने समाज के प्रभुत्वजनों एवं बुद्धिजीवियों से अपील करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार दीपावाली में रात्रि 8 बजे से लेकर 10 बजे तक ही आतिशबाज़ी किया जाना है। वहीं लोगों से आसमानी पटाखों जैसे रॉकेट, सितारा बम एवं भारी विस्फोटक वाले पटाखों से सावधानी बरतने पर जोर दिया। साथ किसी भी व्यक्ति को नुकसान ना पहुंचे इसका भी ध्यान रखने को कहा। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि चार दिनों तक चलने वाले छठ पूजा हिन्दू समाज के लिए आस्था का महापर्व है और इसमें छठव्रती उपवास रखकर सूर्य की उपासना करते हैं और अपने अपने सुविधानुसार नजदीकी जलाशयों में सूर्य को अर्घ्य देते हैं जिससे कहीं कहीं काफी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात बाधित हो जाता है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है खासकर नागफेनी कोयल नदी तट पर गुमला जिले से और सिसई प्रखण्ड क्षेत्र से भारी संख्या में लोग छठ पूजा मनाने आते हैं जिससे सड़कों पर ही वाहन पार्किंग करने की वजह से यातायात बाधित होता है। उन्होंने छठ पूजा समिति नागफेनी के पदाधिकारियों से कहा है कि वाहन पार्किंग का व्यवस्था सड़क से दूर किनारे पर कराएं जिससे आवागमन सुचारू रूप से चलता रहे और जाम की स्थिति न बने वहीं भारी वाहनों को आंजनधाम टोल प्लाजा के पास ही रोक दिया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को लेकर क्षेत्र के चिन्हित जलाशयों जहां छठ पूजा की जाती है वहां पुलिस बल तैनात की जाएगी ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो सके। उन्होंने सभी लोगों से प्रशासन को सहयोग करने की अपील करते हुए आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी। छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों ने प्रशासन से छठ घाटों में आतिशबाजी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष नागफेनी छठ घाट पर आतिशबाजी से तीन बच्चे जख्मी हो गए थे। इसलिए इस बार सुरक्षा के दृष्टिकोण से आतिशबाजी नहीं की जाएगी।

### सदर अस्पताल का निदेशक ने किया निरीक्षण

# डीसी के निर्देश पर दो बच्चियों का विशेष इलाज

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, जिला ग्रामीण विकास शाखा, गुमला विद्या भूषण कुमार ने आज सदर अस्पताल, गुमला का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की स्वच्छता, चिकित्सा सेवा, औषधि उपलब्धता, आपातकालीन सुविधा, प्रसव कक्ष, एवं रोगियों को दी जा रही सेवाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल की अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। सर्जिकल, महिला, पुरुष, प्रसवोत्तर एवं बाल रोग वार्डों में मरीजों को उचित देखभाल दी जा रही थी। सर्जिकल वार्ड में 37 मरीज, जबकि एसएनसीयू वार्ड में 22 नवजात उपचाराधीन पाए गए। निरीक्षण के दिन कुल 571 मरीजों का निबंधन हुआ और 25 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। ऑपरेशन थिएटर, किचन रूम एवं कॉमन शौचालय भी सामान्य एवं स्वच्छ पाए गए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन गुमला स्वयं आईसीयू में मरीजों का इलाज करते हुए मिले, जिससे अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं के प्रति उनकी सक्रियता और प्रतिबद्धता झलकती है। अस्पताल परिसर में 46 सीसीटीवी कैमरे कार्यरत पाए गए, जिससे सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनी हुई है। ब्लड बैंक में A+ve 42, B+ve 66, O+ve 58 और AB+ve 6 यूनिट रक्त उपलब्ध पाया गया। इसके अलावा, एम्बुलेंस सेवा सक्रिय पाई गई जिसके माध्यम से विभिन्न प्रखंडों के 78 मरीजों को स्थानांतरित किया गया। सोसो ग्राम की दो बच्चियों को मिल रहा विशेष उपचार-उपायुक्त के निर्देश पर चिकित्सकीय निगरानी में जारी इलाज। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर ग्राम सोसो की दो बच्चियाँ-नंदनी कुमारी एवं समीर सिंह-को कमजोरी की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों बच्चियाँ प्रोटीन एनर्जी डिफिशियेंसी से पीड़ित हैं, जिनका कम से कम 10 दिनों तक उपचार आवश्यक है। दोनों बच्चियों के साथ उनकी बड़ी बहन खुश्बू कुमारी उपस्थित थी, जिन्होंने देखभाल के लिए अतिरिक्त सहायता की मांग की। इस पर निदेशक विद्या भूषण कुमार ने अंचल अधिकारी गुमला को निर्देश दिया कि एक महिला चौकीदार की 10 दिनों के लिए अस्पताल में प्रतिनियुक्ति की जाए ताकि बच्चियों की उचित देखभाल सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के अंत में निदेशक ने कहा की अस्पताल की अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, हालांकि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चिकित्सकों की संख्या में वृद्धि आवश्यक है, ताकि लोगों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।"

**प्रेरणा** गुमला में सरसों पर क्लस्टर अग्र पंक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित

# किसानों को उन्नत खेती व उच्च पैदावार की तकनीक से जोड़ा

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला (विकास भारती बिशुनपुर) में आज सरसों फसल पर क्लस्टर अग्र पंक्ति प्रदर्शन (सीएफएलडी) कार्यक्रम 2025-26 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र भगत, संयुक्त सचिव, विकास भारती उपस्थित थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बृजेश पाण्डेय ने की। इस वर्ष कार्यक्रम के तहत बिरसा भाभा सरसों-1 किस्म पर प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य 500 एकड़ क्षेत्र में उच्च उत्पादकता वाली सरसों की उन्नत खेती का प्रसार करना है। प्रारंभिक चरण में कालिगा गाँव की 50 महिला किसानों को 45 एकड़ क्षेत्रफल में सीएफएलडी कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया। उन्हें उन्नत बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, कीटनाशी दवाएं और तकनीकी मार्गदर्शन सामग्री वितरित की गई।

मुख्य अतिथि महेंद्र भगत ने कहा कि सरसों किसानों की आय बढ़ाने के लिए अत्यंत उपयोगी तिलहनी फसल है। बिरसा भाभा सरसों-1 किस्म झारखंड की जलवायु के अनुकूल है और इसमें बीज उत्पादन क्षमता अधिक होने के साथ तेल की मात्रा लगभग 40 प्रतिशत तक रहती है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम किसानों तक प्रयोगशाला से खेत तक तकनीक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बृजेश पाण्डेय ने बताया कि सीएफएलडी कार्यक्रम के माध्यम से चयनित गाँवों में समन्वित खेती प्रणाली अपनाकर उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर भी काम किया जाएगा। कार्यक्रम में वैज्ञानिक अटल बिहारी तिवारी ने सरसों की वैज्ञानिक खेती, कीट और रोग प्रबंधन, समुचित उर्वरक उपयोग और बीज उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिरसा भाभा सरसों-1 किस्म में पीली सरसों की तुलना में अधिक पैदावार होती है और यह फफूंदी एवं तना गलन जैसी बीमारियों के प्रति अधिक सहनशील है। इस अवसर पर महिला किसानों ने भी अपनी उत्साही भागीदारी दिखाई और कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली तकनीकी जानकारी उनके खेती के अनुभव को नई दिशा दे रही है। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला द्वारा यह सीएफएलडी कार्यक्रम न केवल वैज्ञानिक खेती के प्रसार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर और उच्च उत्पादकता वाली खेती की ओर प्रेरित करने में भी मददगार साबित होगा।

# दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा को लेकर अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्नयन एवं आगामी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा तथा अभिभावक प्रतिनिधि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। गोष्ठी की भूमिका प्रस्तुत करते हुए प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि "विद्यालय के भैया-बहन आचार्यों और अभिभावकों के सक्रिय सहयोग से निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।" उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों के शैक्षणिक विकास में सतत भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। वहीं सचिव विजय बहादुर सिंह ने कहा कि विद्यालय भौतिक और शैक्षणिक दोनों स्तरों पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण रूप से कृतसंकल्प है। उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाकर बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कार्य करने का आग्रह किया। गोष्ठी में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास और अभिभावक-विद्यालय समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक एवं सफल प्रयास बताया। इस अवसर पर कुल 169 अभिभावकों की उत्साहजनक उपस्थिति रही।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"अधिकांश लोग मन को एक दर्पण मानते हैं, जो कमोबेश उनके बाहरी संसार को सटीक रूप से प्रतिबिंबित करता है, जबकि इसके विपरीत वे यह नहीं समझते कि मन स्वयं सृष्टि का प्रमुख तत्व है।" - रवींद्रनाथ टैगोर

## संपादकीय

# दिवाली को दिवाली रहने दो

आतिशबाजी व खरीददारी की प्रतियोगिता बनती दिवाली अपना मूल स्वरूप खोती जा रही है। दीपावली के लिए घरों में सफाई व खरीदारी साथ-साथ चल रही है। घरों की सफाई स्वच्छ वातावरण को आमंत्रित करती है, तो गैर-जरूरी खरीदारी कहीं न कहीं पर्यावरण के लिए घातक सिद्ध हो जाती है। दीपावली पर नए कपड़े खरीदने और खाद्य पदार्थ बनाने व आपस में बांटने का प्रचलन सदियों पुराना है, लेकिन यह कब अपनी सीमाओं को लांघते हुए भौतिकवादी एवं उपभोक्तावादी युग में उत्तरदायित्व के बोध से दूर हो गया, यह इन्सान को संभवतया मालूम भी नहीं पड़ा। भारत में त्योहारों के अवसरों पर खरीदारी में विस्फोटक रूप से बढ़ोतरी होती है, वहीं पश्चिमी देशों में भौतिकता एवं दिखावे का प्रभाव ज्यादा होने से इनकी खरीद एवं चलन सामान्य दिनों में भी बढ़ोतरी की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए यूरोपीय संघ ने हाल ही में विशेष कानून पारित करते हुए खाद्य एवं वस्त्र से उपजे अपशिष्ट पर 2030 तक कमी लाने के उद्देश्य से लक्ष्य तय किए हैं। हालांकि, भारत में 2014 के बाद कचरा प्रबंधन को लेकर काफी जागृति आई है, किंतु आज भी प्रचलित कानून में कचरा उत्पादनकर्ता की अपेक्षा सरकारी स्थानीय निकाय संस्थाओं को ही जिम्मेदार ठहराया गया है। लोग खाद्यान्न भी बर्बाद कर रहे हैं। हालांकि, भारत में खाद्यान्न अपशिष्ट यूरोप की अपेक्षा काफी कम मात्र 55 किलो प्रतिव्यक्ति प्रतिवर्ष है, लेकिन यदि इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो इसे यूरोप के समकक्ष आने में देर नहीं लगेगी। इस संदर्भ में यूरोपीय कानून से सबक लेते हुए वर्तमान में जब कचरा प्रबंधन का उचित माहौल बना हुआ है, उपभोक्ता एवं उत्पादनकर्ता को उत्तरदायी बनाया जाना आवश्यक एवं उचित होगा। भारत में दिवाली सभी वर्गों का त्योहार माना जाता है, लेकिन इस अवसर पर संतुलन और नियंत्रण, दोनों ही गड़बड़ा जाते हैं। विगत कुछ दशकों में मिठाई, मेवे, चॉकलेट समेत खाद्य एवं पेय सामग्री के आदान-प्रदान संबंधी व्यवस्था का प्रचलन भी बेतहाशा बढ़ गया है। खास तौर पर तथाकथित प्रभावशाली एवं पदस्थ व्यक्तियों के यहां विभिन्न माध्यमों से हजारों किलो तक मिठाई इत्यादि पहुंच जाती है, जिसका उन्हें भी अंदाजा नहीं रहता और परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में वह बर्बाद हो जाती है। कुछ वर्ष पूर्व अन्नक्षेत्र नामक संस्था ने प्रभावशाली पदस्थ व्यक्तियों से शपथपत्र के माध्यम से अधिशेष मिठाई, नमकीन आदि एकत्रित करने का प्रकल्प प्रारंभ किया था, जिसके जरिए जयपुर शहर में एक बार में ही कई टन मिठाई को बर्बाद होने से न केवल बचाया गया, बल्कि वह अनेक लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का माध्यम भी बन गया। बर्बादी को रोकने के लिए कानून सिर्फ जरिया बन सकता है, किंतु सर्वाधिक महत्वपूर्ण है व्यवहार में परिवर्तन लाना। आवश्यकताओं का सही आंकलन करते हुए सीमित रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में पैकेजिंग व्यवस्था को भी पुनः परिभाषित करने की जरूरत है। चलन में आम तौर पर 250 ग्राम से लेकर एक किलोग्राम तक के मिठाई पैकेट रहते हैं। त्योहारी बिक्री में एक किलोग्राम का पैक सबसे ज्यादा बिकता है। यदि सत्कार रूप में मिठाई इत्यादि की भेंट को दिखावे से हटकर छोटे पैकेट में तब्दील कर दिया जाए, तो वह अधिक उपयोगी होने के साथ बर्बादी भी रुकेगी। इस दिवाली उत्तरदायी होने के लिए यदि हम भेंट की जाने वाली वस्तुओं की मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता पर ध्यान दें, तो प्रदूषण एवं विषमता, दोनों पर नियंत्रण पा सकते हैं।

***भारत में त्योहारों के अवसरों पर खरीदारी में विस्फोटक रूप से बढ़ोतरी होती है, वहीं पश्चिमी देशों में भौतिकता एवं दिखावे का प्रभाव ज्यादा होने से इनकी खरीद एवं चलन सामान्य दिनों में भी बढ़ोतरी की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।***

## दीपावली पर विशेष

# दीपक : रोशनी घर में नहीं, दिलों में जलाएं



अंधकार में छोटा-सा दीप भी उम्मीद का प्रतीक बन जाता है। दिवाली उसी उम्मीद का उत्सव है, जहाँ प्रकाश, प्रेम और आशा एक साथ जन्म लेते हैं। लेकिन हर साल जब घर-आँगन दीयों से जगमगाते हैं, तो मन यह पूछता है क्या यह उजाला हमारे भीतर भी उतरा है? क्या यह रोशनी हमारे दिलों के अंधेरे को भी मिटा पा रही है? हमारे चारों ओर कृत्रिम रोशनी की चकाचौंध है, पर भीतर संवेदनाओं का दीप मंद पड़ता जा रहा है। यही वह अंधकार है जिसने इंसान के भीतर की करुणा, दया और अपनापन को ढक लिया है। अब त्यौहार भी उपभोग और प्रदर्शन का प्रतीक बनते जा रहे हैं — जहाँ दीये बाज़ार से आते हैं, मिठाई ऑनलाइन आती है, और शुभकामनाएँ एक क्लिक में खत्म हो जाती हैं। जो पर्व कभी रिश्तों को जोड़ते थे, अब वे "सेल" और "ऑफर" के पोस्टरों में खो गए हैं। रोशनी बढ़ी है, पर उसका ताप कम हो गया है ।पर क्या इस चमक-दमक के बीच हम अपने भीतर की संवेदनाओं को भी जागृत कर पा रहे हैं? क्या केवल घर और गली ही रोशन हैं, या हमारे रिश्तों और हृदयों में भी वही प्रकाश फैला है?

शहरों की भागदौड़, बढ़ता एकाकीपन, और सोशल मीडिया का आभासी संसार हमें दूसरों से दूर करता जा रहा है। पहले मोहल्ले दुख-सुख में साथ खड़े होते थे, आज वही लोग स्क्रीन के पीछे से 'रिएक्शन' भेजते हैं। हम सुविधाएँ बढ़ाते जा रहे हैं, पर संवेदनाएँ घटती जा रही हैं। संवेदनाएँ अब "लाइक" और "इमोजी" में बदल गई हैं। यह बदलाव केवल सामाजिक नहीं, भावनात्मक भी है - और यही हमारी असली चिंता होनी चाहिए।

समाजशास्त्र की दृष्टि से देखें तो संवेदनाओं का क्षरण एक गहरी सामाजिक समस्या है। शहरीकरण, एकल परिवार, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावादी संस्कृति ने व्यक्ति को आत्मकेंद्रित बना दिया है ।हर व्यक्ति अब "मैं" के घेरे में सिमट गया है। ऐसे में "हम" की अवधारणा धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है।

संवेदनाएँ कम होने का सबसे बड़ा परिणाम यह है कि समाज में सहानुभूति का स्थान उदासीनता ने ले लिया है ।जहाँ पहले किसी का दुख सामूहिक होता था, वहाँ अब हर व्यक्ति केवल अपनी सुविधा का हिसाब रखता है ।यही कारण है कि अपराध बढ़ रहे हैं, हिंसा और असमानता सामान्य होती जा रही है।

संवेदनाएँ ही हमारे समाज की आत्मा हैं। यही हमें इंसान बनाती हैं। जब ये कम होने लगती हैं, तो समाज में दूरी, उदासीनता और अकेलापन बढ़ जाता है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ ने हमें इतना व्यस्त कर दिया है कि हम किसी की पीड़ा या अकेलेपन को महसूस करने का समय ही नहीं निकाल पाते। संवेदना - यह शब्द केवल किसी के दुःख में आँसू बहाने की क्रिया नहीं, बल्कि मानवता का मूल तत्व है। यह वह पुल है जो एक मनुष्य को दूसरे से जोड़ता है।

कभी हमारे समाज की पहचान ही यही थी कि कोई दुखी होता तो पूरा समुदाय उसके साथ खड़ा हो जाता। परंतु आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में यह भाव जैसे धुँधला पड़ गया है। हमने आधुनिकता और तकनीक के नाम पर अपने भीतर के इंसान को खो दिया है। यही कारण है कि अकेलेपन, मानसिक तनाव और सामाजिक असमानता बढ़ती जा रही है।

इस बार, जब हम दीया जलाएँ, तो उसे केवल घर की देहरी पर न लगाएँ, बल्कि अपने दिल के कोने में भी जलाएँ। यह दीया उन लोगों के नाम हो सकता है जिनकी ज़िन्दगी में हम अनजाने में खुशियाँ भर सकते हैं। उस मजदूर के लिए जो दूसरों के घर सजाते-सजाते अपने घर के अंधेरे में सोता है। उस माँ के लिए जिसने अपने बच्चों की खुशी में अपनी इच्छाएँ भूल गई। उस बुज़ुर्ग के लिए जो आँगन में अकेला बैठकर पुरानी यादें गिनता है। उस बच्चे के लिए जिसकी हथेलियों में अब भी मेहनत की कालिख है। और उस इंसान के लिए जो अब भी भीड़ में भी दूसरों के दर्द को महसूस कर सकता है।

जब हम किसी का दुःख साझा करते हैं, किसी की मदद करते हैं, किसी अकेले के साथ समय बिताते हैं, तो वही असली दीप होता है। यही वह संवेदना है जो समाज को जोड़ती है और मानवता को जीवित रखती है। छोटे-छोटे कदम जैसे किसी को मुस्कान देना, किसी वृद्धाश्रम में समय बिताना, किसी ज़रूरतमंद के जीवन में खुशी लाना — ये सभी समाज में वास्तविक रोशनी फैलाने के उपाय हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि संवेदनाएँ केवल किताबों में सिखाई जाने वाली बातें नहीं हैं,वे जीवन की वह सहजता हैं जो हर बच्चे के भीतर जन्मजात होती हैं। जब हम किसी के दुःख में साथ खड़े होते हैं, किसी की मदद करते हैं, किसी की आँखों में मुस्कान लाते हैं - तभी हम असली दीपक जलाते हैं।

बस आवश्यकता है उन्हें पोषित करने की-घर में, विद्यालय में, समाज में। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र और करुणा का निर्माण होना चाहिए।स्कूलों और परिवारों में यह वातावरण बनाना होगा जहाँ बच्चे "सफल" होने से पहले "संवेदनशील" बनना सीखें।

त्योहारों को केवल उपभोग का नहीं, सेवा का अवसर बनाना होगा। जब हम दूसरों की खुशी में अपनी खुशी ढूँढ़ना शुरू करेंगे, तभी यह समाज फिर से उजाला महसूस करेगा। शिक्षा का उद्देश्य केवल करियर या सफलता नहीं होना चाहिए, बल्कि चरित्र, करुणा और सामाजिक चेतना का निर्माण होना चाहिए। जब हम दूसरों के जीवन में अपनी संवेदनाओं की रोशनी पहुँचाएंगे, तभी समाज वास्तव में उजाले का अनुभव करेगा।

दिवाली का असली अर्थ केवल घर को सजाने और दीप जलाने का नहीं है। यह पर्व हमें यह याद दिलाता है कि असली उजाला भीतर होना चाहिए। यह वह समय है जब हम अपने भीतर के स्वार्थ, ईर्ष्या और उदासीनता के अंधकार को मिटाकर, दूसरों के जीवन में रोशनी पहुँचाएँ। इस बार दीया जलाते समय एक क्षण रुकें और सोचें — क्या इस रोशनी का कोई असर किसी और के जीवन में भी पड़ा है? क्या किसी के चेहरे पर मुस्कान आई है? अगर हाँ, तो समझिए कि हमारी दीपावली सफल हुई।

सच्ची दिवाली केवल घर और गली की रौशनी नहीं, बल्किदिलों की रोशनीहै। यह वही रोशनी है जो हमें याद दिलाती है कि संवेदनाएँ ही इंसानियत का सबसे बड़ा दीपक हैं। घर का अंधेरा मिटाना आसान है, पर दिलों का अंधेरा मिटाना असली चुनौती है।

इस दिवाली, आइए हम केवल अपने घर नहीं, अपने दिलों को भी रोशन करें। इस बार एक दिया उन गुम होती संवेदनाओं के नाम जलाएँ, जो समाज में फिर से उम्मीद, अपनापन और मानवता की लौ जला सके। यही वह दीप है जो हर अंधकार को दूर करेगा और सच्ची रोशनी का प्रतीक बनेगा। "एक दीप केवल मिट्टी और तेल का नहीं, वह मानवता की लौ है, जो अंधेरे में भी उजाला फैलाती है।"

stat.ujjain@gmail.com

आज की बात



संध्या राजपुरोहित

# तार तार रिश्ते और समाज

मनुष्य जीवन में रिश्तों की अहमियत है हमे चाहिए कि रिश्ते हेत प्रेम प्यार और पवित्रता से निभाएं। आज के दौर में रिश्तों की अहमियत कम और तार - तार होते जा रहे है। रिश्ते निभाने का ज्ञान हमें ना दे तो ही अच्छा है, क्योंकि हम तो उन रिश्तेदारो से भी हंसकर बात करते हैं जो हमारे प्रति मन में जहर भरकर बैठे हैं। रिश्तों के नाम से नहीं अदाओं के पैग़ाम से पहचान बनना चाहता हूँ, दिल तो सबके धड़कते हैं, पर मैं अपनी धड़कनों से जाना जाता हूँ।

चाहे कितना भी ऊंचा पद प्राप्त कर लो चाहें कितनी भी बड़ी डिग्रियाँ हासिल कर लो अगर बोलने की तमीज और इंसानियत नहीं सीखी तों वो इंसान अनपढ़ के बराबर है। दान करने से पहले अपने कमजोर भाई का सहारा बनना चाहिए क्योंकि तुम्हारे दान की भगवान से ज्यादा जरूरत कमजोर भाई को होती है इससे भगवान भी प्रसन्न होंगे और भाई भी खुश होगा और आपको भी बहुत संतुष्टि मिलेगी। पेट फकीर का भी खाली नहीं रहता और ख्वाहिसे बादशाह की भी पूरी नहीं होती आपके पास जो है, उसका ईश्वर से शुक्रिया अदा करते रहिए। जो दूसरों की राहों में अंधेरा करते हैं, उजाले उनको भी नसीब में नहीं होते है। मन खराब हो तो शब्द खराब न बोले क्योंकी बाद मे मन अच्छा हो सकता है पर बोले गए शब्द नही होते है। शरीर से ज्यादा शब्दों को सुन्दर रखें क्यूंकि लोग चेहरे भूल जाते हैं लेकिन शब्दों को हमेशा याद रखते हैं।

इंसान का मन तब टूट जाता है जब उसके हजार कोशिशों के बाद भी उसका मनपसंद इंसान उसकी कोई अहमियत को ही नहीं समझता हो तब हिम्मत हार हो जाता है हार और ठोकरें जीवन का हिस्सा हैं लेकिन वे हमें बेहतर बनाती हैं। जो जागत है सो पावत है, जो सोवत है सो खोवत है, नोटों को इक्ठ्ठा मत कीजिए समय आने पर बदल जाते हैं कर सको तो दोस्त इक्ठ्ठा कीजिये पुराने भी चल जाते हैं। जीवन में यदि खुश रहना है तो अधिक ध्यान उस चीज पर दें, जो आपके पास है उस पर नही जो दूसरों के पास है।
वंदे मातरम ! जय हिन्द, जय भारत माता।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अलग बात



दिव्या रावत गर्ग
उण्डू 'राज'

# दिवाली : प्रकाश से प्रज्ञा तक का महोत्सव

भारत की सबसे सुंदर और प्राचीन परंपराओं में से एक दीवाली केवल दीप जलाने और मिठाई बांटने का उत्सव नहीं, बल्कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है-अंधकार से प्रकाश की ओर, नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर, और अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ने का प्रतीक है।

### दिवाली के 5 दिन

- **धनतेरस :** यह दिन शरीर और घर दोनों की शुद्धता से जुड़ा है। परंपरा के अनुसार इस दिन नए बर्तन या धातु खरीदना शुभ माना जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से, यह मौसम परिवर्तन का समय होता है-धातु से जुड़ी वस्तुएं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती हैं। आध्यात्मिक रूप से, यह दिन "नवीनता" और "शुद्धता" का प्रतीक है। यह हमें जीवन में नई ऊर्जा को आमंत्रित करने से पहले पुराने नकारात्मक विचारों को त्यागना चाहिए।
- **नरक चतुर्दशी :** इसे रूप चौदस भी कहा जाता है। इस दिन शरीर की सफाई, तेल स्नान और दीप जलाने की परंपरा है। आध्यात्मिक दृष्टि से, यह आत्मशुद्धि का दिन है—मन, वाणी और कर्म की शुद्धता। वैज्ञानिक रूप से तेल स्नान सर्दी-जुकाम से बचाव में सहायक होता है और शरीर को ऊष्मा प्रदान करता है।
- **दीपावली :** यह वह दिन है जब घर-घर में दीप जलाए जाते हैं। आध्यात्मिक रूप से दीप का अर्थ है-ज्ञान, प्रेम और चेतना का प्रकाश। जिस प्रकार एक दीप अंधकार को मिटाता है, उसी प्रकार आत्मा का प्रकाश अज्ञान को दूर करता है। दीपावली हमें सिखाती है कि एक दीप हजारों दीप जला सकता है-अर्थात् एक सजग व्यक्ति पूरे समाज को प्रकाशित कर सकता है। इस दिन भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की कथा हमें स्मरण कराती है कि धर्म और सत्य की विजय निश्चित होती है।
- **गोवर्धन पूजा :** यह दिन श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर प्रकृति की रक्षा के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इसका संदेश है—पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा ही सच्ची भक्ति है। इस दिन हम प्रकृति और पृथ्वी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। आज जब पर्यावरण संकट गहरा रहा है, यह पर्व हमें याद दिलाता है कि धर्म केवल मंदिरों में नहीं, पेड़-पौधों की रक्षा में भी है।
- **भैया दूज :** यह भाई-बहन के पवित्र प्रेम का दिन है। यह संबंधों की मजबूती और परिवार में प्रेम का प्रतीक है। आध्यात्मिक रूप से, यह बताता है कि प्रेम और एकता ही किसी भी समाज की असली ताकत है।

### दिवाली के पीछे का वैज्ञानिक रहस्य

दिवाली का पर्व मौसम परिवर्तन के समय आता है। इस समय प्रकाश और अग्नि का प्रयोग (दीप जलाना) मच्छर, कीटाणु और संक्रमणों को कम करने में मदद करता है। सफाई की परंपरा न केवल घर को सुंदर बनाती है, बल्कि बैक्टीरिया और रोगों को दूर करती है। मिठाई और घी से बने पकवान शरीर को ऊर्जा और ऊष्मा देते हैं। दीपक से उत्पन्न प्रकाश और दीयों में जलने वाला तेल वातावरण को शुद्ध करता है। रात को रोशनी फैलाना न केवल धार्मिक भावना है, बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से सकारात्मक ऊर्जा और प्रसन्नता भी बढ़ाता है

### दिवाली : एक कर्म व संकल्प का पर्व

दिवाली हमें केवल सजावट ही नहीं बल्कि यह हमें आंतरिक दीप जलाने की प्रेरणा देती है। जैसे हम घर को सजाते हैं, वैसे ही मन को भी सजाना चाहिए। जैसे हम अंधेरे को मिटाते हैं, वैसे ही नकारात्मक विचारों को भी मिटाना चाहिए। जैसे हम दूसरों को मिठाई देते हैं, वैसे ही मुस्कान और दया भी बांटना चाहिए। यह त्योहार सच्ची समृद्धि केवल धन में नहीं, बल्कि सद्भाव, प्रेम और ज्ञान में होती है।

### दिवाली की कथा और उसका संदेश

प्राचीन कथा के अनुसार, भगवान श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। नगरवासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया। यह केवल विजय का नहीं बल्कि धर्म और सत्य की पुनर्स्थापना का प्रतीक था। आज भी हर दीपक हमें याद दिलाता है-"जहां धर्म है, वहां विजय निश्चित है।" इसके अतिरिक्त महालक्ष्मी की पूजा समृद्धि तभी आती है जब मन और घर दोनों स्वच्छ और पवित्र हों। दिवाली को आध्यात्मिक रूप से कैसे बनाएं विशेष? घर और मन दोनों की सफाई करें-नकारात्मक विचारों को भी बाहर निकालें। हर कमरे में एक दीपक जलाएं और अपने अंदर भी एक दीप जलाएं -एक अच्छा संकल्प लें। पेड़ लगाएं या पर्यावरण संरक्षण का एक छोटा कदम उठा सकते हैं। किसी जरूरतमंद को खुशियां दें यही असली लक्ष्मी पूजा है। मंत्र, ध्यान या भक्ति के माध्यम से भीतर के प्रकाश को प्रज्वलित करें। दिवाली केवल एक पर्व नहीं-यह जीवन जीने की एक कला है। यह हमें सिखाती है कि जिस प्रकार दीपक अंधकार में प्रकाश फैलाता है, वैसे ही हर व्यक्ति अपनी चेतना से समाज को प्रकाशित कर सकता है। इस वर्ष दिवाली को केवल "मनाना" नहीं, बल्कि "जीना" है-सफाई में वैज्ञानिकता, पूजा में आध्यात्मिकता और प्रेम में मानवता के साथ।

(veenavlogs@gmail.com)

आपकी बात



वीणा देवांगन

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

अभी बहुत बदनाम है, कितना स्वान समाज।
हर इतिहासी काल में, रहता उसका राज।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# दीपावली : जीवन का गहन संदेश देने वाला आध्यात्मिक उत्सव

भारत की सांस्कृतिक परंपराएँ केवल आडंबर या अनुष्ठान नहीं हैं, बल्कि जीवन दर्शन और आत्मिक उत्थान के सूत्र हैं। योगाचार्य महेश पाल बताते हैं कि इन्हीं में दीपावली सबसे प्रमुख पर्व है, जो केवल दीपों और मिठाइयों का त्योहार नहीं, बल्कि अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान और नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर यात्रा का प्रतीक है ।दीपावली केवल एक धार्मिक या सांस्कृतिक पर्व नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य, स्वच्छता और संतुलित जीवनशैली का संदेश देने वाला उत्सव है। जिस प्रकार हम इस दिन अपने घरों और आँगन को स्वच्छ कर उजाला फैलाते हैं, उसी प्रकार यह पर्व हमें अपने शरीर, मन और वातावरण को भी शुद्ध व स्वस्थ रखने की प्रेरणा देता है ।दीपावली से पहले घरों की सफाई, वस्त्र धोना, पुराने सामान को हटाना यह सब केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक अभ्यास हैं। स्वच्छ वातावरण में संक्रमण और रोगों की संभावना कम होती है। मानसिक स्पष्टता और स्फूर्ति बढ़ती है। ऊर्जा का प्रवाह सकारात्मक रहता है दीपावली का सबसे बड़ा संदेश है अंधकार पर प्रकाश की विजय। यह अंधकार केवल बाहर का नहीं, बल्कि मन का अंधकार भी है। जब व्यक्ति अपने भीतर के नकारात्मक विचारों, भय और ईर्ष्या को त्याग देता है, तो मानसिक स्वास्थ्य में गहरा सुधार होता है। योग और ध्यान के अभ्यास से मन का दीप प्रज्वलित किया जा सकता है ध्यान से तनाव और चिंता कम होती है। प्राणायाम से मस्तिष्क में ऑक्सीजन प्रवाह बढ़ता है सकारात्मक विचार रोग प्रतिरोधक शक्ति को मजबूत करते हैं ।दीपावली के अवसर पर मिठाइयाँ, तली हुई वस्तुएँ और भारी भोजन प्रचलित हैं, परंतु इसका अर्थ यह नहीं कि हम संयम भूल जाएँ। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह पर्व हमें सिखाता है कि, भोजन आनंद का माध्यम हो, अत्यधिकता का नहीं। घर में बनी शुद्ध मिठाइयाँ और प्राकृतिक आहार को प्राथमिकता दें, अधिक तेल, चीनी और कृत्रिम रंगों से बनी वस्तुएँ शरीर को हानि पहुँचाती हैं। दीपावली अनेक धार्मिक घटनाओं से जुड़ी हुई है भगवान श्रीराम के वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटने पर दीप जलाकर स्वागत किया गया। भगवान वामन ने असुरराज बलि को पाताल भेजकर धर्म की स्थापना की। भगवान महावीर स्वामी ने इसी दिन निर्वाण प्राप्त किया। माता लक्ष्मी का पृथ्वी पर अवतरण भी इसी दिन हुआ माना जाता है। इन सभी घटनाओं में एक ही भाव निहित है — सत्य और धर्म की विजय, अधर्म और अंधकार का अंत दीपावली का वास्तविक अर्थ केवल बाहर दीप जलाना नहीं है, बल्कि अंतरात्मा के अंधकार को मिटाकर भीतर ज्योति प्रज्वलित करना है। जैसे दीपक में घी डालने पर वह प्रकाश देता है, वैसे ही मनुष्य जब अपने भीतर श्रद्धा, सत्य और करुणा का घी डालता है, तो उसका जीवन प्रकाशमय बन जाता है। वास्तव में, यह पर्व हमें सिखाता है कि सच्ची ज्योति बाहर नहीं, अपने भीतर ही जलानी होती है।

**दीपावली हमें जीवन जीने का एक गहरा संदेश देती है**

1. **थोड़ा सा प्रकाश भी अंधकार मिटा सकता है।**
2. **असत्य और अन्याय कभी स्थायी नहीं होते।**
3. **दान, करुणा और सहअस्तित्व ही सच्चे उत्सव का रूप हैं।**
4. **स्वच्छता केवल घर की नहीं, मन की भी आवश्यक है।**

जब हम अपने घर की सफाई करते हैं, तो यह हमें स्मरण कराता है कि हमें अपने मन और विचारों की भी सफाई करनी चाहिए। दीपावली सामाजिक एकता, सहयोग और सद्भाव का संदेश देती है। इस दिन दान-पुण्य, गरीबों की सहायता, और समाज में समानता का भाव हमें यह सिखाता है कि जब प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर का दीप जलाएगा, तब समूचा समाज आलोकित हो उठेगा।" दीपावली केवल व्यक्तिगत आनंद का नहीं, बल्कि साझा सुख और करुणा के प्रकाश का पर्व है। आज का समय भौतिकता और प्रतिस्पर्धा से भरा हुआ है। दीपावली का संदेश हमें याद दिलाता है कि, प्रकाश केवल घरों में नहीं, विचारों में भी होना चाहिए। खुशी केवल प्रदर्शन में नहीं, आत्मिक शांति में छिपी है ।फिजूलखर्ची से नहीं, संयम और सेवा से सच्चा उत्सव मनता है। दीपावली का वास्तविक अर्थ पटाखों का शोर नहीं, बल्कि अंतरात्मा की मौन शांति है। दीपावली हमें यह प्रेरणा देती है कि यदि जीवन में प्रकाश चाहिए, तो हमें स्वयं दीप बनना होगा। जब हर मनुष्य के भीतर करुणा, प्रेम, सत्य और विवेक की ज्योति प्रज्वलित होगी, तब ही संसार में सच्चा उजाला फैलेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

देश की बात



योगाचार्य महेश पाल

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### अमित शाह बिहार के रैली में लालू राज पर बोला हमला, नीतीश-मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, कहा-

# एनडीए की जीत के साथ बिहार में मनाई जाएगी चौथी दिवाली



- अमित शाह ने शुक्रवार को सारण जिले से भाजपा का चुनावी अभियान शुरू किया।
- शाह ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को 'जंगल राज' से मुक्त कराया।
- प्रधानमंत्री मोदी के 11 सालों को गरीबों के लिए "वरदान" बताया।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सारण ज़िले में भाजपा का चुनावी बिगुल फूंका। उन्होंने तरैया के निवर्तमान विधायक जनक सिंह और अमनौर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार कृष्ण कुमार मंटू के लिए प्रचार किया। तरैया में रैली को संबोधित करते हुए, अमित शाह ने बिहार के युवाओं को पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के जंगल राज की याद दिलाई और बताया कि कैसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 20 सालों में इससे मुक्ति पाई है।शाह ने कहा कि जब आप सारण से प्रचार शुरू करते हैं, तो हमें सिर्फ़ जीत ही दिखाई देती है। बिहार के युवाओं को लालू-राबड़ी के उस जंगल राज की याद दिलाने और उसके ख़िलाफ़ लड़ने का संकल्प दिलाने के लिए छपरा, सारण से बेहतर कोई जगह नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को जंगल राज से मुक्त कराया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 सालों में बिहार के विकास के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल गरीबों के लिए वरदान साबित हुए हैं।अमित शाह ने यह भी दोहराया कि एनडीए बिहार चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि बिहार के लोगों को इस साल चार दिवाली मनाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार बिहार के लोगों को चार दिवाली मनाने का मौका मिला है। पहली दिवाली भगवान राम के अयोध्या लौटने के अवसर पर है। दूसरी दिवाली अभी-अभी समाप्त हुई है। नीतीश जी और मोदी जी ने बिहार की महिलाओं को 10,000 रुपये दिए हैं। तीसरी दिवाली 395 उत्पादों पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत और 0 प्रतिशत कर दिया है। चौथी दिवाली तब मनाई जाएगी जब एनडीए सबसे बड़े बहुमत के साथ आएगा और लालू, राहुल और उनकी कंपनी का सफाया कर देगा।" ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बोलते हुए, अमित शाह ने कहा, "लालू प्रसाद और कांग्रेस के शासनकाल में आतंकवादी 'खून की होली' खेलते थे। मोदी जी ने ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिए आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मार गिराया।" बिहार चुनाव 2025 के लिए मतदान 6 और 11 नवंबर को होगा। नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। एनडीए ने आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए अपनी सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है।

## बिहार में एनडीए के पक्ष में बह रही है हवा : देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव में कूद पड़े और उन्होंने भाजपा उम्मीदवार और बेगूसराय के मौजूदा विधायक कुंदन कुमार के लिए प्रचार किया। एएनआई से बात करते हुए, देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हवा एनडीए के पक्ष में बह रही है। फडणवीस ने कहा, "चाहे बेगूसराय हो या पूरा बिहार, यहाँ हवा एनडीए के पक्ष में बह रही है। लोग एनडीए के साथ हैं। बिहार में प्रधानमंत्री मोदी के लिए हमेशा से अपार स्नेह रहा है और राज्य ने लगातार उन पर अपना दावा जताया है। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार एक बार फिर एनडीए के साथ है।" इससे पहले, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पुष्टि की कि एनडीए आगामी बिहार चुनावों में बड़ी जीत की ओर बढ़ रहा है। मौर्य ने एएनआई को बताया, "बिहार में एनडीए बहुत बड़ी जीत की ओर बढ़ रहा है। महागठबंधन चुनाव से पहले ही बिखर चुका है... एनडीए गठबंधन के सभी दल मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है।" जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन सिंह) ने भी अपने पिछले बयान पर ज़ोर देते हुए महागठबंधन को धोखेबाज़ों का गिरोह या ठगबंधन कहा। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ रही है। उन्होंने एएनआई से कहा कि मैंने पहले भी कहा है और मैं फिर से कह रहा हूँ कि कोई "महागठबंधन" नहीं है, बल्कि सिर्फ़ "ठगबंधन" है... अमित शाह ने बार-बार कहा है कि हम नीतीश कुमार की देखरेख और नेतृत्व में बिहार चुनाव लड़ रहे हैं... विपक्ष सिर्फ़ हमारी छवि को नकारात्मक रूप से पेश करने की कोशिश कर रहा है।

## तेजस्वी ही होंगे महागठबंधन के सीएम फेस : कांग्रेस



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नज़दीक आते ही, कांग्रेस सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव को महागठबंधन का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया है। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए, सिंह ने ज़ोर देकर कहा कि सीटों के बंटवारे पर बातचीत जारी है, लेकिन गठबंधन भाजपा-जद(यू) गठबंधन के खिलाफ एकजुट मोर्चा बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने कहा, "तेजस्वी यादव महागठबंधन का मुख्यमंत्री पद का चेहरा हैं। सीटों का बंटवारा हो रहा है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा।" अखिलेश सिंह के साथ, कटिहार से कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने भी तेजस्वी यादव को विपक्षी गठबंधन का मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने का समर्थन किया। अनवर ने कहा, "मुझे लगता है कि ऐसा करने में कोई बुराई नहीं है," और उन्होंने महागठबंधन और एनडीए दोनों से अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों को तुरंत स्पष्ट करने का आग्रह किया। विपक्ष ने तेजस्वी यादव पर सहमति जताई है, वहीं एनडीए ने दोहराया है कि बिहार चुनाव में मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही उसका चेहरा बने रहेंगे। मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की पुष्टि के बावजूद, गठबंधन को सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने गुरुवार देर रात 48 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की, लेकिन सहयोगियों के बीच मतभेद बने हुए हैं। अनवर ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी की नाराजगी को स्वीकार किया, जो कथित तौर पर प्रस्तावित सीट बंटवारे के फॉर्मूले से नाराज़ थे। अनवर ने कहा, "वह नाराज़ हैं।

## बिहार चुनाव :निर्वाचन आयोग ने प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों की बैठक बुलायी

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को प्रलोभन से बचाने की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए शुक्रवार को प्रवर्तन एजेंसियों और सुरक्षा बलों के प्रमुखों की समिति की बैठक बुलाई है। बिहार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) भी राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ बैठक में वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। आगामी बिहार चुनावों के दौरान प्रत्येक कानून प्रवर्तन एजेंसी द्वारा सक्रिय और निवारक कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह समिति उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा गुप्त व्यय को रोकने की




रणनीति पर चर्चा करेगी। अधिकारियों ने बताया कि इससे प्रभावी कार्रवाई के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच आर्थिक अपराधों की खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान और सहयोग को भी बेहतर बनाया जा सकेगा। अंतरराज्यीय सीमाओं और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के जरिए तस्करी के सामान, मादक पदार्थ, शराब और नकली मुद्रा सहित नकदी की आवाजाही को रोकने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। बिहार की अंतरराष्ट्रीय सीमा नेपाल से लगती है। बिहार में दो चरणों में छह और 11 नवंबर को चुनाव होंगे तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी।

## गुरुग्राम में पुलिस अधिकारी को कार के बोनट पर 70 मीटर तक घसीटा

- एसपीओ सतीश और कांस्टेबल श्याम दोनों घायल हुए, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया
- आरोपी ग्रेटर नोएडा निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिनव चौधरी (34) के रूप में हुई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली से सटे गुरुग्राम के सुभाष चौक के पास बुधवार देर रात तेज रफ्तार कार द्वारा एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) को टक्कर मारने के बाद करीब 70 मीटर तक बोनट पर घसीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना में एसपीओ और एक कांस्टेबल को चोटें आईं और उन्हें निकटवर्ती अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामले में ग्रेटर नोएडा निवासी और पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिनव चौधरी (34) को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में सदर थाने में प्रथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस के अनुसार, यह घटना बुधवार- बृहस्पतिवार दरमियानी रात लगभग 1:00 बजे घटी, जब कांस्टेबल श्याम और एसपीओ सतीश सदर पुलिस थाने के अंतर्गत संचालित गश्ती इकाई 'राइडर 17' के हिस्से के रूप में ड्यूटी पर थे। दोनों अधिकारी सीएनजी पंप के पास वाहनों की जांच कर रहे थे, तभी यदुवंशी स्कूल के पास एक वर्ना कार उनकी मोटरसाइकिल से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि टक्कर के बाद कांस्टेबल श्याम सड़क किराने झाड़ियों में जा गिरे, जबकि एसपीओ सतीश कार की विंडशील्ड पर जा गिरे। पुलिस ने बताया कि सतीश के बोनट पर लटके होने के बावजूद चालक ने वाहन नहीं रोका।

आरोपी ने कार करीब 70 मीटर दूर तब रोकी जब उसने पुलिस के वाहन को नजदीक आता देखा। पुलिस ने बताया कि चौधरी को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया गया।

### गुजरात में बड़ा मंत्रिमंडल फेरबदल

## हर्ष सांघवी ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली

**एजेंसी। गुजरात**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता हर्ष सांघवी ने शुक्रवार को गुजरात के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इससे एक दिन पहले ही राज्य के सभी 16 मंत्रियों ने कैबिनेट फेरबदल के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को छोड़कर इस्तीफा दे दिया था। सांघवी, जिन्होंने 2022 के गुजरात विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार पीवीएस सरमा को 1,16,675 मतों से हराकर माजुरा निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी, ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत की उपस्थिति में गांधीनगर स्थित राजभवन में आयोजित एक समारोह में गुजरात के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। गुजरात की भाजपा सरकार ने शुक्रवार को 26 सदस्यीय नए मंत्रिमंडल का गठन किया, जिसमें राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने उपमुख्यमंत्री और क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा जडेजा ने मंत्री पद की शपथ ली। 2022 के विधानसभा चुनावों में आप उम्मीदवार को एक लाख से ज़्यादा मतों से हराकर भारी जीत हासिल करने वाले संघवी ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत की उपस्थिति में गांधीनगर स्थित राजभवन में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नए मंत्रिमंडल में कई जाने-पहचाने चेहरे शामिल हैं, जिनमें छह मंत्री वापस आए हैं: ऋषिकेश पटेल, कनुभाई देसाई, कुंवरजी बावलिया, प्रफुल्ल पंसेरिया, पुरुषोत्तम सोलंकी और स्वयं संघवी। चार मंत्री जिन्होंने अपने विभाग बरकरार रखे हैं - ऋषिकेश पटेल, कनुभाई देसाई, कुंवरजी बावलिया और पुरुषोत्तम सोलंकी (राज्य मंत्री) - ने दोबारा शपथ नहीं ली क्योंकि उनके पद अपरिवर्तित हैं।

## जडेजा की पत्नी का राजनीतिक उदय गुजरात मंत्रिमंडल में मिली जगह



**नई दिल्ली।** लोकप्रिय भारतीय क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा जडेजा ने शुक्रवार को गुजरात के नए मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली। जामनगर उत्तर से विधायक, वह मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाले 26 सदस्यीय नए मंत्रिमंडल का हिस्सा बन गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह गांधीनगर के महात्मा मंदिर में आयोजित हुआ।इस बड़े फेरबदल की पृष्ठभूमि में, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को छोड़कर गुजरात के सभी मंत्रियों ने गुरुवार को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। एक वरिष्ठ भाजपा नेता के अनुसार, यह कदम पटेल और पार्टी नेतृत्व को स्थानीय निकाय चुनावों और 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले 'रणनीतिक पुनर्गठन' की योजना बनाने के लिए पर्याप्त समय देने हेतु उठाया गया था। शपथ ग्रहण समारोह से पहले, शुक्रवार को पटेल ने राजभवन में राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मुलाकात की थी और नए मंत्रिमंडल के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के लिए औपचारिक रूप से अनुमति मांगी थी। गुजरात के राज्यपाल ने X पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा था, 'मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल जी ने आज राजभवन का दौरा किया और शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने गुजरात मंत्रिमंडल की वर्तमान स्थिति से अवगत हुए और नए मंत्रिमंडल के सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने की अनुमति मांगी।'

## चलती बस में लगी आग, यात्री बाल-बाल बचे

**नई दिल्ली।** गौतमबुद्ध नगर जिले के दनकौर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर बृहस्पतिवार रात एक चलती लग्जरी बस में आग लग गई। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि निजी बस पंजाब के लुधियाना से आगरा जा रही थी और उसमें करीब 50 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा कि बस जब यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते ग्रेटर नोएडा से गुजर रही थी, तभी उसकी छत पर रखे सामान में भीषण आग लग गई। प्रवक्ता ने बताया कि चालक ने आग का पता चलते ही बस रोक दी और यात्री बाहर आ गए। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांच के मुताबिक, दिवाली से पहले की जा रही आतिशबाजी की वजह से चिंगारी चलती बस की छत पर गिरी जिसके कारण आग लग गई।

## उप्र: कार खाई में गिरने से दो सगे भाइयों की मौत, तीन घायल

**नई दिल्ली।** पीलीभीत जिले के गजरौला कलां क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात एक कार के अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने से उस पर सवार दो सगे भाइयों की मौके पर मौत हो गई तथा तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार को यहां बताया कि बृहस्पतिवार की रात गजरौला कलां थाना क्षेत्र के पटपुर गांव के पास एक कार अचानक बेकाबू होकर खाई में जा गिरी। उसने बताया कि इस हादसे में कार सवार शिवकुमार (32) एवं उसके भाई रूपलाल (50) की मौत हो गई और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उसने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि कार सवार सभी लोग जमुनिया से अपने गांव अजीतपुर पटपुरा लौट रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## दो से अधिक बच्चे वालों को चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहराने वाला नियम हटाने का फैसला

**तेलंगाना।** तेलंगाना मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को सैद्धांतिक रूप से दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने वाले नियम को हटाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया से राजस्व मंत्री पी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार ने कांग्रेस सरकार के दो साल पूरे होने के अवसर पर एक से नौ दिसंबर तक राज्य में प्रजा पालन-प्रजा विजयोत्सवम समारोह आयोजित करने का फैसला किया है। मंत्री ने कहा, मंत्रिमंडल ने स्थानीय निकाय चुनावों में दो से अधिक बच्चों वाले उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने पर लगे प्रतिबंध को हटाने पर पुनर्विचार किया। ऐसे समय में जब जनसंख्या नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू किया जा रहा है तो संबंधित प्रतिबंध को लागू करने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार की राय मंत्रिमंडल की बैठक में व्यक्त की गई। इसलिए, तदनुसार, मंत्रिमंडल ने सैद्धांतिक रूप से प्रतिबंध हटाने पर सहमति व्यक्त की।

## जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर दीवार ढहने से कश्मीर की लाइफलाइन ठप

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा दीवार का एक हिस्सा ढह गया, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दीवार का लगभग 40 मीटर हिस्सा और उससे सटी सावनी पंचायत संपर्क सड़क बृहस्पतिवार रात को ढह गई। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना निदेशक शुभम यादव ने कहा कि पिछली दीवार का 40 मीटर हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, चार लेन वाले राजमार्ग का एक हिस्सा बंद कर दिया गया है। दीवार ढहने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। अधिकारी ने बताया कि प्रभावित मार्ग को जल्द से जल्द यातायात योग्य बनाने के लिए मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। यातायात को वर्तमान में एक ही रास्ते के माध्यम से नियंत्रित किया जा रहा है, जिससे इस हिस्से पर आवाजाही धीमी हो रही है। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में सावनी पंचायत संपर्क सड़क का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे संपर्क प्रभावित हुआ। एनएचएआई, जिला प्रशासन और यातायात विभाग के अधिकारी मौके पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## 22 अक्टूबर को सबरीमला का दर्शन करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 अक्टूबर को सबरीमला मंदिर के दर्शन करेंगी। वह केरल पुलिस के वाहन से पहाड़ी पर स्थित इस तीर्थस्थल तक जाएंगी। सबरीमला के विशेष आयुक्त ने केरल उच्च न्यायालय को यह जानकारी दी, जिसने बृहस्पतिवार को मंदिर में वीवीआईपी काफिले की आवाजाही की अनुमति दे दी। अदालत ने त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) को राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर भीड़ प्रबंधन की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। विशेष आयुक्त के अनुसार, केरल पुलिस के पांच चार-पहिया वाहन राष्ट्रपति के काफिले का हिस्सा होंगे, जिनके साथ एक एम्बुलेंस भी होगी। यह काफिला 4.5 किलोमीटर लंबे स्वामी अय्यप्पन मार्ग और सन्निधानम तक के पारंपरिक मार्ग पर जाएगा। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि व्यवस्थाएं वीवीआईपी सुरक्षा के लिए 'ब्लू बुक' प्रोटोकॉल के अनुरूप होनी चाहिए। पथनमथिट्टा के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा की तैयारियां की जा रही हैं। पारंपरिक रूप से श्रद्धालु पैदल या डोलियों (पालकी) में बैठकर मंदिर जाने के लिए चढ़ाई करते हैं। टीडीबी अधिकारियों ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति वी. वी. गिरि 1970 के दशक में सबरीमला आए थे और वह डोली में सवार होकर मंदिर पहुंचे थे। टीडीबी के एक अधिकारी ने बताया कि आपातकालीन स्थितियों और मंदिर तक सामान पहुंचाने के लिए टीडीबी और वन विभाग द्वारा एम्बुलेंस और ट्रैक्टर उपलब्ध हैं। राष्ट्रपति मुर्मू चार दिवसीय दौरे के तहत 21 अक्टूबर को केरल पहुंचेंगी।

## अदालतों को नियमित रूप से सीबीआई जांच का आदेश नहीं देना चाहिए : उच्चतम न्यायालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि संवैधानिक अदालतों द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच का आदेश नियमित रूप से नहीं दिया जाना चाहिए, बल्कि इस संबंध में शक्तियों का इस्तेमाल संयमित एवं सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें उत्तर प्रदेश विधान परिषद के कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने का निर्देश दिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीबीआई को जांच का निर्देश देने के लिए निहित शक्तियों का प्रयोग संयमपूर्वक, सावधानीपूर्वक और केवल असाधारण स्थितियों में ही किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, ''इस अदालत ने लगातार यह चेतावनी दी है कि सीबीआई जांच का आदेश सामान्य रूप से या केवल इसलिए नहीं दिया जा सकता कि किसी पक्ष ने राज्य पुलिस पर संदेह व्यक्त किया हो या उसके प्रति अविश्वास जताया हो।' उसने कहा, ''संबंधित अदालत को यह संतुष्टि होनी चाहिए कि प्रस्तुत सामग्री से प्रथम दृष्टया अपराध का संकेत मिलता है और निष्पक्ष व निष्कलंक जांच सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई जांच आवश्यक है या फिर मामला इतना जटिल, व्यापक या राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव डालने वाला है कि केंद्रीय एजेंसी की विशेषज्ञता जरूरी हो जाती है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सीबीआई जांच का आदेश अंतिम उपाय के रूप में देखा जाना चाहिए और ऐसा तभी उचित है जब संवैधानिक न्यायालय को यह विश्वास हो जाए कि जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता या शुचिता पर गंभीर आंच आई है।न्यायालय ने यह भी कहा कि संवैधानिक अदालतों को इतना न्यायिक संयम अवश्य बरतना चाहिए।

### 'डिजिटल अरेस्ट' उच्चतम न्यायालय ने देश में 'डिजिटल अरेस्ट' की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई

# डिजिटल अरेस्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई गंभीर चिंता

- कोर्ट ने पूरे देश में ऐसे मामलों की जांच और समन्वित कार्रवाई की जरूरत बताई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



### फर्जी आदेश से ठगे गए बुजुर्ग दंपति

अटॉर्नी जनरल से सहायता मांगी और हरियाणा सरकार तथा अंबाला साइबर अपराध विभाग को बुजुर्ग दंपति के मामले में अब तक की गई जांच पर एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। यह मामला शिकायतकर्ता महिला द्वारा अदालत के संज्ञान में लाया गया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि घोटालेबाजों ने 3 से 16 सितंबर के बीच दंपति की गिरफ्तारी और निगरानी की बात करने वाला स्टाम्प और मुहर लगा एक जाली अदालती आदेश पेश किया और कई बैंक लेनदेन के माध्यम से एक करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की।

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के अंबाला में अदालत और जांच एजेंसियों के फर्जी आदेशों के आधार पर एक बुजुर्ग दंपति को 'डिजिटल अरेस्ट' कर उनसे 1.05 करोड़ रुपये की उगाही की घटना को शुक्रवार को गंभीरता से लिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने देश भर में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई और 73 वर्षीय महिला द्वारा भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई को लिखे पत्र पर स्वतः संज्ञान लेते हुए दर्ज किए गए मामले में केंद्र और सीबीआई से जवाब मांगा। पीठ ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों सहित निर्दोष लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने के लिए उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय के आदेशों और न्यायाधीशों के हस्ताक्षरों की जालसाजी करना न्यायिक संस्थाओं में लोगों के विश्वास और आस्था पर कुठाराघात है।'डिजिटल अरेस्ट' ऑनलाइन धोखाधड़ी है, जिसमें जालसाज खुद को फर्जी तरीके से किसी सरकारी एजेंसी या पुलिस का अधिकारी बताकर लोगों पर कानून तोड़ने का आरोप लगाते हुए उन्हें धमकाते हैं और गलत तरह से धन वसूली की कोशिश करते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, ''न्यायाधीशों के जाली हस्ताक्षरों वाले न्यायिक आदेश तैयार करना, कानून के शासन के अलावा न्यायिक व्यवस्था में जनता के विश्वास की नींव पर कुठाराघात करता है। इस तरह की कार्रवाई संस्था की गरिमा पर सीधा हमला है।''पीठ ने कहा कि इस तरह के गंभीर आपराधिक कृत्य को धोखाधड़ी या साइबर अपराध के सामान्य या एकल अपराध के रूप में नहीं माना जा सकता। पीठ ने कहा, ''हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान लेने के लिए भी इच्छुक हैं कि यह मामला एकमात्र मामला नहीं है। मीडिया में कई बार ये खबरें आई हैं कि देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे अपराध हुए हैं।

# अमेरिका में शटडाउन खत्म होने के आसार नहीं डोनाल्ड ट्रंप के उदासीन रुख से और बढ़ी मुश्किल

## रिपब्लिकन बातचीत से इनकार, डेमोक्रेट चाहते हैं स्वास्थ्य बीमा आश्वासन

### सैनिकों को वेतन जारी, अन्य कर्मचारियों की छंटनी और कानूनी चुनौतियां

एजेंसी । नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सरकार के शटडाउन को समाप्त करने के लिए समझौते की कोशिशों में कोई खास तत्परता नहीं दिखा रहे हैं। इस बीच डेमोक्रेटिक पार्टी का कहना है कि जब तक ट्रंप सीधे हस्तक्षेप नहीं करेंगे तब तक कोई समाधान संभव नहीं है। 3 सप्ताह से हालात जस के तस बने हुए हैं। कांग्रेस ठप है और सीनेट में भी कोई प्रगति नहीं हो रही। सदन में एक महीने से कोई सत्र आयोजित नहीं हुआ है और सांसद कोई प्रगति ना होने से हताश होकर वाशिंगटन से निकल गए हैं। रिपब्लिकन नेता तब तक बातचीत से इनकार कर रहे हैं जब तक अल्पकालिक वित्त पोषण विधेयक पारित नहीं होता, जबकि डेमोक्रेट स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी पर आश्वासन चाहते हैं। इस बीच राष्ट्रपति ट्रंप फिलहाल किनारे रहते हुए अन्य मुद्दों पर ध्यान दे रहे हैं, जैसे इजरायल-हमास संघर्ष विराम और रूस-यूक्रेन युद्ध।

वहीं माना जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन ने असामान्य तरीके से शटडाउन से निपटने की योजना बनाई है, जिसमें सैनिकों को वेतन देना जारी रखा गया है जबकि अन्य सरकारी कर्मचारियों की छंटनी की गई है। इन कदमों को लेकर अदालत में कानूनी चुनौतियां भी दी गई हैं।




### डोनाल्ड ट्रंप नहीं करेंगे पहल?

डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर और हकीम जेफ्रीज ने कहा कि रिपब्लिकन गंभीरता से बातचीत नहीं कर रहे, जबकि बर्नी सैंडर्स और एलेक्जेंड्रिया ओकासियो-कोर्टेज ने ट्रंप से सीधे दखल की मांग की है। बहरहाल, रिपब्लिकन नेतृत्व नहीं चाहता कि ट्रंप हस्तक्षेप करें, ताकि डेमोक्रेट भविष्य में इसे उदाहरण ना बना लें। ट्रंप ने भी यही रुख अपनाया है और संकेत दिए हैं कि फिलहाल वह व्यक्तिगत रूप से कोई पहल नहीं करेंगे।

### कब शुरू हुआ था शटडाउन?

अमेरिका में शटडाउन एक अक्टूबर को तब शुरू हुआ था जब डेमोक्रटिक पार्टी के सदस्यों ने अल्पकालिक वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और मांग करते हुए कहा कि विधेयक में 'अफोर्डेबल केयर एक्ट' के तहत स्वास्थ्य बीमा के लिए संघीय रियायत का विस्तार शामिल किया जाए। फिलहाल, शटडाउन को लेकर अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता दिख रहा है।

## ट्रंप और जेलेंस्की की मुलाकात से पहले रूस ने यूक्रेन में किया हमला, छा गया घना अंधेरा

एजेंसी । नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। जंग के बीच रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों से हमला किया है। अधिकारियों ने रूस क ओर से किए गए घातक हमलों के बारे में जानकारी दी है। रूस ने यह हमला ऐसे समय पर किया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच बड़ी मुलाकात होने वाली है।

वहीं, माना जा रहा है कि वार्ता के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से और अधिक अमेरिकी वायु रक्षा प्रणाली की मांग करेंगे। खास बात यह है कि इस दौरान यूक्रेन अमेरिका से एवं लंबी दूरी की टॉमहॉक मिसाइल मांग सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप पहले ही इस बात के संकेत दे चुके हैं। इतना ह नहीं जेलेंस्की मॉस्को पर कड़े अंतरराष्ट्रीय आर्थिक प्रतिबंध भी चाहते हैं। यूक्रेन की राष्ट्रीय ऊर्जा संचालक कंपनी, यूक्रेनेर्गो ने बताया कि ड्रोन एवं मिसाइल हमलों के बाद 8 यूक्रेनी क्षेत्रों में बिजली काटनी पड़ी।



### क्या बोले जेलेंस्की?

रूस के हमलों को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने रातभर में यूक्रेन पर 300 से ज्यादा ड्रोन और 37 मिसाइलें दागीं। उन्होंने रूस पर क्लस्टर हथियारों का इस्तेमाल करने और ग्रिड की मरम्मत में लगे आपातकालीन कर्मचारियों एवं इंजीनियरों को निशाना बनाने के लिए एक ही लक्ष्य पर बार-बार हमले करने का आरोप लगाया। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर कहा, 'इस मौसम में, रूस हर दिन हमारे ऊर्जा ढांचे पर हमला कर रहे हैं।

## 5.6 तीव्रता के भूकंप से अफगानिस्तान में दहशत

### जम्मू-कश्मीर भी हिला, पिछली तबाही की यादें ताजा



**नई दिल्ली** । शुक्रवार को अफ़ग़ानिस्तान में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया और जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में भी झटके महसूस किए गए। शुक्रवार शाम लगभग 5.45 बजे अफ़ग़ानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा के पास 10 किलोमीटर की गहराई पर भूकंप का केंद्र था। हालांकि, किसी भी संपत्ति के नुकसान, घायल होने या हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है क्योंकि लोग पिछले महीने आए विनाशकारी भूकंप की बुरी यादें अभी भी लोगों के ज़ेहन में ताज़ा होने के कारण डर के साये में जी रहे हैं। 4 सितम्बर को दक्षिण-पूर्वी अफगानिस्तान में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया, जो चार दिनों के अंतराल में उसी क्षेत्र में आया तीसरा भूकंप था, जब देश में वर्षों में आए सबसे घातक भूकंपों में से एक में 2,200 से अधिक लोग मारे गए थे। पिछले महीने आए विनाशकारी भूकंप में, पूरे के पूरे गाँव जमींदोज हो गए, और लोग मिट्टी की ईंटों और लकड़ी से बने घरों के मलबे में फँस गए, जो झटके झेलने में असमर्थ थे। अफ़ग़ानिस्तान भूकंप और झटकों के लिए अतिसंवेदनशील है क्योंकि यह दुनिया के सबसे सक्रिय भूकंपीय क्षेत्रों में से एक में स्थित है, जहाँ भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटें आपस में टकराती हैं। यह अत्यधिक भूगर्भीय दबाव भूपर्पटी को तोड़कर उसमें दरार डाल देता है, जबकि हिंदू कुश पर्वतों में, यह स्थलमंडल के कुछ हिस्सों को मेंटल में गहराई तक धकेल देता है।

## संयुक्त राष्ट्र ने मेडागास्कर में सैन्य तख्तापलट की निंदा की



**नई दिल्ली** । संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने मेडागास्कर में सैन्य तख्तापलट की बृहस्पतिवार को निंदा की। देश में तख्तापलट का नेतृत्व करने वाले सेना के कर्नल को सैनिकों द्वारा सत्ता संभालने की घोषणा किए जाने के तीन दिन बाद शुक्रवार को राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, ''उन्होंने मेडागास्कर में सरकार के असंवैधानिक परिवर्तन की निंदा की और संवैधानिक व्यवस्था एवं कानून के शासन की वापसी का आह्वान किया। कर्नल माइकल रैंड्रियनिरिना द्वारा हस्ताक्षरित एक बयान के अनुसार, शुक्रवार को उच्च संवैधानिक न्यायालय में आयोजित एक समारोह में उन्हें मेडागास्कर के नेता के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। कर्नल रैंड्रियनिरिना ने ''पुनर्स्थापित'' मेडागास्कर गणराज्य के राष्ट्रपति के रूप में बयान पर हस्ताक्षर किए। सैन्य विद्रोह के बाद अपदस्थ राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना अपनी जान को खतरा बताकर देश से भाग गए। अभी यह पता नहीं है कि वह कहां हैं। मेडागास्कर को अफ्रीकी संघ से निलंबित कर दिया गया है। उसने कहा है कि वह इस अधिग्रहण को ''पूरी तरह से अस्वीकार'' करता है।

## भारत-जर्मनी संबंधों को और बढ़ावा देने की अपार संभावनाएंः राजदूत एकरमैन

**नई दिल्ली** । जर्मनी और भारत के बीच संबंधों की सराहना करते हुए भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने शुक्रवार को कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। एकरमैन ने कहा, "भारत-जर्मनी संबंधों के बारे में, मैं कहूंगा कि वे बहुत अच्छी तरह से विकसित हैं, लेकिन अभी भी बहुत संभावनाएं हैं और हम दिल्ली और बर्लिन में सरकार के साथ मिलकर इसे और मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।" एकरमैन ने 2047 तक भारत के विकसित भारत के लक्ष्य के लिए जर्मनी का समर्थन भी व्यक्त किया और इसे भारत सरकार का एक "अच्छा दृष्टिकोण" बताया। उन्होंने कहा, "यह एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है और यह एक ऐसा लक्ष्य है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं और हम, जर्मनी, इस लक्ष्य तक पहुंचने में भारत की हर संभव मदद करने की कोशिश करेंगे। यह सरकार का एक बहुत ही अच्छा दृष्टिकोण है और हम जहां भी संभव हो, इसका समर्थन करने में प्रसन्न हैं।" विकसित भारत 2047 पहल का लक्ष्य 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

## पीएम मोदी पर टिप्पणी को लेकर अमेरिकी सिंगर ने लगाई राहुल गांधी की क्लास, कहा- आप गलत हैं



एजेंसी । नई दिल्ली

अमेरिकी सिंगर मैरी मिलबेन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जमकर फटकार लगाई है। मिलबेन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से नहीं डरते हैं। पीएम मोदी दूरगामी सोच को समझते हैं। मिलबेन ने राहुल गांधी के उस बयान पर टिप्पणी की है जिसमें उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी ट्रंप से डरते हैं और बार-बार उपेक्षा के बावजूद उन्हें बधाई देते हैं। मैरी मिलबेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स'पर पोस्ट करते कहा, ''आप गलत हैं राहुल गांधी, पीएम मोदी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से नहीं डरते हैं। प्रधानमंत्री मोदी दीर्घकालिक रणनीति को समझते हैं और अमेरिका के साथ उनकी कूटनीति रणनीति है। जिस तरह से डोनाल्ड ट्रंप हमेशा अमेरिका के हितों को सर्वोपरि रखते हैं, उसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वही कर रहे जो भारत के लिए सबसे अच्छा होगा और मैं इसकी सराहना करती हूं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मिस्र के विदेश मंत्री से की मुलाकात पश्चिम एशिया में शांति पर भारत-मिस्र की अहम पहल

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. बद्र अब्देलती से मुलाकात की और कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध लगातार मज़बूत हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी को "एक मित्र" बताया और गाजा शांति समझौते में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उनकी गहरी सराहना की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. बद्र अब्देलती का स्वागत करके प्रसन्नता हुई। गाजा शांति समझौते में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए अपने मित्र, राष्ट्रपति सीसी के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। भारत-मिस्र रणनीतिक साझेदारी हमारे लोगों, हमारे साझा क्षेत्र और मानवता के लाभ के लिए लगातार मज़बूत होती जा रही है।



अब्देलट्टी दो दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। उन्होंने गुरुवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बातचीत की। उन्होंने जयशंकर के साथ भारत-मिस्र रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता की। इस वार्ता को "एक मील का पत्थर" बताते हुए, जयशंकर ने कहा कि इसने दोनों देशों को प्रगति की समीक्षा करने और भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए एक मंच प्रदान किया। उन्होंने कहा, "पहली भारत-मिस्र रणनीतिक वार्ता के लिए हमारी बैठक हमारे संबंधों में एक मील का पत्थर है। 2023 में हमारे संबंधों के रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित होने के बाद से, हमने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग में वृद्धि देखी है। चर्चा व्यापार, निवेश, रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल नवाचार में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही।

## पाक पीएम शहबाज का अफगान को अल्टीमेटम गेंद आपके पाले में, शर्तें मानो तो बात होगी

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को कहा कि अगर अफगानिस्तान दोनों पक्षों के बीच हालिया सीमा पार शत्रुता के बाद इस्लामाबाद की उचित शर्तों को पूरा करता है, तो पाकिस्तान बातचीत के लिए तैयार है। डॉन के अनुसार, पाकिस्तान और अफगानिस्तान सीमा पर हुए घातक संघर्षों के बाद बुधवार को एक अस्थायी युद्धविराम पर सहमत हुए, जिसके व्यापक संघर्ष में बदलने का खतरा था। विदेश कार्यालय ने कहा कि तालिबान द्वारा अनुरोधित और आपसी सहमति से किया गया यह युद्धविराम 15 अक्टूबर को स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे शुरू हुआ और 48 घंटे तक चलेगा। तनाव के नवीनतम दौर के बाद संघीय मंत्रिमंडल को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा, "कल हमने 48 घंटे के अस्थायी युद्धविराम का फैसला किया और यह संदेश भेज दिया गया है कि अगर वे बातचीत के जरिए हमारी उचित शर्तों को पूरा करना चाहते हैं, तो हम तैयार हैं।



कहानी फिल्म जगत की

## ज़ुबीन गर्ग की मौत मामले में सिंगापुर पुलिस ने 'गड़बड़ी' से किया इनकार

गायक ज़ुबीन गर्ग की असामयिक मृत्यु के लगभग एक महीने बाद, सिंगापुर पुलिस ने एक बयान में कहा है कि उन्हें अभी तक किसी गड़बड़ी का संदेह नहीं है और मामले की जाँच जारी है। पुलिस ने 52 वर्षीय 'या अली' गायक की मौत के बारे में फैली "अटकलें" और "गलत जानकारी" का हवाला दिया।



गायक की अचानक मृत्यु, जो उत्तर पूर्व भारत महोत्सव में प्रस्तुति देने के लिए सिंगापुर में एक नौका यात्रा के दौरान हुई, ने पूरे भारत और विशेष रूप से उनके गृहनगर असम में स्तब्ध कर दिया है। अब तक पाँच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें कार्यक्रम आयोजक श्यामकानु महंत, उनके प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा, चचेरे भाई और निलंबित एपीएस अधिकारी संदीपन गर्ग, और नंदेश्वर बोरा सहित दो पीएसओ शामिल हैं।

सिंगापुर पुलिस ने कहा कि मामले की जांच अब सिंगापुर के कोरोनर्स अधिनियम के अनुसार की जा रही है, और प्रारंभिक जाँच के आधार पर, किसी गड़बड़ी का संदेह नहीं है। एसपीएफ़ इस मामले की गहन और पेशेवर जाँच करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इसमें समय लगता है। हम संबंधित पक्षों से धैर्य और समझदारी की अपेक्षा करते हैं। इस बीच, हम जनता से आग्रह करते हैं कि वे अटकलें न लगाएँ और अपुष्ट जानकारी न फैलाएं," उनके बयान में आगे कहा गया। उन्होंने कहा कि जाँच पूरी होने पर, जिसमें तीन महीने लग सकते हैं, निष्कर्षों को सिंगापुर में राज्य कोरोनर को सौंपा जाएगा, जो तय करेंगे कि कोरोनर की जाँच - पुलिस निष्कर्षों की तथ्य-जाँच - की आवश्यकता है या नहीं। निष्कर्ष समाप्त होने के बाद सार्वजनिक किए जाएँगे।

असम पुलिस का विशेष जाँच दल (एसआईटी) और अपराध जाँच विभाग (सीआईडी) गायक ज़ुबीन गर्ग की मृत्यु के मामले में कथित आरोपी शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत में पेश किया। प्रसिद्ध गायक ज़ुबीन गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में कथित तौर पर तैराकी करते समय मृत्यु हो गई, जो पूर्वोत्तर भारत महोत्सव में उनके प्रदर्शन से एक दिन पहले निर्धारित था। चल रही जाँच के सिलसिले में, एसआईटी/सीआईडी टीम गुवाहाटी स्थित सीआईडी कार्यालय से दो कथित आरोपियों को लेकर आई है। वीडियो में शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस वैन में प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं।



## झारखंड के पहले टाइगर सफारी प्रोजेक्ट की तैयारी

# सीएम हेमंत ने प्रस्तावित टाइगर सफारी प्रोजेक्ट का देखा प्रेजेंटेशन

**नवीन मेल संवाददाता**



● मुख्यमंत्री ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट को लेकर अधिकारियों को दिए अहम दिशा-निर्देश

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लातेहार जिला में प्रस्तावित टाइगर सफारी प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन देखा। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष अधिकारियों ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट से संबंधित विस्तृत जानकारी रखी। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि यह प्रोजेक्ट झारखंड का पहला टाइगर सफारी प्रोजेक्ट होगा। लातेहार जिला के पुटूवागढ़ क्षेत्र में इसका निर्माण किया जाना प्रस्तावित है जो पलामू टाइगर रिजर्व से बाहर का क्षेत्र है। इस निमित्त विभाग द्वारा भूमि चिन्हित कर ली गई है। टाइगर सफारी प्रोजेक्ट बेतला नेशनल पार्क के नजदीक क्षेत्र में बनाए जाने की योजना है। टाइगर सफारी प्रोजेक्ट बनने से डाल्टनगंज, बरवाडीह, मंडल डैम क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों को आजीविका का बेहतर साधन मिलेगा। मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी कि इस प्रोजेक्ट के बनने से पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) क्षेत्र के इको टूरिज्म सर्किट, जो नेतरहाट-बेतला-केचकी से लेकर मंडल डैम तक विस्तारित है, इसके विकास में यह प्रोजेक्ट एक महत्वपूर्ण कड़ी बनेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अधिकारियों ने अवगत कराया कि टाइगर सफारी परियोजना की स्थापना निर्धारित सभी मानकों का अनुपालन करते हुए की जाएगी। टाइगर सफारी बनने से इस क्षेत्र के समुचित विकास की पूरी संभावना है। इस योजना के विस्तार से टूरिज्म क्षेत्र में पर्यटकों के लिए बाघों और अन्य वन्यजीवों को करीब से देखने का एक आकर्षक और नया मौका होगा। यह झारखंड का पहला टाइगर सफारी होगा, जिसका उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी ली तथा अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वाइल्डलाइफ परितोष उपाध्याय, पलामू टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर एसआर नाटेश, उप निदेशक पलामू टाइगर रिजर्व प्रजेश जेना, कंसल्टेंट अशफाक अहमद सहित अन्य मौजूद थे।

## एसएसपी ने अवैध वसूली करने वाले पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को किया सस्पेंड



**रांची।** एसएसपी राकेश रंजन ने अवैध वसूली करने वाले तीन पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को सस्पेंड कर दिया। शुक्रवार को एसएसपी ने कार्रवाई करते हुए लोअर बाजार थाना के एक एएसआई एक हवलदार और एक सिपाही को सस्पेंड कर दिया। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों इन पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के द्वारा अवैध वसूली करने का मामला सामने आया था। जिसके बाद एसएसपी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की है। एसएसपी ने जिले भर के पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि इस तरह की अवैध गतिविधि में जो भी पुलिसकर्मी और पदाधिकारी शामिल पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**

**जिला गव्य विकास कार्यालय, चतरा**

**"पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना"**

चतरा जिला के इच्छुक ग्रामीण किसान/पशुपालक दुग्ध उत्पादक को सूचित किया जाता है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(गव्य प्रभाग) झारखण्ड सरकार राँची के राज्यादेश संख्या – 05 रा0 दिनांक 16.06.2025 के आलोक में प्रशिक्षण योजनाओं का क्रियान्वयन प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा राँची एवं जिला गव्य विकास कार्यालय,चतरा द्वारा आयोजित किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

(क) वित्तीय वर्ष 2025–26 में IGNOU के माध्यम से संचालित DIPLOMA IN DAIRY TECHNOLOGY (एक वर्षीय पाठ्यक्रम)।

DDT हेतु अभ्यार्थियों की योग्यता –कम से कम 10+2 उत्तीर्ण हो।

(ख) वित्तीय वर्ष 2025–26 में IGNOU के माध्यम से संचालित AWARENESS PROGRAMME ON DAIRY FARMING आधारित प्रशिक्षण।

(APDF) योजना के लिए प्रशिक्षणार्थी की योग्यता –मैट्रिक उतीर्ण हो एवं पशुपालकों के पास कम से कम 05 दुधारू मवेशी वर्तमान में उपलब्ध हो।

उपरोक्त वर्णित प्रशिक्षण के लिए जिला अन्तर्गत इच्छूक युवा शिक्षित बेरोजगार एवं प्रगतिशील डेयरी कृषक अपना अभ्यावेदन दिनांक 24.10.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में जिला गव्य विकास कार्यालय,चतरा में जमा करें।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
चतरा।

PR 364421 Animal Husbandry(25-26)D


## अवसरवादी चेहरे ही भाजपा की पहली पसंद : डॉ. तनुज खत्री



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की पीठ पर खंजर घोपने वाले व्यक्ति को भाजपा ने घाटशिला उपचुनाव में प्रत्याशी बनाकर यह साबित कर दिया है कि भाजपा के पास झारखंड में अपने सशक्त और प्रतिबद्ध नेता नहीं बचे हैं। दूसरे दलों से आए अवसरवादी चेहरे ही भाजपा की पहली पसंद बन चुके हैं। डॉ. तनुज ने कहा कि जब भाजपा ने झूठे आरोपों में झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में बंद रखा था, उस कठिन समय में हेमंत सोरेन ने जिस व्यक्ति पर सबसे अधिक भरोसा जताया और जिन्हें मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी, वही व्यक्ति आज भाजपा की गोद में जाकर बैठ गया। यह न केवल व्यक्तिगत विश्वासघात है, बल्कि झारखंड की अस्मिता और जनादेश के साथ भी धोखा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की राजनीति में सभी दलों की अपनी विचारधारा और परंपरा है, लेकिन भाजपा की पहचान अब सिद्धांत आधारित राजनीति से हटकर विश्वासघात और अवसरवाद की राजनीति बन चुकी है। भाजपा झारखंड की जनभावनाओं के बजाय दल-बदलू संस्कृति और सत्तालोलुप चेहरों के सहारे आगे बढ़ना चाहती है।

## एनएमसी ने जारी की नई एमबीबीएस सीट मैट्रिक्स

**रांची।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने 16 अक्टूबर 2025 को देशभर के मेडिकल कॉलेजों के लिए नई एमबीबीएस सीट मैट्रिक्स जारी की है। यह संशोधित सूची मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड की अधिसूचना जारी की गई है। एनएमसी के पॉलिसी एंड कोऑर्डिनेशन डिवीजन के निदेशक राजीव शर्मा द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि यह अद्यतन सूची मौजूदा मेडिकल कॉलेजों की सीटों के नवीनीकरण और नए कॉलेजों या अतिरिक्त सीटों के अनुमोदन के बाद तैयार की गई है। एनएमसी ने सभी मेडिकल कॉलेजों के डीन, प्राचार्यों, अभिभावकों और नीट -यूजी 2025 के अभ्यर्थियों से इस नई जानकारी को संज्ञान में लेने का अनुरोध किया है।

## पृष्ठ एक के शेष

**टीएसपीसी के दो एरिया कमांडर ने...**

आईजी सुनील भास्कर ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों से समाज की मुख्यधारा में लौटकर राज्य के विकास में भागीदार बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति का उद्देश्य हिंसा छोड़कर सामाजिक सुधार लाना है। उन्होंने साफ कहा कि जो नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में नहीं आएंगे, उन्हें पुलिस की कार्रवाई झेलने के लिए तैयार रहना होगा। किसी भी हाल में नक्सलवाद को फिर सिर नहीं उठाने दिया जाएगा। चतरा सहित पूरे झारखंड में इन दिनों नक्सल विरोधी अभियान तेज है। हाल के महीनों में कई क्षेत्रों में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है, जिसके बाद सक्रिय नक्सली लगातार आत्मसमर्पण कर रहे हैं। यह पुलिस के सशक्त और संवेदनशील अभियान का ही परिणाम माना जा रहा है।

**हुसैनाबाद पुलिस ने छह करोड़ के बैंक घोटाले...**

पर प्रश्न भी खड़े किए हैं, इसलिए प्रशासन और बैंक प्रबंधन को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। इस खुलाशे से लोगों में पुलिस और न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ा है, लेकिन साथ ही बैंकिंग व्यवस्था में पारदर्शिता और नियंत्रण की आवश्यकता भी स्पष्ट हुई है।

**रामगढ़ में गार्ड ने अपने ही...**

गुरुवार (16 अक्टूबर) को दोपहर में मारपीट हुई थी। इसका बदला लेने के लिए शंकर महतो ने सुनील सिंह की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पुलिस के समक्ष शंकर महतो ने कहा कि दोपहर में सुनील सिंह और उसके बीच गाली गलौज और मारपीट हुई थी। इस क्रम में सुनील सिंह ने उसकी पिटाई की थी। इस कारण वह काफी गुस्से में था और उसी का बदला लेने के लिए उसने सुनील सिंह की हत्या कर दी।

**झामुमो के सोमेश व भाजपा के...**

तीन माह पहले उनके आकस्मिक निधन की वजह से यहां उपचुनाव कराया जा रहा है। हेमंत सोरेन सरकार (पार्ट-टू) के अब तक के करीब एक वर्ष के कार्यकाल में किसी सीट पर यह पहला उपचुनाव है। इसमें पक्ष-विपक्ष की साख दांव पर है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दिवंगत रामदास सोरेन के बड़े पुत्र सोमेश सोरेन को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने यहां एक बार फिर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को उतारा है। इस तरह यहां सियासी विरासत का रोचक संघर्ष देखने को मिल रहा है। झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के नामांकन के मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित आईएनडीआईए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पार्टी की ओर से घाटशिला के दाहीगोड़ा सर्कस मैदान में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के नामांकन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नामांकन के बाद भाजपा ने मऊभंडार मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया। दोनों दलों की जनसभाओं में भारी भीड़ दिखी। ऐसे में उपचुनाव का मुकाबला रोमांचक होने के संकेत मिल रहे हैं। घाटशिला विस सीट के उपचुनाव में मतदान 11 नवंबर 2025 को कराया जाएगा। मतगणना 14 नवंबर 2025 को होगी।

**हाईकोर्ट ने अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज...**

संक्षिप्त सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश दिया कि कनेक्शन बहाल किया जाए, बशर्ते 50,000 रुपए जमा किए जाएं। अधिवक्ता महेश तिवारी ने कहा कि अधिकतम 15,000 रुपए ही उचित थे, क्योंकि मासिक बिल 200 रुपए से कम था। जस्टिस ने प्रतिक्रिया में कहा, तिवारी जी, आप खड़े होकर कहते हैं कि याचिकाकर्ता विधवा है, गरीब है। ये कोई प्लीडिंग नहीं है। मैं खाली खोपड़ी के साथ नहीं बैठा हूं। खोपड़ी में कुछ है। सुनवाई समाप्त होने के बाद अधिवक्ता ने फिर जस्टिस को लक्षित करते हुए टिप्पणी की, जिस पर अन्य अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव किया। इस बीच लाइव स्ट्रीमिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और विषय चर्चा का केंद्र बन गया। शुक्रवार को चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान, जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय, जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस राजेश शंकर की पूर्ण पीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इस घटना को आपराधिक अवमानना मानते हुए इसे 'कोर्ट ऑन इट्स ओन मोशन बनाम महेश तिवारी' के रूप में सूचीबद्ध किया।

## रामरेखा महोत्सव के लिए सिमडेगा डीसी ने सीएम को दिया निमंत्रण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिमडेगा उपायुक्त कंचन सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर आगामी 4, 5 और 6 नवंबर को आयोजित होने वाले रामरेखा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर इसका शुभारंभ करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री से हुई भेंट के दौरान उपायुक्त ने बताया कि रामरेखा धाम, सिमडेगा जिले का एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाला स्थल है, जहां हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस महोत्सव को राज्य स्तर पर विशेष पहचान दिलाई जाए और उनकी उपस्थिति से आयोजन को नई ऊंचाई मिले। महोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी और आमजन की भागीदारी से जुड़े विविध आयोजन प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस पहल की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## विस स्थापना दिवस समारोह को लेकर अध्यक्ष ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा का 25वीं वर्षगांठ समारोह की तैयारियों को लेकर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। विधानसभा स्थापना दिवस समारोह दो सत्रों में सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित किए जाएंगे। देश एवं राज्य के अतिविशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित करने, उत्कृष्ट विधायक एवं उत्कृष्ट विधानसभा कर्मियों को सम्मानित करने तथा झारखंड से खेलकूद एवं शिक्षा जगत के विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करने के विषयों पर चर्चा हुई। अध्यक्ष ने आयोजन से संबंधित समितियों का गठन करने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का रूपरेखा तैयार करने का निर्देश प्रभारी सचिव झारखण्ड विधान सभा को दिया है। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि पिछले बार राज्य में चुनाव होने के कारण स्थापना दिवस समारोह का आयोजन नहीं हो पाया था। इस बार हम लोग झारखंड विधानसभा का पच्चीसवीं वर्षगांठ समारोह मनाने जा रहे हैं जो झारखंड वासियों के लिए एक बड़ा अवसर है।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 34/2025-26

पत्रांक– 760 लातेहार/दिनांक– 16.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दनदाहा मध्यम सिंचाई योजना का जिर्णोद्धार, प्रखंड–बरवाडीह, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राषि (लाख में) | 78.70 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 24.10.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 06.11.2025 5.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 364367 Water Resource (25-26)D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 36/2025-26

पत्रांक–762 लातेहार/दिनांक–16.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बंझाबहेर नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड–हेरहंज, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 46.98 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 24.10.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 06.11.2025 5.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 364369 Water Resource(25-26)#D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/ Latehar F2 - 33/2025-26

पत्रांक– 759 लातेहार/दिनांक– 16.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बोदे मध्यम सिंचाई योजना का जिर्णोद्धार, प्रखंड–बरवाडीह, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 69.524 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 24.10.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 06.11.2025 5.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 364366 Water Resource (25-26)_D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/Latehar F2-35/2025-26

पत्रांक–761 लातेहार/दिनांक–16.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कलकुली नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड–लातेहार,जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 50.073 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 24.10.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 06.11.2025 5.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.364368 Water Resource(25-26):D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/ Latehar F2 - 29/2025-26

पत्रांक– 755 लातेहार/दिनांक– 16.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सेडे नदी पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड–महुआड़ाड़ जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 64.83 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 24.10.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 06.11.2025 5.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 364361 Water Resource (25-26)_D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 32/2025-26

पत्रांक–758 लातेहार/दिनांक–16.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बरखेता मध्यम सिंचाई योजना का जिर्णोद्धार, प्रखंड–बरवाडीह, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 64.327 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 24.10.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 06.11.2025 5.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 364364 (Water Resource)25-26*D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 30/2025-26

पत्रांक– 756 लातेहार/दिनांक– 16.10.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | लाटो नदी नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड–महुआड़ाड़ जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 76.068 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 24.10.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 03.11.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 06.11.2025 5.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 364362 Water Resource (25-26)D



## हैरी केन में युवाओं जैसी भूख बरकरार : विंसेंट कोम्पनी

**म्यूनिख** । बायर्न म्यूनिख के मुख्य कोच विंसेंट कोम्पनी ने इस सीजन में हैरी केन के शानदार गोलों का श्रेय पूरी तरह उनकी मेहनत, समर्पण और लगन को दिया है। इंग्लैंड के कप्तान ने मंगलवार को लातविया पर थ्री लायंस की 5-0 की जीत में दो गोल दागे। इससे टीम 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर गई। हैरी केन ने हाल में कहा था कि उनके प्रदर्शन में सुधार का श्रेय विंसेंट कोम्पनी को जाता है। इसका जवाब देते हुए कोम्पनी ने कहा कि हैरी केन की प्रतिभा उनकी अपनी कार्यशैली और गोल करने की अथक भूख से उपजी है। उन्होंने खुद ही अगला स्तर हासिल कर लिया है। कोम्पनी ने कहा, "हैरी केन ने हमेशा ही ऐसा किया है। उनकी मानसिकता आगे बढ़ने की है। वह सालों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनमें वही भूख है जिसकी उम्मीद आप युवा खिलाड़ियों से करते हैं। अपनी पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकरों में से एक माने जाने वाले 32 वर्षीय खिलाड़ी ने कई व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल कीं, लेकिन टॉटेनहम हॉटस्पर और बायर्न के शुरुआती कार्यकाल के दौरान उन्हें कोई टीम ट्रॉफी नहीं मिली। पिछले सीजन में बुंडेसलीगा का खिताब जीतकर उन्होंने खिताब के सूखे को समाप्त किया। बेल्जियम के मैनेजर विंसेंट कोम्पनी उम्मीद करेंगे कि केन अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखेंगे जब बायर्न का सामना डॉर्टमुंड से होगा, जो चैंपियन से सिर्फ चार अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमें घरेलू और यूरोपीय प्रतियोगिताओं में अजेय रही हैं, और डॉर्टमुंड का डिफेंसिव रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है।

## सोशल मीडिया से दूर रहें खिलाड़ी : बांग्लादेशी कोच फिल



**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश क्रिकेट फैंस इस हार को पचा नहीं पा रहे हैं। वनडे सीरीज गंवाने के बाद ढाका एयरपोर्ट पहुंची बांग्लादेश क्रिकेट को फैंस के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। फैंस ने क्रिकेटर्स के साथ अपमानजनक व्यवहार किया। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और उनके परिवार को हवाई अड्डे पर प्रशंसकों द्वारा दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। इसके फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। घटना के बाद नईम ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी। नईम की प्रतिक्रिया के बाद बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कोच फिल सिमंस ने क्रिकेटरों को सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह दी। सिमंस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "मैं खिलाड़ियों के सोशल मीडिया से जुड़े होने से सहमत नहीं हूं। एक व्यक्ति के तौर पर सोशल मीडिया पर रहना और अपनी बात कहना आपका अधिकार है। लेकिन एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और बांग्लादेश के राष्ट्रीय खिलाड़ी होने के नाते, खिलाड़ियों को वहां नहीं होना चाहिए। हेड कोच ने विकेटकीपर-बल्लेबाज जाकिर अली के खिलाफ नस्लीय दुर्व्यवहार की भी निंदा की। उन्होंने कहा, "मैं एक बात कहूंगा, खिलाड़ियों से जुड़ी किसी भी चीज में नस्लीय लहजे लाना अच्छा नहीं है। मुझे परवाह नहीं कि आप कहां से हैं।




## वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंची टीम इंडिया

# 19 से भिड़ंत का आगाज

**एजेंसी । पर्थ**

भारतीय क्रिकेट टीम वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंच गई है। दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज होनी है। उसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज भी होगी। वनडे सीरीज की शुरुआत 19 अक्टूबर से होनी है। पहला मुकाबला पर्थ स्टेडियम में खेला जाएगा। इस सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा भी खेलते हुए नजर आएंगे। सीरीज शुरू होने से पहले सभी जानना चाहते हैं कि मैच की शुरुआत कितने बजे से होगी। इसके साथ ही मैच को लाइव कहां देखा जा सकता है।

### भारत और ऑस्ट्रेलिया के पहले वनडे का लाइव टेलीकास्ट कहां देखें?

भारत और ऑस्ट्रेलिया के पहले वनडे मैच का लाइव टेलीकास्ट स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।

**ऑस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), मार्नस लाबुशेन, मिचेल ओवेन, मैथ्यू रेनशॉ, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, जेवियर बार्टलेट, मिचेल स्टार्क, एडम जम्पा।

### शुभमन गिल... के पास पहली वनडे सीरीज में ही सुनहरा मौका

शुभमन गिल को अब बीसीसीआई ने वनडे क्रिकेट में भी टीम इंडिया की कप्तानी सौंपी है। इससे पहले गिल टी20 इंटरनेशनल और फिर टेस्ट में ये काम कर चुके हैं, लेकिन वनडे में उन्हें पहली बार ये काम मिला है। अब जब शुभमन गिल पहली बार वनडे में कप्तानी करने के लिए उतरेंगे तो उनके पास मौका होगा कि वे विराट कोहली की बराबरी कर लें। अब तक भारतीय कप्तान के तौर पर जो काम केवल विराट कोहली ने ही किया है, क्या वो काम गिल पहली ही वनडे सीरीज में कर पाएंगे, ये देखना दिलचस्प होगा।

### साल 1980 में खेली गई थी दोनों टीमों के बीच सीरीज

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का सिलसिला साल 1980 में ही शुरू हो गया था, लेकिन शुरुआत में ऐसा कम ही होता था कि टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाए। लेकिन बाद में जब भारतीय टीम मजबूत होती चली गई तो सीरीज ज्यादा होने लगीं। इस बीच आपको जानकर शायद ताज्जुब होगा कि अब तक जब भी भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज के लिए गई है तो केवल एक ही बार सीरीज पर क जा करने में कामयाब रही है। ये साल था 2019 और तब के कप्तान थे विराट कोहली। इससे पहले और इसके बाद से लेकर अब तक कभी ऐसा नहीं हुआ कि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया जाकर वनडे सीरीज अपने नाम की हो। साल 2019 की बात करें तो तब विराट कोहली भारतीय टीम के कप्तान हुआ करते थे।

## खुशी : 5वीं इंडियन ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सदानंद एवं रोशन को रजत पदक

### झारखंड की झोली में 02 रजत पदक





**नई दिल्ली/वारंगल।** तेलंगाना के हनुमकोंडा स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और तेलंगाना एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 5वीं इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। हजारीबाग के सदानंद कुमार ने 100 मीटर दौड़ में 10.56 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक हासिल किया, वहीं बोकारो भाटिया अकादमी के पूर्व प्रशिक्षु रोशन कुमार ने 20 किलोमीटर रेस वॉक में 1 घंटे 28 मिनट 13 सेकंड का समय दर्ज कर रजत पदक अपने नाम किया। राज्य के दोनों एथलीटों की इस उपलब्धि पर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर, झारखंड एथलेटिक्स संघ की प्लानिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ. मधुकांत पाठक, अध्यक्ष सी.डी. सिंह, सचिव एस.के. पांडे, प्रभाकर वर्मा, अजीत साहू सहित कई पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। कोच विनोद सिंह, आशु भाटिया, अरविंद कुमार, बिनोद कुमार, योगेश यादव और प्रभात तिवारी ने भी राज्य के एथलीटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गर्व जताया और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

## प्रो कबड्डी लीग, जिसने 'मिट्टी' से जुड़े खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान

**एजेंसी । नई दिल्ली**

साल 2014 में शुरू हुई प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने कबड्डी के देशी खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस खेल का समृद्ध इतिहास करीब 4 हजार साल का रहा है। भारत में इस खेल ने ग्रामीण लोगों के बीच अधिक लोकप्रियता बटोरी है। यही वजह रही कि आज भी इस खेल में गांव की मिट्टी से निकले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का परचम बुलंद कर रहे हैं। हालांकि, कुछ लोग इस खेल को अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु के चक्रव्यूह में प्रवेश करने से जोड़ते हैं, जिन्होंने चक्रव्यूह को जरूर भेदा, लेकिन उससे बाहर नहीं निकल सके। ठीक ऐसा ही होता है, जब एक रेडर विरोधी टीम के पाले में जाकर पकड़ा जाता है। बर्लिन ओलंपिक 1936 में कबड्डी को प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल किया गया था। साल 1951 में इसे एशियन गेम्स में प्रदर्शनी के तौर पर शामिल किया गया। आखिरकार, साल 1990 में एशियन गेम्स में इस खेल को स्थाई रूप से मेडल गेम के रूप में जगह मिली। आज के दौर में कबड्डी का खेल पूरी तरह से बदल गया है।

## प. सिंहभूम की बसंती सैफ एथलेटिक्स रांची के लिए भारतीय टीम में शामिल

### 10,000मी. में भारतीय टीम का करेंगी प्रतिनिधित्व

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची** । पर्यटन,कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग,झारखंड , रांची एवं ए.एफ.आई के तत्वाधान में आगामी 24 से 26 अक्टूबर तक बिरसा मुंडा स्टेडियम मोराबादी, रांची में आयोजित होने वाली सैफ एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए कुमार डुंगी, चाईबासा की अंतरराष्ट्रीय एथलीट बसंती कुमारी का चयन 10000 मीटर महिला दौड़ के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

इस उपलब्धि पर राज्य खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, सचिव श्री मनोज कुमार,खेल निदेशक श्री शेखर जमुआर, झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयरमेन डॉ मधुकांत पाठक, जे.ए.ए.अध्यक्ष सी डी सिंह, सचिव एस के पांडे, जिला खेल पदाधिकारी पश्चिमी सिंहभूम,प्रभाकर वर्मा ,ऊ अजय नायक, सिकंदर महतो समेत संघ के पदाधिकारियों ने राज्य के एथलीटों को बधाई दी।



## उत्तर-पूर्व में परियोजनाओं के लिए केंद्र की फंडिंग वित्त वर्ष 25 में 74 प्रतिशत बढ़कर 3,447 करोड़ हुई

- परियोजना निरीक्षण कवरेज 97 प्रतिशत और पूर्ण परियोजनाओं का संचालन 91 प्रतिशत हुआ।




**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 25 में केंद्र सरकार ने उत्तर-पूर्व रीजन में परियोजनाओं के लिए 3,447.71 करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जो कि सालाना आधार पर पिछले साल के मुकाबले 74.4 प्रतिशत अधिक है और बीते तीन वर्षों में इसमें 200 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह प्रदर्शन उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय के राजकोषीय अनुशासन, डिजिटल निगरानी और समय पर वितरण पर जोर के कारण संभव हुआ है। साप्ताहिक समीक्षा प्रणाली, चार किश्तों में धनराशि जारी करना और पूर्वोत्तर विकास सेतु पोर्टल के माध्यम से डिजिटल ट्रैकिंग ने पारदर्शिता और दक्षता लाई है, जिसके परिणामस्वरूप 97 प्रतिशत परियोजना निरीक्षण कवरेज और 91 प्रतिशत पूर्ण परियोजनाओं का संचालन हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "उत्तर-पूर्व क्षेत्र की दशकीय जीडीपी वृद्धि दर देश के औसत से अधिक रही है। उन्होंने उच्च साक्षरता दर और विशाल जनसांख्यिकीय लाभांश पर भी प्रकाश डाला, जहां 70 प्रतिशत जनसंख्या 28 वर्ष से कम आयु की है। ये सभी मिलकर इस क्षेत्र को सही मायने में भारत का विकास इंजन बनाते हैं। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, एक प्रमुख शासन सुधार के तहत, मंत्रालय ने पर्यटन, निवेश, हस्तशिल्प, कृषि, बुनियादी ढांचा, खेल, पूर्वोत्तर आर्थिक गलियारा और प्रोटीन आत्मनिर्भरता जैसे आठ क्षेत्रों में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्रीय उच्च-स्तरीय कार्यबलों को संस्थागत रूप दिया है। ये कार्यबल अंतर-राज्यीय सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं, नीतिगत तालमेल को सक्षम बनाते हुए यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि विकास के प्रयास राज्य तक सीमित होने के बजाय क्षेत्रीय रूप से एकीकृत हों। एक अंतर-मंत्रालयी सुविधा तंत्र के माध्यम से, उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय ने शिलांग हवाई अड्डे के विस्तार, सिक्किम में राष्ट्रीय राजमार्ग-10 के वैकल्पिक एलाइनमेंट और त्रिपुरा में कैलाशहर हवाई अड्डे के विकास सहित प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए अनुमोदन में तेजी लाई है, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी की रीढ़ मजबूत हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष के दौरान निवेश में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। मई 2025 में भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025 और संबंधित कार्यक्रमों में आठ मुख्यमंत्रियों, आठ केंद्रीय मंत्रियों, 100 से अधिक राजदूतों और 108 सार्वजनिक उपक्रमों ने भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप 4.48 लाख करोड़ रुपए मूल्य की निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए - जो इस क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## भारत अन्य देशों के साथ संतुलित, लाभकारी व्यापारिक साझेदारी की बातचीत कर रहा : पीयूष

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत में हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण बदलाव आया है और अब वह मजबूत स्थिति से बातचीत करता है, जो मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और अन्य व्यापारिक व्यवस्थाओं के प्रति भारत के दृष्टिकोण के संदर्भ में देश के बढ़ते आर्थिक आत्मविश्वास और वैश्विक कद को दर्शाता है। राष्ट्रीय राजधानी में एसोचैम के वार्षिक सम्मेलन और 105वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि देश अब मुख्य रूप से उन देशों के साथ जुड़ रहा है।

## सोने में तेजी का असर! भारत का गोल्ड रिजर्व बढ़कर पहली बार 100 अरब डॉलर के पार



**नई दिल्ली** । भारत का गोल्ड रिजर्व पहली बार बढ़कर 100 अरब डॉलर के पार निकल गया है। इसकी वजह सोने की कीमतों में तेजी आना है। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी किए गए डेटा में दी गई। आरबीआई के मुताबिक, 10 अक्टूबर को समाप्त हुए हफ्ते में देश का गोल्ड रिजर्व 3.595 अरब डॉलर बढ़कर 102.365 अरब डॉलर हो गया है। हालांकि, इस दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.18 अरब डॉलर गिरकर 697.784 अरब डॉलर हो गया है। विदेशी मुद्रा भंडार में गोल्ड रिजर्व की हिस्सेदारी बढ़कर 14.7 प्रतिशत हो गई है, जो कि कई दशकों का उच्चतम स्तर है।

## भारतीय शेयर बाजार दीपावली से पहले 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद

**एजेंसी । मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 484.53 अंक या 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,952.19 पर और निफ्टी 124.55 अंक या 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,709.85 पर था। सत्र के दौरान सेंसेक्स ने 84,099.53 और निफ्टी ने 25,781.50 का स्तर छुआ, जो कि 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर था। बाजार की तेजी का नेतृत्व एफएमसीजी शेयरों ने किया। निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स 1.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। निफ्टी ऑटो (0.66 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज (0.57 प्रतिशत), निफ्टी प्राइवेट बैंक (0.37 प्रतिशत) और निफ्टी इन्फ्रा (0.36 प्रतिशत) की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी आईटी (1.63 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (0.65 प्रतिशत), निफ्टी मेटल (0.85 प्रतिशत) और निफ्टी एनर्जी (0.21 प्रतिशत) की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स, एमएंडएम, भारती एयरटेल, आईटीसी, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और बीईएल टॉप गेनर्स थे। इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटरनल (जोमैटो), टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, पावर ग्रिड और एलएंडटी टॉप लूजर्स थे। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 338.90 अंक या 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,902.25 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 9.45 अंक या 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,122.40 पर था।

## वेदांता फाउंडर: भारत के सोने-हीरे के भंडार विकास में बड़ा योगदान देंगे



**एजेंसी । नई दिल्ली**

वेदांता ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत की उपस्थिति के बिना कुछ भी संभव नहीं है। उन्होंने कहा, "आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका यही है कि अपनी गैस, तांबा, चांदी का उत्पादन किया जाए। आप जिस भी चीज की बात करते हैं, वह 'जमीन के नीचे' है।" उन्होंने बताया कि वेदांता वर्तमान में देश की चांदी की आधी जरूरत को पूरी करता है। अग्रवाल ने कहा कि भारत को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि बड़ी कंपनियां एक लक्ष्य के साथ आगे आएं। वेदांता के संस्थापक ने भारत के युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में भी बात की। देश की युवा पीढ़ी की ऊर्जा और महत्वाकांक्षा के बारे में आशा व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, "हमारे युवाओं के लिए अवसर आए हैं और वे फल-फूल रहे हैं। भारतीय युवा आगे बढ़ रहे हैं और वे जो देश के बाहर जाकर करना चाहते थे अब देश में रह कर ही करेंगे। अग्रवाल ने भारत के बहुमूल्य संसाधनों के विशाल भंडार को लेकर भी बात की। उन्होंने देश की समृद्ध खनिज संपदा पर प्रकाश डालते हुए कहा, "दुनिया का सबसे अच्छा सोने का भंडार भारत में है।

## भारत का औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स रियल एस्टेट क्षेत्र 2025 के पहले 9 महीनों में 28% बढ़ा

**एजेंसी । नई दिल्ली**



औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स (आईएंडएल) रियल एस्टेट क्षेत्र द्वारा लीजिंग 2025 के पहले नौ महीनों में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़ी है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

वैश्विक वाणिज्यिक रियल एस्टेट और निवेश फर्म सीबीआरई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि समीक्षा अवधि के दौरान, शीर्ष आठ भारतीय शहरों - दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे, कोलकाता और अहमदाबाद - में कुल लीजिंग 37 मिलियन वर्ग फुट रही, जबकि पिछले साल यह 28.8 मिलियन वर्ग फुट थी। रिपोर्ट में कहा गया कि इस साल के पहले 9 महीनों के दौरान कुल लीजिंग गतिविधि में दिल्ली-एनसीआर की हिस्सेदारी सबसे अधिक 11.7 मिलियन वर्ग फुट रही, इसके बाद बेंगलुरु 5.7 मिलियन वर्ग फुट के साथ दूसरे और हैदराबाद 4.6 मिलियन वर्ग फुट के साथ तीसरे स्थान पर था।